
कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी सोमवार को संसद परिसर में 'फिलिस्तीन' लिखा हुआ बैग लेकर पहुंचीं।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 18 अंकः 346 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




### आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

### मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

## ममता इंडी गठबंधन की नेता बनने के लिए सबसे योग्यः अभिषेक बनर्जी

**नई दिल्लीः** तृणमूल सांसद अभिषेक बनर्जी ने सोमवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की इंडी गठबंधन के नेता के तौर पर दावेदारी का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि ममता सबसे वरिष्ठ नेता हैं एवं भाजपा और कांग्रेस दोनों को हराकर आगे बढ़ी हैं।

तृणमूल सांसद ने आज संसद परिसर में कहा कि ममता बनर्जी की दावेदारी पर इंडी एलायंस बैठक कर विचार करेगा।

# संसद में संविधान पर हुई तीखी बहस

- जो लोग देश की आजादी के लिए लड़े ही नहीं, उन्हें संविधान की अहमियत कैसे पता होगी : खरगे

**केंद्र को घेरा**

**▶▶ प्रधानमंत्री को देश को बताना चाहिए कि बीते 11 साल में उन्होंने संविधान को मजबूत करने के लिए क्या किया**


ल्लिकार्जुन खरगे, नेता प्रतिपक्ष

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को राज्यसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। खरगे ने इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी पर निजी हमले भी किए और कहा कि उन्होंने पिछले 11 साल में संविधान को मजबूत करने के लिए कुछ नहीं किया है। खरगे ने अपने भाषण के दौरान संघ पर भी कड़ा हमला किया।

**प्रधानमंत्री ने संविधान को मजबूत करने के लिए 11 वर्षों में कुछ नहीं किया**

खरगे ने कहा कि जो लोग देश की आजादी के लिए लड़े ही नहीं, उन्हें देश की आजादी और संविधान की अहमियत कैसे पता होगी प्रधानमंत्री हमें सिखा रहे हैं और कह रहे हैं कि हम झूठे हैं, लेकिन प्रधानमंत्री खुद एक नंबर के झूठे हैं। उन्होंने कहा था 15 लाख रुपये आएंगे, लेकिन नहीं आए। ये लोग देश को गुमराह कर रहे हैं। प्रधानमंत्री को देश को बताना चाहिए कि बीते 11 साल में उन्होंने संविधान को मजबूत करने के लिए क्या किया। खरगे ने सत्ता पक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि 'आप पंडित नेहरू के नाम पर सभी का अपमान कर रहे हैं। सरदार पटेल, आंबेडकर भी उनके साथ थे। पंडित नेहरू ने मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा था, जिसके बारे में प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में जिक्र किया, लेकिन प्रधानमंत्री ने तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पंडित नेहरू को बदनाम किया। इसके लिए उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए। हम इसकी मांग करते हैं।'

कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि 'भाजपा, आरक्षण विरोधी है और इसी वजह से वे जातीय जनगणना का विरोध कर रही है। प्रधानमंत्री को इस देश की आजादी की लड़ाई के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है।' खरगे ने देश के संविधान की तारीफ करते हुए कहा कि 'जब कई शक्तिशाली देशों में सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार नहीं था, महिलाओं को वोट देने का अधिकार नहीं था, उस समय भारत ने सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार दिया।

### प्रियंका के 'फिलिस्तीन' बैग पर राजनीति

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी सोमवार को संसद परिसर में 'फिलिस्तीन' लिखा हुआ बैग लेकर पहुंचीं। इस पर भारतीय जनता पार्टी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। पार्टी का कहना है कि गांधी परिवार हमेशा से कंधे पर तुष्टिकरण का बैग लिये घूम रहा है। कांग्रेस सांसद पहले भी फिलिस्तीन के गाजा में इजराइली बलों द्वारा की जा रही कार्रवाई का मुद्दा उठा चुकी है। बैग में वाटरमेलन का चित्र है, जो कि फिलीस्तीन एकजुटता का सिंबल बनकर उभरा है। कांग्रेस नेता शमा मोहम्मद ने एक्स पर एक तस्वीर साझा की और कहा कि प्रियंका गांधी ने एक विशेष बैग लेकर फिलिस्तीन के साथ अपनी एकजुटता दिखाई हैं। यह करुणा, न्याय और मानवता के प्रति प्रतिबद्धता का संकेत है।

## राजधानी में फिर लागू हुई ग्रैप 3 की पाबंदियां



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के स्तर में तेजी से वृद्धि हुई है। सोमवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 350 दर्ज किया गया जो कि बेहद खराब श्रेणी में आता है। इस गंभीर स्थिति से निपटने के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने ग्रेडेड रिस्पोंस एक्शन प्लान ( ग्रैप) -3 की पाबंदियों को लागू कर दिया है। इस निर्णय के तहत दिल्ली-एनसीआर में निर्माण कार्य, डीजल वाहनों को चलाना और अन्य प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों पर रोक लगा दी गई है। सोमवार को सीएक्यूएम ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि राजधानी में हवा की गति रुकने के और प्रदूषण के एक स्थान पर जमा रहने की स्थिति के साथ मौसम की स्थितियां बेहद प्रतिकूल हैं। इससे दिल्ली का एक्यूआई बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गया है।

## आप ने किया 'महिला अदालत' का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः निर्भया** कांड की बरसी पर आम आदमी पार्टी (आआपा) की ओर से 'महिला अदालत' का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्यमंत्री आतिशी, आआपा के संयोजक अरविंद केजरीवाल के साथ उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव शामिल हुए। दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत में अरविंद केजरीवाल, अखिलेश यादव, आतिशी और सांसद संजय सिंह ने निर्भया को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में दिल्ली की




महिलाओं पर बढ़ते अपराध पर भाजपा से जवाब मांगा और कहा कि आखिर केंद्रीय गृहमंत्री कब जिम्मेदारी लेंगे?

इस दौरान कई महिलाओं ने आपबीती सुनाई। अरविंद केजरीवाल ने इस कार्यक्रम में शामिल होकर महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण की इस नई पहल को

**भाजपा को घेरा**

**▶▶ दिल्ली की हर मां, बहन, बेटी की सुरक्षा और सम्मान हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है: केजरीवाल**

अपना समर्थन देने के लिए अखिलेश यादव का धन्यवाद करते हुए कहा कि मेरे लिए दिल्ली की महिलाएं मेरा परिवार हैं। दिल्ली की हर मां, बहन, बेटी की सुरक्षा और सम्मान हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

## कोचीन शिपयार्ड में शुरू हुआ अगली पीढ़ी के पहले मिसाइल पोत का निर्माण

**नई दिल्ली।** नौसेना के लिए अगली पीढ़ी के मिसाइल पोत (एनजीएमवी) के पहले जहाज का निर्माण सोमवार से कोच्चि के कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) में शुरू हुआ। युद्धपोत उत्पादन अधीक्षक कमोडोर एस पार्थिबन की मौजूदगी में आज ह्यस्टील कटिंगह्न समारोह हुआ। रक्षा मंत्रालय ने छह एनजीएमवी निर्माण के लिए सीएसएल के साथ मार्च, 2023 में 9,805 करोड़ रुपये का अनुबंध किया था।


शीतकालीन सत्र के दौरान भवन परिसर के मकर द्वार पर समाजवादी पार्टी सांसद अखिलेश यादव सपा सांसदों के साथ।

## देश का निर्यात नवंबर में 4.85 फीसदी घटकर 32.11 अरब डॉलर रहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** देश के वस्तुओं का निर्यात नवंबर में 4.85 फीसदी घटकर 32.11 अरब डॉलर रहा है। पिछले साल इसी महीने में 33.75 अरब डॉलर का निर्यात हुआ था। वहीं, नवंबर में आयात 27 फीसदी बढ़कर 69.95 अरब डॉलर पर पहुंच गया है, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 55.06 अरब डॉलर रहा था। इस तरह नवंबर में व्यापार घाटा (आयात और निर्यात) के बीच का अंतर बढ़कर 37.84 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है।



वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया कि देश के वस्तुओं का निर्यात नवंबर में 4.85 फीसदी घटकर 32.11 अरब डॉलर रहा है। इससे पिछले महीने अक्टूबर में भारत का वस्तुओं का निर्यात 17.25 फीसदी बढ़कर 39.2 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया था। वहीं, नवंबर के लिए भारत का कुल निर्यात (वस्तुएं और सेवाएं संयुक्त) 67.79 अरब यूएस डॉलर होने का अनुमान है।

## भारत की सुरक्षा चिंताओं को ध्यान में रखेगा श्रीलंकाः दिसानायके

**प्रतिबद्धता**

**▶▶ सुरक्षित-संरक्षित हिंद महासागर क्षेत्र को सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** भारत और श्रीलंका ने पारंपरिक और गैर-पारंपरिक खतरों का मुकाबला करने के साथ-साथ एक स्वतंत्र, खुले, सुरक्षित और संरक्षित हिंद महासागर क्षेत्र को सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई है। इस संबंध में श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने अपने देश की स्थापित नीति को दोहराते हुए आश्वस्त किया है कि वह भारत की सुरक्षा के साथ-साथ क्षेत्रीय स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि श्रीलंका अपनी धरती का किसी भी तरीके से प्रतिकूल उपयोग करने की अनुमति नहीं देगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने भारत की अपनी राजकीय यात्रा के दौरान आज नई दिल्ली में अपनी बैठक में व्यापक और उपयोगी चर्चा की। दोनों नेताओं ने इस बात की पुष्टि की कि भारत-श्रीलंका द्विपक्षीय साझेदारी गहरे सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंधों, भौगोलिक निकटता और लोगों से लोगों के संबंधों पर आधारित है।

## रेलवे 21 को 101 रेल कर्मियों को प्रदान करेगा अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** भारतीय रेलवे 21 दिसंबर को नई दिल्ली में कुल 101 रेल कर्मियों को अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार (एवीआरएसपी)-2024 से सम्मानित करेगा।

रेल मंत्रालय के अनुसार 69वां रेलवे सप्ताह केंद्रीय समारोह और अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार (एवीआरएसपी)-2024 नई दिल्ली के प्रगति मैदान में स्थित भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान सात श्रेणियों में कुल 101 रेल कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। रेलवे बोर्ड के संयुक्त सचिव टी श्रीनिवास ने 69वां रेलवे सप्ताह केंद्रीय समारोह और अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार (एवीआरएसपी)-2024 के संबंध में सभी रेलवे जोन के महाप्रबंधकों को पत्र लिखा है।

**समावेश** छात्रों के गुणात्मक शिक्षा के साथ-साथ कर्त्तव्यों और दायित्वों के बारे में उन्हें शिक्षित करने को विशेष अधिमान दे रही

## विद्यार्थियों को संवैधानिक मूल्यों पर आधारित शिक्षा दी जाएगीः मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमलाः मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिक्षा विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि स्कूलों के पाठ्यक्रम में संवैधानिक मूल्यों से सम्बन्धित सामग्री का समावेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए गुणात्मक शिक्षा के साथ-साथ कर्त्तव्यों और दायित्वों के बारे में उन्हें शिक्षित करने को विशेष अधिमान दे रही है। ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 6-6 स्कूलों को सभी आवश्यक सुविधाओं से सुसज्जित किया



जाएगा। इनमें पर्याप्त स्टाफ, पुस्तकालय, प्रयोगशाला और अन्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने अधिकारियों को इन स्कूलों को स्थापित करने के लिए सभी औपचारिकताएं समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने इनके प्रशासनिक नियंत्रण के लिए भी

**मापदण्ड**

**▶▶ राज्य के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 6-6 स्कूलों को सभी आवश्यक सुविधाओं से सुसज्जित किया**

मापदण्ड तैयार करने को कहा। उन्होंने कहा कि इन सभी स्कूलों के माध्यम से एक सशक्त आधारभूत ढांचा विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी स्कूलों के लिए वर्ष भर की गतिविधियों का कैलेंडर तैयार किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक दिन की शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों का विवरण होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन के ध्येय के साथ शिक्षा विभाग में व्यापक स्तर पर युक्तिकरण की प्रक्रिया पर कार्य किया जा रहा है। इसके तहत आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण के साथ-साथ अध्यापकों की तैनाती से सम्बन्धित सकारात्मक व नवोन्मेषी उपाय किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल के मुख्याध्यापक व प्रधानाचार्य को छुट्टी पर जाने वाले अध्यापकों की सूचना नियमित रूप से उप-निदेशक कार्यालय को प्रेषित करनी होगी।

## नेहरू की चिट्ठियों को लेकर भाजपा ने उठाए सवाल, पूछा- गांधी परिवार क्या छुपाना चाहता है

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की चिट्ठियों पर अब विवाद शुरू हो गया है। दरअसल, प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय सोसाइटी के सदस्य ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को पत्र लिख कर नेहरू की चिट्ठियों को वापस करने को कहा है। इसके साथ ही इस मामले पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस से पूछा है कि वह आखिर जवाहर लाल नेहरू की चट्ठियों को क्यों छुपा रही है। सोमवार को भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने लोकसभा में भी यह मुद्दा उठाया और प्रेसवार्ता करके भी कांग्रेस पार्टी



से जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि जवाहर लाल नेहरू के पत्राचार 1971 में जवाहर लाल नेहरू स्मारक संग्रहालय एवं पुस्तकालय को दिए गए थे। इन सभी पत्रों को उस समय के जवाहर लाल नेहरू स्मारक संग्रहालय एवं पुस्तकालय के डॉयरेक्टर से स्वीकृति लेकर करीब 51 डिब्बों में भर कर 5 मई, 2008 को सोनिया गांधी के घर भेज दिया गया। जवाहर लाल नेहरू ने ये पत्र एडविना माउंटबेटन, एल्बर्ट आइंस्टीन, जयप्रकाश नारायण, बाबू जगजीवन राम और गोविंद बल्लभ पंत आदि को लिखे थे। गांधी परिवार नहीं चाहता था कि ये पत्र जनता तक आएं। आखिर, इन पत्रों में ऐसा क्या था कि सोनिया गांधी नहीं चाहती थीं कि वो सार्वजनिक हों उन्हें जनता को जवाब देना चाहिए। संबित पात्रा ने पूछा कि आखिर क्यों पंडित नेहरू के खतों को छुपाया जा रहा है

# हरियाणवीं संस्कृति के संवाहक थे मास्टर सतबीर: डॉ अरविंद शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोहाना/बलराम**

**सहकारिता,** कारागार, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रख्यात लोक गायक मास्टर सतबीर सिंह का जीवन सदैव युवा पीढ़ी को सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ाने व हरियाणवीं संस्कृति को कला के माध्यम से सहेजने का रहा। उनके विचार हमेशा आमजन की भलाई व आपसी भाईचारे को मजबूत करने को लेकर होते थे, जिसका आसपास के इलाके में अनुसरण भी होता है। वर्तमान दौर में भी अभिभावकों को मास्टर सतबीर सिंह के जीवन के अनुरूप युवा पीढ़ी का मार्गदर्शन करना चाहिए। बीती देर शाम सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने गांव भैंसवाल कलां पहुंचकर लोक गायक मास्टर सतबीर सिंह की समाधि पर जाकर पुष्प अर्पित करते हुए नमन किया। ग्रामीणों के साथ मास्टर सतबीर सिंह के जीवन पर चर्चा करते हुए कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि उन्होंने एक अच्छे शिक्षक, अच्छे कुश्ती प्रशिक्षक और अच्छे लोक गायक के तौर पर समाज के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। पंडित लख्मी चंद,



धनपत, मांगेराम, मेहर सिंह के किस्से-रागनियों के माध्यम से मास्टर सतबीर सिंह ने हमेशा हरियाणवीं संस्कृति को संजोते हुए अगली पीढ़ी तक उसे पहुंचाने की जिम्मेदारी बखूबी निभाई। उन्होंने अपने चार दशक से अधिक के सार्वजनिक जीवन में न केवल हरियाणवीं लोक कला को विशिष्ट पहचान दिलाने का काम किया, अपितु गांव भैंसवाल कलां में युवाओं को खेल क्षेत्र, विशेषकर कुश्ती में भी प्रतिभाओं को निखारने का काम किया। सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का जीवन में कोई न कोई लक्ष्य होता है, लेकिन जो समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभाता है, उसे समाज कभी नहीं भूलता। आज मास्टर सतबीर सिंह के विचार आसपास के इलाके ही नहीं, पूरे प्रदेश में अभिभावकों को प्रेरित करते हैं कि वो युवा पीढ़ी को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने के लिए काम करें, ताकि देश व समाज मजबूत हो सके। उन्होंने कहा कि हमें मिलकर ऐसे महान शख्शियत को हमेशा सम्मान देना चाहिए और युवाओं को सही तरीके से आगे बढाने के लिए काम करना चाहिए।

# किसानों ने शहर में ट्रैक्टर मार्च निकाला

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदासोमपाल सैनी**

सोमवार को खरखौदा क्षेत्र के किसानों ने एकत्रित होकर किसान नेता जगजीत सिंह दलेवाल का समर्थन करते हुए शहर में ट्रैक्टर मार्च निकाला , इसके बाद किसान खरखौदा के उपमंडल कार्यालय में पहुंचे, और किसान नेता जगजीत सिंह दलेवाल के समर्थन में सरकार के नाम अपना ज्ञापन सोफा इस दौरान किसानों ने कहा कि देश का एक साधारण किसान "जगजीत सिंह डल्लेवाल



" बड़े दुःखी और भारी मन से आपको यह पत्र लिख रहा हूँ। एमएसपी गारंटी कानून समेत 13 मांगों को पूरा कराने के लिए 13 फरवरी से संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) एवम किसान मजदूर मोर्चा के नेतृत्व में किसान आंदोलन चल रहा है। जब दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र "भारत" की सरकार टस से मस नहीं हुई तो दोनों मोर्चों के फैसले के अनुसार मैंने 26 नवम्बर से आमरण अनशन शुरू किया है। मेरे आमरण अनशन को आज करीब 20 दिन हो गए है। उनका कहना हैं कि मुझे उम्मीद है कि आप के सलाहकारों ने मेरे स्वास्थ्य व आंदोलन की स्थिति के बारे में आपको अवगत करा ही दिया होगा। जिन मांगों पर हमारा आंदोलन चल रहा है, ये सिर्फ हमारी मांगें नहीं हैं बल्कि सरकारों द्वारा अलग-अलग समयों पर किये गए वायदे हैं।

## हिमांगी ने मिनी नार्थ जोन रोल बाल चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण

**गन्नौर।** जीटी रोड स्थित हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा चौथी की छात्रा हिमांगी ने मिनी नार्थ जोन रोल बाल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल किया। प्रतियोगिता देहरादून उत्तराखंड में रोल बाल फेडरेशन आफ इंडिया द्वारा 13 से 15 दिसंबर तक आयोजित हुई। हमांगी ने स्वर्ण पदक जीत कर अपने परिवार के साथ-साथ विद्यालय का नाम भी रोशन किया है। विद्यालय प्राचार्या उषा मलिक ने कहा कि हिमांगी पहले भी प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुकी है। उन्होंने हिमांगी को बधाई देते हुए उसके उह्लजवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक सुनील नागपाल व संजय नागपाल ने हिमांगी को सम्मानित किया।

# नेशनल स्कूल गेम्स वॉलीबॉल में मेघा ने सिल्वर मैडल अपने नाम किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**राई।** वाराणसी में खेले जा रहे 68 वें नेशनल स्कूल गेम्स में मोतीलाल नेहरु खेल स्कूल राई की मेघा ने सिल्वर मैडल जीतकर प्रदेश और स्कूल का नाम रौशन किया। वाराणसी में खेले जा रहे 68 वें नेशनल स्कूल गेम्स में मोतीलाल नेहरु खेल स्कूल राई की मेघा वॉलीबॉल खेल में हरियाणा के तरफ से खेलते हुए सिल्वर मैडल जीतकर प्रदेश और स्कूल का नाम रोशन किया। 10 से 14 दिसम्बर तक संपन्न हुए अंडर 14 नेशनल स्कूल गेम्स वॉलीबॉल में मेघा ने हरियाणा की टीम की तरफ से हिस्सा



लिया। 68 वें नेशनल गेम्स में वॉलीबॉल खेल में देश भर से 32 टीमों ने हिस्सा लिया। खेल स्कूल राई की प्रधानचार्य व

**रोशन किया**

**⏩ हरियाणा के तरफ से खेलते हुए सिल्वर मैडल जीतकर प्रदेश और स्कूल का नाम रोशन किया**

निदेशक मौशमी घोषाल ने बताया की मेघा स्कूल की शानदार खिलाडी होने के साथ साथ होनहार विद्यार्थी भी हैं। मेघा वॉलीबॉल की स्टार खिलाडी हैं और भविष्य में स्कूल को मेघा से उम्मीद है की वो अंतराष्ट्रीय स्तर पर भी देश का नाम गौरवानित करेगी।

# सड़क हादसे में अज्ञात व्यक्ति की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** जीटी रोड एचएसआईआईडीसी बड़ी स्थित सीएनजी पेट्रोल पंप के पास एक अज्ञात व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा मिला। लड़सौली गांव के सरपंच प्रियव्रत ने मामले की जानकारी थाना बड़ी में दी। सरपंच ने बताया कि 16 दिसंबर की रात करीब 2 बजे उन्हें सूचना मिली कि गांव के पास जीटी रोड स्थित सीएनजी पेट्रोल पंप के पास एक अज्ञात व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा है। जिसके बाद वह मौके पर पहुंचे तो व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार रखी थी, जिससे उसकी मौत हो गई। उन्होंने तुरंत शव को सोनीपत के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। उन्होंने बताया कि अज्ञात वाहन द्वारा व्यक्ति को टक्कर मारी गई है।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उत्तर रेलवे मंडल चिकित्सालय श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग, दिल्ली–110006 भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से कार्य करते हुए समान कार्य पर्याप्त अनुभव रखने वाले और न्यूनतम पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले अनुभवी और स्थापित वेंडर्स (फर्म/डिस्ट्रीब्यूटर/केमिस्ट शॉप्स) के रेट कॉन्ट्रैक्ट हेतु एक पैकेट प्रणाली में ई–निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **कार्य के विवरण:**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम व स्थान | उत्तर रेलवे मंडल चिकित्सालय श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग दिल्ली एवं विभिन्न स्वास्थ्य केंद्र दिल्ली मंडल (दिल्ली एनसीआर एरिया, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में स्थापित) में लोकल परचेज (खुदरा खरीद) की मेडिसिंस, सर्जिकल आइटम्स और कंसुमेंबल्स की आपूर्ति हेतु वेंडर्स (फर्म/डिस्ट्रीब्यूटर/केमिस्ट शॉप्स) के रेट कॉन्ट्रैक्ट हेतु। |
| अनुमानित लागत मूल्य 02 (दो) वर्ष के लिए | ₹5,59,27,704/- (रुपये पांच करोड़ उनसठ लाख सत्ताईस हजार सात सौ चार केवल) |
| धरोहर राशि | ₹5,59,280/- (रुपये पांच लाख उनसठ हजार दो सौ अस्सी केवल) |
| कार्य की अवधि | कार्य के शुरू होने की अवधि से 02 (दो) वर्ष तक तथा 6 माह के अधिकतम अतिरिक्त अवधि हेतु |
| निविदा बंद होने व खुलने का समय व पता | जमा करने का समय 03.01.2025 (शुक्रवार) के 01:00 बजे तक व खुलने का समय उसी दिन 01:30 बजे उत्तर रेलवे मंडल चिकित्सालय श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग, दिल्ली–110006 के कार्यालय पर |
| वेबसाइट का पता | भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। Tender No. NRDHDLI-LP2425-1 |
| ऑफर की वैधता | निविदा खुलने की तिथि से 90 दिन |

धरोहर राशि जमा न करने पर बिना सूचना निविदा रद्द कर दी जाएगी। बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियां अंतिम तिथि एवं समय तक ही जमा कर सकेंगे। बोलियां केवल ऑनलाइन ही जमा की जानी है। इस निविदा के विरूद्ध मैन्युअल बोलियों/प्रस्तावों की अनुमति नहीं है, और प्राप्त किसी भी मैन्युअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। ई–निविदा प्रणाली में भाग लेने के लिए निविदाकारों को भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम आई.आर.ई.पी.एस. साइट यानि www.ireps.gov.in पर पंजीकृत होना चाहिए। आवश्यक परिवर्तन शुद्धि पत्र/परिशिष्ट यादि आवश्यक हो, केवल इसी वेबसाइट पर पोस्ट किए जाएंगे।

पत्र सं.: 43 मेड/उरेमचि/एलपी/(रिटेल)/विज्ञापन/2024
दिनांक: 14.12.2024 3846/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **अमित पुत्रः** राजबीर, **पताः** बी–177/178, जेजे कॉलोनी, शकूर पुर, दिल्ली ने **FIR No. 132/2018, U/s 498A/304B/34 IPC** थानाः सुभाष प्लेस, उत्तर पश्चिम दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमित** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमित** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 132/2018, U/s 498A/304B/34 IPC** थानाः सुभाष प्लेस, उत्तर पश्चिम दिल्ली के उक्त अभियुक्त **अमित** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.01.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री राजेन्दर कुमार
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (उत्तर पश्चिम)
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/16405/NW/2024
(Court Matter)



**उत्तर रेलवे**

फाइल संख्या 752–ई/पुनः नियुक्ति/सेवानिवृत कर्मचारी/सीएच/2024

उत्तर रेलवे केंद्रीय चिकित्सालय बसंत लेन नई दिल्ली–110055 में ऑडिओलॉजिस्ट एंड स्पीच थेरेपिस्ट 02 पद पर पुनः नियुक्ति के लिए सेवानिवृत पैरा मेडिकल स्टाफ से 31.12.2024 तक आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। रिक्तियों की स्थिति, नियम शर्तों व आवेदन पत्र के प्रारूप के साथ विस्तृत विज्ञापन उत्तर रेलवे वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है।

कृते प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक
उत्तर रेलवे केंद्रीय चिकित्सालय नई दिल्ली
3838/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दीपक**, पुत्रः प्रताप सिंह, पताः 19/92, आर.पी.एस.एफ. ट्रेनिंग सेंटर सराय रोहिल्ला, दिल्ली ने **FIR No. 720/21, U/s 33 Delhi Ex. Act, पुलिस थाना शाहबाद डेयरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **दीपक** मिल नही रहा है। और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **दीपक** फरार हो गया है(या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 720/21, U/s 33 Delhi Ex. Act, पुलिस थाना शाहबाद डेयरी, दिल्ली** के अभियुक्त **दीपक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.01.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री सार्थक पंवार,
एमएम, कोर्ट नंबर 114
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/16435/ON/2024



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हरप्रीत सिंह**, पुत्रः शंकर सिंह, पताः मकान नं. ।।। बी/6, दूसरी मंजिल, मट्टा साहिब गुरुद्वारा के पास, विष्णु गार्डन, दिल्ली, ओर ।।। बी/61, दूसरी मंजिल, विष्णु गार्डन, दिल्ली, ओर बी–61, तीसरी मंजिल, विष्णु गार्डन, दिल्ली ने **FIR No. 307/2021, U/s 420/467/468/471/120/34 IPC, पुलिस थाना जनक पुरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **हरप्रीत सिंह** मिल नही रहा है। और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **हरप्रीत सिंह** फरार हो गया है(या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 307/2021, U/s 420/467/468/471/120/34 IPC, पुलिस थाना जनक पुरी, दिल्ली** के अभियुक्त **हरप्रीत सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.01.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री हरजोत सिंह औजला,
जेएमएफसी–11, दक्षिण पश्चिम जिला, कोर्ट नंबर 05
द्वारका कोर्ट, दिल्ली

DP/16422/WD/2024



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr. P. C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **फैज उर्फ काब पुत्र परवेज जैदी**, निवासी K-1/278, 279, जहांगीरपुरी, दिल्ली, ने **FIR.No. 507/21 U/s 356/379 IPC.,** के अंतर्गत थानाः **मुखर्जी नगर,** दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **फैज उर्फ काब** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **फैज उर्फ काब** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR.No. 507/21 U/s 356/379 IPC.,** थानाः **मुखर्जी नगर,** दिल्ली के उक्त अभियुक्त **फैज उर्फ काब** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.02.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
निहारिका कुमार शर्मा, ACJM उत्तर,
कमरा नंबर 117, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/16369/NW/2024



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr. P. C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आनंद कुमार पुत्र महेश यादव** निवासी C-2/69, गली नंबर 9, नंगली विहार, बापरोला, दिल्ली ने **Case /FIR.No. 576/19 U/s 457/380/411/34 IPC.,** के अंतर्गत थानाः **रणहौला,** दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **आनंद कुमार** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **आनंद कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Case /FIR.No. 576/19 U/s 457/380/411/34 IPC.,** थानाः **रणहौला,** दिल्ली के उक्त अभियुक्त **आनंद कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.01.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अंकित करण सिंह, MM-08, पश्चिम,
कमरा नंबर 30, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/16321/OD/2024



**उत्तर रेलवे**

**(ई–नीलामी सूचना)**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक /यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा डीलक्स पे एंड यूज़ शौचालय BOT, MOT और ROMT के आधार पर अनुबंध लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई–नीलामी, **IREPS** पोर्टल **(https://ireps.gov.in/)** पर ई–बोली "जैसा है जहां है" के आधार पर निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है–

| ई–कैटलॉग संख्या (E-Catalogue No.) | ई–नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन / स्थान / साइट् |
|---|---|---|
| PaynUse09-2024 | दिनांक 01.01.2025 को 12:00 बजे | ओखला (OKA)–1 साइट, पटेल नगर (PTNR)–1 साइट, शिवाजी ब्रिज (CSB)–1 साइट, पानीपत (PNP)–1 साइट, कुल – 4 साइट्स / स्थल। |

| | |
|---|---|
| वेबसाइट विवरण जहां ई–नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है | https://ireps.gov.in/ |
| ई–नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएँ | आईआरईपीएस के ई–नीलामी लीजिंग मॉडयूल के माध्यम से आयोजित ई नीलामी में भाग लेने के इच्छुक सभी ठेकेदारों को अपनी बोलियां जमा करने से पहले निम्नलिखित अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए: – ई–नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए आईआरईपीएस पर पंजीकरण – ई–नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए सक्रिय आईआरईपीएस उपयोगकर्ता खाता; एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान; भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता; आईआरईपीएस खाते के साथ एसबीआई बैंक खाते का एकीकरण; फण्ड का लियन मार्किंग; कारोबार का अद्यतन विवरण; जिन ठेकेदारों के पास आईआरईपीएस के किसी भी मॉड्यूल के लिए आईआरईपीएस खाता नहीं है, वे आईआरईपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण के लिए अपना ऑन लाइन अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं। –ई–ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल के लिए अब वर्चुअल अकाउंट नंबर (वीएएन) नामक एक नयातंत्र शुरू किया गया है, जिसका उपयोग बोलीदाताओं द्वारा लियन मार्किंग तंत्र के विकल्प के रूप में किया जा सकता है। बोली लगाने हेतु प्रवेश करने से पहले किसी भी समय लियन मार्किंग मैकेनिज्म (यदि सक्रिय हो) और वैन मैकेनिज्म के बीच स्विच करने के लिए स्वतंत्र हैं। VAN तंत्र के लिए बोली लगाने वाले का भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता होना आवश्यक नहीं है। उपयोगकर्ता किसी भी बैंक में अपने किसी भी मौजूदा बैंक खाते से अपने VAN खाते में धन स्थानांतरित करने के लिए स्वतंत्र हैं, जो उन्हें IREPS ई–नीलामी में भाग लेने में सक्षम बनाता है। |
| सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक / पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली 110055; **Email: sanitationcell@gmail.com Tel: 011-23743084** |

संख्या–7PUB/TN/Pay&UseToilets/Auction/2022 दिनांक: 16.12.2024 3847/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत राजा खेड़ी खंड पानीपत नीम वाली चौपाल के कंडम सामान की बोली ग्राम पंचायत राजा खेड़ी में नीम वाली चौपाल में 24-12-2024 को प्रातः 11:00 बजे की जाएगी। बोली की शर्तें मौके पर बताई जाएगी।
**सरपंच ग्राम पंचायत राजा खेड़ी खंड पानीपत।**

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।




# शिव महापुराण कलश यात्रा में शामिल हुए मंगेश त्यागी





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले मुकुंदपुर स्थित राधा विहार रामलीला ग्राउंड में 11 दिवसीय तक चलने वाली श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ किया गया। इस दौरान भव्य कलश यात्रा भी निकाली गई, जिसमें क्षेत्र के सैंकड़ों की तादात में श्रद्धालुओं ने कलश उठाया। इस दौरान बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक प्रत्याशी मंगेश त्यागी अपनी धर्मपत्नी नीलम त्यागी संग कलश यात्रा में शामिल हुए तथा कलश भी उठाया। कलश यात्रा मुकुंदपुर क्षेत्र स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर से राधा विहार, रामलीला ग्राउंड पर संपन्न हुई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने बाबा के नाम के जयकारें लगाते हुए भक्ति में सराबोर नज़र आए। इस मौके पर मंगेश त्यागी ने कार्यक्रम के आयोजकों का दिल से आभार प्रकट करते हुए कहा कि कलश उठाते समय जो अनुभूति हुई वैसी अनुभूति कभी नहीं हुई है। त्यागी ने कहा कि यह क्षण मेरे और मेरी धर्म पत्नी के लिए किसी आलौकिक शक्ति से कम नहीं था। उन्होंने कहा कि भगवान भोले नाथ सभी श्रद्धालुओं की मनोकामना पूर्ण करें। त्यागी ने कहा कि इस तरह के आयोजन क्षेत्र में होते रहने चाहिए इससे लोगों में भगवान के प्रति भक्ति आस्था भी बनी रहती है व दोष विकारों से भी मुक्ति मिलती है।

## विद्यार्थियों की समस्याओं पर एबीवीपी ने यूजीसी को ज्ञापन सौंपा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष प्रो. एम. जगदीश कुमार से सोमवार को मिलकर उच्च शिक्षा प्रणाली और छात्रों से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में एबीवीपी ने छात्रवृत्ति, फेलोशिप, प्रवेश परीक्षाओं, शिक्षा के व्यापारीकरण, छात्र संघ चुनाव, और विश्वविद्यालय प्रशासन में सुधार जैसे कई प्रमुख मुद्दों पर ध्यान आकर्षित किया है। एबीवीपी ने मांग की है कि छात्रों को दी जाने वाली नॉन-नेट फेलोशिप की राशि, जो 2011 से 8000 रुपये है, इसको तुरंत बढ़ाया जाए और इसे राज्य विश्वविद्यालयों तक भी विस्तारित किया जाए।

**ज्ञापन**

**सीयूईटी को सभी विश्वविद्यालयों के लिए केंद्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया के रूप में लागू करने की मांग की**

यूजीसी फेलोशिप पोर्टल पर प्रमाणपत्र अपलोड करने की समय सीमा बढ़ाने और उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात के अनुरूप छात्रवृत्तियों की संख्या में वृद्धि की आवश्यकता पर बल दिया गया। एबीवीपी ने सीयूईटी को सभी विश्वविद्यालयों के लिए केंद्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया के रूप में लागू करने और एक समान आवेदन शुल्क सुनिश्चित करने की मांग की है।

## लाल बाग में रात्रि प्रवास के साथ पर्दे पर दिखाई गई साबरमती





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर दिल्ली भाजपा दिल्ली की जनता के बीच जगह बनाए रखने के लिए निरंतर कार्यकर्मों का आयोजन कर रहीं है। इसी कड़ी में मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र स्थित लाल बाग झुग्गी बस्ती में अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसकी शुरूआत नुक्कड़ नाटक से कि गई। जिसमें आप संयोजक अरविंद केजरीवाल एंड पार्टी द्वारा किए गए भ्रष्टचारों की कहानी जन-जन तक पहुंचाई गई। तो वहीं, इस दौरान साबरमती फिल्म को बड़े पर्दे पर दिखाया गया। इसके साथ ही लोगों को जगरूक करते हुए हम एक है तो सेफ का संदेश भी लोगों तक पहुंचाया गया। तत्पश्चात लाल बाग झुग्गी बस्ती में रात्रि प्रवास भी किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में बूथ पालक हरीश असड़ी, सिविल लाइन जोन के पूर्व चेयरमैन राज खुराना, पूर्व निगम पार्षद सीमा गुप्ता, लाल बाग झुग्गी बस्ती विस्तारक नंदिनी रावत, हरिशंकर बाबू खंड प्रमुख, शेर सिंह, लज्जाराम साहू, मुकेश, मिथिलेश सहित भाजपा के कई नेता मौजूद रहे। इस मौके पर क्षेत्रीय लोगों ने कहा कि पिछले 12 साल से आप पार्टी की सरकार और उसका विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी क्षेत्र में नज़र ही नहीं आए और जब चुनाव आ गया तो क्षेत्र में दिखने लगे है। इसके साथ ही लोगों ने बताया कि लाल बाग की जनता के लिए विधायक ने कोई भी काम नहीं किया है। आज भी लाल बाग के लोग नारकीय जीवन जीने को विवश है। लोगों ने भाजपा पर विश्वास जताते हुए कहा कि लाल बाग का विकास मॉडल टाउन से भाजपा का विधायक ही कर सकता है, इसलिए हम सभी भाजपा के साथ है और आप सरकार व विधायक अखिलेश त्रिपाठी का विरोध करते है, और दिल्ली में भी केंद्र की तरह भाजपा को शासित करने की ठानी है।

## तीन मंजिला फैक्टरी में लगी आग

**नई दिल्ली:** ओखला औद्योगिक क्षेत्र में रविवार-सोमवार की देर रात एक फैक्टरी में आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे। कई घंटों की मशक्कत के बाद 19 दमकल की गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। फिलहाल स्थानीय पुलिस आग लगने के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। दमकल विभाग के मुताबिक रविवार देर रात करीब 1.35 बजे सूचना मिली थी कि ओखला सी-ब्लॉक के पास प्लास्टिक लेमिनेशन की फैक्टरी में आग लग गई है।

## हत्याकांड में वांछित बदमाश मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने फर्श बाजार में दिवाली की रात ताबड़तोड़ गोली मार कर चाचा-भतीजे की हत्या में शामिल बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान बदमाश के दोनों पैर में गोलियां लगी हैं। उसे उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उपचार के दौरान उसे कड़ी पुलिस सुरक्षा में रखा गया है। डीसीपी अमित कौशिक ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित की पहचान मौजपुर निवासी वसीम (35) के तौर पर हुई है। वह हाशीम बाबा-राशिद केबल वाला गिरोह का सक्रिय शूटर है और दोहरे हत्याकांड के बाद से वह लगातार एक खास तरह की ऐप की मदद से सरगना राशिद केबलवाला से संपर्क में था। इस हत्याकांड में शामिल एक अन्य बदमाश अनिल उर्फ सोनू मटका को पुलिस ने मेरठ में उप्र पुलिस के साथ मुठभेड़ में ढेर कर दिया था। डीसीपी ने बताया कि दोहरे हत्याकांड के बाद से ही सेल की टीम वारदात में शामिल बदमाशों की गतिविधियों को ट्रेक कर रही थी। इसी बीच एसीपी कैलाश बिष्ट की निगरानी में काम कर रही इंस्पेक्टर सुनील, एसआई अखिल चौधरी, विरेंद्र बालियान आदि की टीम को सूचना मिली कि वसीम ज्योति नगर इलाके में अपने किसी जानकार से मिलने के लिए आने वाला है। उसके पास हथियार भी हो सकते हैं। सेल की टीम ने पूरी सतर्कता बरतते हुए उक्त जगह अपना जाल बिछा दिया। टीम ने संदिग्ध बाइक सवार को रोकने का इशारा किया तो वह भागने लगा। कुछ दूर जाते ही वह बाइक समेत गिर गया। पुलिस टीम ने उसे सरेंडर करने के लिए कहा तो उसने पुलिस टीम पर गोलियां चला दीं। एक गोली एसआई अखिल चौधरी को जा लगी। गनीमत रही कि उन्होंने बुलेटप्रूफ जैकेट पहनी हुई थी। पुलिस ने भी आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई करते हुए गोलियां चलाईं। दो गोलियां वसीम के दोनों पैरों में जा लगीं। उसके गिरते ही पुलिस टीम ने उसे हथियार समेत दबोच लिया। उसे उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी हाशिम बाबा-राशिद केबल वाला गिरोह का सक्रिय गुर्गा है और दोहरे हत्याकांड के मामले में वांछित चल रहा था।

## भाजपा पूर्वांचल मोर्चा उपाध्यक्ष ने किया झुग्गी बस्ती में प्रवास






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: भाजपा** पूर्वांचल मोर्चा दिल्ली प्रदेश के उपाध्यक्ष व पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि झुग्गी बस्ती विस्तारक अभियान रात्रि प्रवास के तहत शालीमार बाग विधानसभा के KP009, निर्माण कैंप, सेवा बस्ती में रात्रि प्रवास रहा। इस अवसर पर सभी बूथ अध्यक्ष, त्रिदेवों के साथ पहली बैठक की। उसके बाद युवाओं के साथ बैठक की, बच्चों से ड्राइंग कंपटीशन करवाया गया। हनुमान मंदिर में सेवा बस्ती के भाइयों-बहनों के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इसके साथ ही लगभग 300 घरों में जनसंपर्क कर केजरीवाल के भ्रष्टाचार को उजागर किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन कल्याणकारी योजना जिनसे सेवा बस्ती के भाइयों बहनों को लाभ मिलता हैं उनसे उन्हें अवगत कराया। सुबह जागरण के समय जिस घर में रुका उन्हें मोदी के चित्र वाली घड़ी भेंट की। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा द्वारा दिए गए धन्यवाद पत्र को उन्हें भेट किया गया और चारों बूथों पर लगभग 40-50 की संख्या में नुक्कड़ सभा किया गया। रात्रि का भोजन अनिल जी के यहां किया गया। सेवा बस्ती विस्तारक प्रमोद पासवान, खंड प्रमुख अनिल, पिंकी ठाकुर, अनीता पोद्दार, निगम, सुशीला, सरोज अन्य सभी कार्यकर्तागण उपस्थित रहें। इस दौरान सेवा बस्ती के लोगों ने कहा कि इस बार केजरीवाल सरकार को दिल्ली की सत्ता से उखाड़ फैंकना है।



# सरकार निरंतर कर रही विकास कार्य: पंवार

**टीम एक्शन इंडिया:**
**चंडीगढ़:** प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को उनके कौशल के अनुसार रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए सोमवार को पानीपत में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें हरियाणा के विकास एवं पंचायत व खनन एवं भू-विज्ञान मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार ने बतौर मुख्यातिथि सम्बोधित करते हुए कहा कि मेले में इस योजना के अंतर्गत हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत लगभग 60 औद्योगिक संस्थाओं व 25 प्रशिक्षण संस्थाओं को आमंत्रित किया गया ताकि जो युवा व युवतियां कौशल प्रशिक्षण लेना चाहते हैं वे अपना पंजीकरण करवा सकें। इस योजना के अंतर्गत मिशन द्वारा नई पहल की जा रही है जिसके तहत माईग्रेशन स्पोर्ट सैन्टर की गुरूग्राम में



स्थापना की जाएंगी ताकि दिल्ली एनसीआर में काम कर रहे हरियाणा के युवा-युवतियों सभी सुविधाएं जैसे- रहने-खाने की व्यवस्था, आधार रजिस्ट्रेशन, सरकारी कल्याणकारी योजनाएं, बैंकिग सर्विस संबंधित जानकारी दी जाएगी।

**स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए सभी जिलों में खोले जाएंगे सांझा बाजार:** श्री पंवार ने कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा बनाए गए उत्पादों के लिए उन्हें हर जिले में सांझा बाजार उपलब्ध करवाया जाएगा जिसमें महिलाएं अपने उत्पादों को बेच सकें और उनका जीवन स्तर बेहतर बन सके। इसके लिए करनाल जिला से शुरूआत की जा चुकी है और शीघ्र ही फतेहाबाद में सांझा बाजार शुरू किया जाएगा।

**प्रधानमंत्री के विकसित भारत के चार स्तम्भ युवा, किसान, महिलाएं व पिछड़ा वर्ग के विकास के लिए प्रदेश सरकार निरंतर कर रही कार्य:** विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दिशा- निदेशों के अनुसार विकसित भारत के चार स्तम्भ युवा, किसान, महिलाएं व पिछड़ा वर्ग के विकास के लिए प्रदेश सरकार निरंतर कार्य कर रही है। हरियाणा सरकार का उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर प्रदान करना है। हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा सभी जिलों में इसी तरह युवाओं के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा जिसके तहत हमारे प्रदेश के युवा-युवतियां सुनहरे भविष्य की ओर अग्रसर होंगे और सामाजिक विकास में सहभागिता प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से पूरे प्रदेश में ग्रामीण युवाओं व युवतियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इन प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा विभिन्न सैक्टर जैसे सिलाई, बुनाई, कम्प्युटर, रिटेल, हेल्थकेयर, टेलीकॉम, टूरिज्म एवं हॉस्पिटैलिटी, लॉजिस्टिक्स, ऑटोमोटिव में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।
उन्होंने कहा कि अब तक 51410 गरीब ग्रामीण युवा व युवतियों को प्रशिक्षण किया जा चुका है व 28 हजार से अधिक युवा व युवतियों को रोजगार दिया जा चुका है।
वर्तमान में 26 आवासीय प्रशिक्षण केंद्रों में 1800 युवा व युवतियों को निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है।
पंचायत मंत्री ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं डीडीयू जीकेवाई में कम्यूनिटी मोबलाईजर के रूप में काम कर रही है जिससे उन्हें अतिरिक्त आमदनी के अवसर मिल रहे हैं और उनके द्वारा युवा-युवतियों को इस योजना का अधिकतम लाभ दिया जा रहा है।
उन्होंने बताया हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा पानीपत जिले में कुल 16012 बहनों को संगठित कर 1611 स्वयं सहायता समूह बनाये गये। हर स्वयं सहायता समूह को समय-समय पर प्रशिक्षण प्रदान दिया गया, जिससे पानीपत जिले में अब तक 137 ग्राम संगठन और 09 कलस्टर स्तर संघों का गठन किया गया।

# अभय सिंह चौटाला ने किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** इनेलो के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने खनौरी बॉर्डर जाकर एमएसपी पर कानून बनाने और किसानों के कर्ज माफी जैसी मुख्य मांगों को लेकर पिछले 20 दिनों से अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ इनेलो पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा और डबवाली के विधायक अदित्य देवीलाल समेत हजारों कार्यकर्ता भी साथ रहे।व अभय सिंह चौटाला ने मुलाकात के दौरान किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का हालचाल पूछा। उन्होंने किसान नेता को आश्वासन दिया कि किसानों की इस लड़ाई में इनेलो पार्टी ने पहले भी हमेशा अहम भूमिका निभाई है और अब भी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता उनके साथ खड़ा है। इस दौरान अभय सिंह चौटाला ने केंद्र की सरकार द्वारा मांगें न मानने तक



आंदोलन को और अधिक मजबूती देने के लिए व आंदोलन को आगे बढ़ाने की रणनीति पर जगजीत सिंह डल्लेवाल से विचार विमर्श किया। इस दौरान अन्य वरिष्ठ किसान नेता भी वहां मौजूद रहे उनके साथ भी अभय सिंह चौटाला ने आगे की रणनीति पर मंथन किया।
अभय सिंह चौटाला ने कहा कि जब उद्योगपतियों को अपने उत्पादों की कीमत तय करने का अधिकार है तो किसानों को भी उनकी फसल की कीमत तय करने का पूरा अधिकार है इसलिए आज किसान एमएसपी का कानून बनाने के लिए आंदोलनरत है और किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को आमरण अनशन पर बैठना पड़ा है।
किसानों की मांगों को जायज करार देते हुए केंद्र की सरकार से तुरंत सभी मांगों को मानने की अपील की।

## न्यूज फ्लैश

### पीआरपीसी में ऑनसाइट आपदा ड्रिल का अभ्यास सफलतापूर्वक सम्पन्न



**पानीपत/( ;कमाल हुसैन )** पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्पलेक्स द्वारा आग एवं गैस जैसे खतरे से निपटने के लिए दिनांक 14 दिसम्बर, 2024 को पानीपत नेप्था क्रेकर में विभिन्न विभागों के द्वारा हाइड्रोकार्बन गैस के खतरे एंव आग से निपटने की तैयारियों के सही आकलन करने हेतु एक ऑनसाइट आपदा ड्रिल का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस ड्रिल के परिदृश्य में बेंजीन टैंक (68–ळ–15 इ) में फूल सरफेस फायर एंव डाइक में आग को दशार्या गया था। दोपहर 11.11 बजे बेंजीन टैंक (68–ळ–15 इ) के रूफ मे आग लगने के बाद डाइक में बेंजीन का रिसाव होना शुरू हुआ और थोड़ी देर बाद डाइक में आग फैल गयी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए 11.32 बजे अग्नि एंव सुरक्षा प्रभारी ने मुख्य सुरक्षा प्रबन्धक से चर्चा करके आपातकालीन सायरन एल–1 बजाने का आदेश दिया। 12.08 बजे जब बेंजीन का रिसाव तेजी से फैलने लगा और आग लगने की घटना के बाद की गंभीरता को देखते हुये श्री चूरामन, मुख्य महाप्रबंधक (इंजीनियरिंग सेवाएँ और निरीक्षण) ने इस घटना को एल–2 आपदा घोषित कर दिया। आपातकालीन सायरन बजते ही फायर स्टेशन से दमकल गाड़ियाँ साइट पर पहुँच गई और ज्वलनशील पदार्थ के रिसाव पर काबू करने के लिए फायर मॉनिटर और वाटर कर्टन के माध्यम से आपातकाल नियंत्रण कार्य प्रारंभ किया। श्री एम. एल. डहरिया , कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, पीआरपीसी को इस घटना के बारे में सूचना दी गई। उनके द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्थिति का आकलन करके लगभग एक घंटे के अथक प्रयास के बाद ठीक 12.54 बजे स्थिति पर पूरी तरह नियंत्रण करके स्थिति सामान्य होने की घोषणा की गई। इस आपदा ड्रिल के बाद समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में आपातकालीन तैयारी योजना में और सुधार के लिए आपातकालीन समन्वयकों द्वारा दी गई रिपोर्ट की समीक्षा श्री डहरिया तथा संबन्धित वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में की गई। श्री डहरिया ने इस मॉक ड्रिल के सफल आयोजन के लिए किए गए प्रयासो की सराहना करते हुए इसमें और अधिक सुधार लाने के लिए नवीन उपयोगी सुझाव भी दिए।

### प्रदेश सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए कृतसंकल्प: राणा

**चंडीगढ़:** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण, मत्स्य व पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए कृतसंकल्प है। श्री राणा आज यमुनानगर के क्षेत्र ससौली में मध्यवर्ती सीवरेज पंपिंग स्टेशन का उद्घाटन करने के बाद लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस पंपिंग स्टेशन की मांग काफी पुरानी थी तथा इस समस्या के बारे उन्होंने मुख्यमंत्री से मिलकर इसका समाधान करवाने का अनुरोध किया था। मुख्यमंत्री ने इस पर संज्ञान लेते हुए इसके निर्माण को मंजूरी दे दी थी और आज यह बनकर तैयार हो गया है। इसके निर्माण पर 256.45 लाख रुपये का खर्चा आया है। इसके बनने से ससौली, बैंक कालोनी, राम नगर, खेड़ी रागरान, सरस्वती विहार, सुंदर विहार, आर्य नगर, मुकुंद विहार व आसपास के क्षेत्र के लगभग 35 हजार लोगों को फायदा मिलेगा।
इस पंपिंग स्टेशन से 25 एमएलडी पानी एसटीपी पर जाएगा। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने कहा कि जिस विश्वास व उम्मीद के साथ हलके की जनता ने उन्हें प्यार व मान–सम्मान देकर अपना जनप्रतिनिधि चुना है उसका वे दिल से धन्यवाद करते हैं और वे हलके की जनता को विश्वास दिलाते हैं कि वे जनता के विश्वास व उनकी उम्मीदों को कभी कम नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सभी वर्गों को साथ लेकर हरियाणा को विकास के मामले में आगे ले जाने का काम किया जाएगा।

# हाउसिंग बोर्ड आवंटी को 5,000 रुपये का मुआवजा देने के दिए आदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़ :** हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने हाउसिंग बोर्ड हरियाणा को एक आवंटी की मृत्यु के मामले में संपत्ति से संबंधित रिफंड की प्रक्रिया में अनुचित देरी और उत्पीड? के कारण 5,000 रुपये का मुआवजा देने के निर्देश दिये हैं। हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग के मुख्य आयुक्त श्री टी.सी. गुप्ता द्वारा यह आदेश जारी किया गया है। आदेशों में कहा गया है कि शिकायतकर्ता श्री भूपिंदर शर्मा ने एक फ्लैट की राशि वापस करने के लिए आवेदन किया था, जिसका आवंटन उनके मृतक पिता के नाम पर था। हाउसिंग बोर्ड ने आवंटन रद्द कर दिया था। बोर्ड द्वारा रिफंड देने के बजाय शिकायतकर्ता को निर्देश दिए कि वह रिफंड की प्रक्रिया शुरू करने से पहले रद्द किए गए फ्लैट को अपने नाम पर स्थानांतरित करे।
शिकायतकर्ता द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करने के बावजूद, हाउसिंग बोर्ड निर्धारित समय के भीतर आवश्यक सेवा देने में विफल रहा। भूपिंदर शर्मा ने हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग से निवारण की मांग की। मामले की समीक्षा और संबंधित अधिकारियों की सुनवाई उपरांत आयोग ने निष्कर्ष निकाला कि हाउसिंग बोर्ड की देरी और शिकायतकर्ता को हुई परेशानी के लिए मुआवजा दिया जाना चाहिए।

# कादियान ने पंचायत विभाग के कर्मचारियों की मीटिंग ली

**टीम एक्शन इंडिया**
**हलका** विधायक देवेंद्र कादियान ने सोमवार को पंचायत विभाग गन्नौर-मुरथल के अधिकारी-कर्मचारियों की मीटिंग ली। इस दौरान एसडीएम निर्मल नागर, बीडीपीओ गन्नौर पूनम चंदा, बीडीपीओ मुरथल अंकुर कुमार मौजूद रहे। वहीं सभी कर्मचारियों ने विधायक कादियान को अपना परिचय दिया। मीटिंग के दौरान विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि गन्नौर क्षेत्र के विकास को आगे बढ़ाने के लिए सभी अधिकारी कर्मचारियों के सहयोग की जरूरत है। ऐसे में बिना भेदभाव के कर्मचारी मेरा साथ दें। कादियान ने कहा कि क्षेत्र के सभी लोगों की जन समस्याओं का तुरंत प्रभाव से निस्तारण भी किया जाए,



उनको कार्यालयों में चक्कर नहीं कटवाया जाएं। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से विकास कार्यों को करने में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं है, तो आप लोगों के स्तर पर होने वाली किसी भी कोताही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पंचायत विभाग में बहुत से नए कर्मचारी नियुक्त होकर आए है, युवा होने के साथ जोश है। ऐसे में उनके साथ कदम से कदम मिला कर गन्नौर को नई पहचान दिलाने का काम किया जाए। क्षेत्र के लोगों की उनसे बहुत उम्मीदें जुड़ी है। वे पांच साल के बाद हर एंगल से गन्नौर को आफ्टर व बिफोर करके दिखाना चाहते है। यह तभी सम्भव है जब अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को समझेंगे। इस अवसर पर जयभगवान, राजेश कुमार, जापान, सुमित, अनिल, सोनू, बबली रानी, विनोद, शिवानी, विकास, प्रदीप, शायर्स, शिव पाटिल, सरपंच मंजीत कुमार, सरपंच मेहर सिंह, सरपंच गुरमेल धनखड़, सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।
लड़सौली रेस्ट हाउस का किया दौरा- विधायक
हलका विधायक देवेंद्र कादियान ने सोमवार को हाईवे किनारे लड़सौली स्थित रेस्ट हाउस का दौरा कर निरीक्षण किया। इस मौके पर लोगों की समस्याओं को सुना और उचित समय में समाधान का आश्वासन दिया। कादियान ने कहा हाईवे किनारे बने रेस्ट हाउस में सुंदरीकरण करने की जरूरत है। जल्द ही इसको लेकर सम्बंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की जाएगी।



हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण, मत्स्य व पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा यमुनानगर के क्षेत्र ससौली में मध्यवर्ती सीवरेज पंपिंग स्टेशन का बटन दबाकर उद्घाटन करते हुए।

# पदों पर भर्ती के लिए शिविर का किया जा रहा आयोजन

**पानीपत:** सिक्योरिटी स्किल कांउसलिंग इंडिया लिमिटेड द्वारा बेरोजगार प्राथियों के लिए सुरक्षा कर्मी व सुरक्षा सुपरवाईजर पदों की भर्ती के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी रितु चहल ने जानकारी देते हुए बताया कि 18 दिसम्बर को बीडीपीओ कार्यालय इसराना में, 19 दिसम्बर को बीडीपीओ कार्यालय समालखा में, 20 दिसम्बर को बीडीपीओ कार्यालय पानीपत में, 23 दिसम्बर को बीडीपीओ कार्यालय सनौली खुर्द में, 24 दिसम्बर को बीडीपीओ कार्यालय मडलौडा में, 26 दिसम्बर को बीडीपीओ कार्यालय बापौली में ये भर्तियां होंगी।

# सदस्यता लेने के लिए लोगों में दिखाई दे रहा है उत्साह: बड़ौली



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने सोमवार को सदस्यता अभियान के दौरान अहम भूमिका निभाने वाले दस कार्यकताओं को उनके घर जाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने वाले कार्यकताओं की बदौलत ही आज भाजपा संगठन विश्व का सबसे बड़ा संगठन है। उन्होंने कहा कि इन्ही कार्यकताओं की मेहनत के बल पर ही भाजपा ने हरियाणा में तीसरी बार जीत हासिल कर इतिहास बनाने का कार्य किया है। प्रदेशाध्यक्ष सोमवार को सदस्यता अभियान के तहत गन्नौर स्थित प्रजापत धर्मशाला में पहुंचे जहां कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। उन्होंने कार्यकताओं को बधाई देते हुए कहा कि सदस्यता अभियान के तहत सोनीपत जिला को मिले टारगेट को यहां के कार्यकताओं ने अपनी मेहनत व परिश्रम से पूरा कर लिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा पार्टी की सदस्यता लेने के लिए लोगों में उत्साह दिखाई दे रहा है और प्रदेश में प्रतिदिन लाखों लोग पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत प्रत्येक बूथ पर जो तीन सक्रिय सदस्य बनाए जा रहे हैं इनमें एक बूथ पालक, एक बूथ अध्यक्ष व एक बीएलए-2 बनाया जाएगा, जो सरकार की नीतियों व योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के कार्य में अहम भूमिका निभाएंगे ताकि हर पात्र व्यक्ति इन योजनाओं का लाभ उठा सके। उन्होंने कहा कि वे स्वयं सदस्यता अभियान के दौरान अनेक विधानसभा क्षेत्रों में प्रवास कर चुके हैं। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा, भाजपा वरिष्ठ नेता देवेन्द्र कौशिक, भाजपा नेता आजाद नेहरा, निशांत छोक्कर, गन्नौर नगर पालिका के चेयरमैन अरूण त्यागी, संजय गौत्तम, विकास त्यागी, संजय गौत्तम, अनिल दातौली, सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हरियाणा में किसानों ने निकाला ट्रैक्टर मार्च

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा और पंजाब के शंभू-खनौरी बॉर्डर पर अपनी 13 मांगो को लेकर आंदोलन कर रहे किसानों के समर्थन में सोमवार को हरियाणा में ट्रैक्टर मार्च निकाला गया। हिसार, सोनीपत, चरखी दादरी, सिरसा, फतेहाबाद, कैथल और अंबाला में किसानों ने ट्रैक्टर मार्च करते हुए प्रदर्शन किया। हालांकि मार्च के दौरान जन जीवन सामान्य रहा। हांसी में किसान ट्रैक्टर पर रामायण टोल से मिनी सचिवालय तक गए। वहीं सोनीपत के खरखौदा में रोहणा बाइपास चौक से मार्च निकाला गया। पंजाब में मार्च निकालने का ऐलान नहीं हुआ था। यहां 18 दिसंबर को रेल रोको आंदोलन किया जाएगा।
रेल रोको आंदोलन पर परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि किसानों को ट्रेनें नहीं रोकनी चाहिए। इससे आम लोगों को परेशानी होती है। हरियाणा भाजपा अध्यक्ष मोहन बड़ौली ने कहा कि प्रदेश में हम 24 फसलों पर एम एस पी दे रहे हैं, कांग्रेस और आप की सरकार भी किसानों को एम एस पी पर फसल खरीदने की गारंटी दे। भारतीय किसान यूनियन (भूकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत सोमवार को करनाल पहुंचे। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन का फायदा इस समय भाजपा सरकार को हो रहा है। उन्होंने कहा कि अभी किसान पंजाब की जमीन पर हैं और पंजाब में सरकार आम आदमी पार्टी की है।आंदोलन कब खत्म होगा इस सवाल पर उन्होंने कहा कि ये आंदोलन 4 से 5 महीने और चलेगा। साथ ही उन्होंने किसानों को नसीहत देते हुए कहा कि "बंटोगे तो लुटोगे"।
हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने सोनीपत में पत्रकारों से बातचीत में किसानों के ट्रैक्टर मार्च पर कहा कि वो तो किसानों के साथ हैं। किसानों का हक बनता है कि उनकी जो फसल है, उसे एम एस पी पर खरीदने की गारंटी सरकार दे। वे मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने हरियाणा में किसानों की 24 फसलें एम एस पी पर खरीदने की गारंटी दी है। हरियाणा का किसान उससे संतुष्ट है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां कांग्रेस की सरकार है या आम आदमी की सरकार है, वो भी इस प्रकार की व्यवस्था करे कि किसानों को फसल पर एम एस पी मिले। आज विपक्ष जो बोलता है, उसकी भी जिम्मेदारी है कि वो भी करके दिखाए। अपनी सरकारों में किसानों की फसल खरीद की गारंटी दें।

# बीस साल से अधिक पूरे करने वाले कर्मचारियों को पक्का करने की प्रक्रिया शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार की पद रिक्त न होने की दलील नामंजूर कर पंजाब और हरियाणा हाइकोर्ट ने प्रदेश में 20 साल से अधिक समय से कार्यरत सभी अस्थायी कर्मचारियों को नियमित करने का आदेश दिया। इसके बाद राज्य सरकार ने हाइकोर्ट के आदेश की पालना के लिए कैडर पदों के सृजन को मंजूरी दे दी है।
मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देश के बाद 28 नवंबर को मुख्य सचिव कार्यालय मंजूरी दे चुका है।
कैडर पदों के सृजन के मुख्य सचिव कार्यालय के प्रस्ताव को वित्त विभाग ने मंजूरी दे दी है।
अब अस्थायी कर्मचारियों को पक्की नौकरियां मिलने जा रही हैं। हरियाणा सरकार के अधिकारी दो सप्ताह की अवधि में ऐसे सभी अस्थायी कर्मचारियों को नियमित पदों पर नियुक्ति के पत्र जारी करेंगे। साथ ही परिणामी-वित्तीय लाभ भी देंगे। प्रदेश सरकार ने अस्थायी कर्मचारियों की ओर से दायर अवमानना याचिका के जवाब में पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में यह जानकारी दी । सरकार के इस जवाब के बाद मामले की सुनवाई कर रहे जस्टिस हरकेश मनुजा ने स्पष्ट किया कि यदि हरियाणा सरकार द्वारा इस अवधि में आवश्यक कार्यवाही नहीं की जाती है तो याचिकाकर्ता वर्तमान अवमानना याचिका पर दोबारा सुनवाई करने की मांग करने के लिए स्वतंत्र होंगे और ऐसी स्थिति में संबंधित अधिकारी मुकदमेबाजी के खर्च के लिए प्रत्येक याचिकाकर्ता को 50 हजार रुपये की राशि अपनी जेब से देने के लिए उत्तरदायी होंगे। राज्य में 20 साल से अधिक समय से कार्यरत ऐसे सभी अस्थायी कर्मचारियों को नियमित करने के लिए हाई कोर्ट द्वारा 13 मार्च को पारित आदेश को लागू नहीं करने के लिए मुख्य सचिव हरियाणा के खिलाफ अवमानना याचिका दायर की थी।

# डल्लेवाल के बिगड़ते स्वास्थ्य को लेकर सैलजा ने जताई चिंता

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के बिगड़ते स्वास्थ्य को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि सरकार को इस दिशा में उचित कदम उठाना चाहिए और किसानों की मांग पर विचार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तत्काल कदम उठाना चाहिए। डल्लेवाल स्वयं पीएम के नाम खुला पत्र लिखकर एमएसपी गारंटी कानून समेत 13 मांगों को उठा चुके हैं पर सरकार है कि किसानों की बात सुनने को तैयार ही नहीं है, सरकार ने पंजाब और हरियाणा के बॉर्डर को भारत-पाकिस्तान का बॉर्डर बनाकर रख



दिया है। सरकार किसानों की बात सुनने के बजाए उन पर पानी की बौछार की जा रही है, उन पर आंसू गैस के गोले दागे जा रहे है। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि खनौरी बॉर्डर पर धरने पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का स्वास्थ्य लगातार गिर रहा है और उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। सरकार को हठधर्मिता का त्याग करते हुए किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याओं का समाधान करें। पर सरकार ने पंजाब और हरियाणा के बॉर्डर को भारत-पाकिस्तान का बॉर्डर बनाकर रख दिया है। सरकार किसानों की बात सुनने के बजाए उन पर पानी की बौछार की जा रही है, उन पर आंसू गैस के गोले दागे जा रहे है, इसी सरकार ने किसानों से एमएसपी लागू करने का वायदा कर उनके धरना खत्म करवाया था पर ये सरकार किसानों से किया गया वायदा ही भूल गई। अगर सरकार संविधान के प्रति थोडा बहुत सम्मान रखती है तो इस बात को स्वीकार करे कि उसने किसानों से एमएसपी लागू करने का वायदा किया था। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक किसानों के हकों की लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा किसानों के बजाए पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने में लगी हुई है। भाजपा सरकार ने कभी किसानों के हित की बात नहीं की। यह सरकार किसान व मजदूर के दुःख को नहीं समझ रही। किसानों को फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य मिलना चाहिए। कांग्रेस का समर्थन पहले दिन से ही किसानों के साथ है। सरकार को अपना वायदा पूरा करते हुए एमएसपी कानून लागू करना चाहिए। जब किसान अपनी पीड़ा से अवगत कराने के लिए दिल्ली जा रहे हैं तो उनके साथ हरियाणा सरकार बर्बरतापूर्ण कार्रवाई कर रही है। किसान कोई अपराधी नहीं हैं और न उन्होंने किसी सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है। बावजूद इसके सरकार ने उन पर बर्बर लाठीचार्ज करवाया और कंपकंपाती ठंड के मौसम में उन पर पानी की बौछार व आंसू गैस छोड़ी गई।

# कृष्णा गहलावत ने गांव गढ़ मीरकपुर में पहुंचकर जताया लोगों का आभार

## विधायक ने स्कूल से संबंधित सभी मांगों को पूरा करने का दिया आश्वासन

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** राई से विधायक कृष्णा गहलावत ने शनिवार को अपने धन्यवादी दौर के दौरान हलके के गांव गढ़ मीरकपुर में पहुंचकर लोगों का आभार जताया। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव संकल्प पत्र में कहें तमाम वायदों को पूरा करने के लिए सरकार पहले दिन से ही लगी हुई है। जनता से जो वायदे बीजेपी ने किये थे, उन्हें पूरा करने के लिए हम तत्पर है और जनता से किए हर वायदे का पूरा किया जाएगा। सडक, पेयजल, स्वास्थ्य और शिक्षा सहित तमाम मूलभुत सुविधाएं जनता को देने के लिए सरकार का फोक्स है।
इस दौरान स्कूल प्राचार्य नीलम दहिया ने विधायक के सामने स्कूल



से संबंधित कुछ मांगे रखी, जिसपर विधायक ने कहा कि वे बच्चों की शिक्षा के लिए हमेशा कार्य करते हैं उन्होंने दिल्ली में भी एक कोचिंग सेंटर चलाया हुआ जहां 500 से अधिक बच्चे मुफ्त में यूपीएससी, जज व अन्य उच्च पदों के लिए तैयार कर रहे हैं, जहां उनके रहने व शिक्षकों की व्यवस्था भी फ्री में की गई है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना हमारा विकास नहीं हो सकता इसलिए अपने बच्चों को शिक्षित करने के हर संभव प्रयास करें। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति उन्हें जो कार्य देगा उसको वे जरूर पूरा करेंगी क्योंकि वे कार्य करने के लिए ही राजनीति में हैं। उन्होंने कहा कि राई विधानसभा क्षेत्र

**भरोसा दिया**

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा को विकसित हरियाणा बनाने की दिशा में कार्य करेंगे**

के नागरिकों ने जिस विश्वास व उम्मीद के साथ उन्हें प्यार व मान-सम्मान देकर अपना जनप्रतिनिधि चुना है उसका वे धन्यवाद करते हैं और वे जनता को विश्वास दिलाते हैं कि वे उनकी उम्मीदों को कभी कम नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि हलके को विकास के रास्ते पर आगे ले जाने के लिए मिलकर कार्य करेंगे। विधायक के गांव गढ़ मीरकपुर में पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका पगड़ी एवं फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया। विधायक ने धन्यवादी दौरे के दौरान कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने आप लोगों के सहयोग से लगातार प्रदेश में प्रचंड बहुमत हासिल कर तीसरी बार सरकार बनाकर इतिहास रचा है।
विधायक ने कहा कि प्रदेश में हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किए जायेंगे। जो विकास कार्य चल रहे हैं, उन्हें गति देते हुए तीव्रता से करवाने का काम किया जायेगा। विकास कार्यों से संबंधित एस्टीमेट बनवाकर बजट उपलब्ध करवाते हुए विकास कार्यों को और तेजी से करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा को विकसित हरियाणा बनाने की दिशा में कार्य करेंगे।

# शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थी में सामान्य ज्ञान का भंडार जरूरी: जैन

**मार्गदर्शन**

**नैतिक शिक्षा संस्कार एवं संस्कृति का ज्ञान भी जीवन में आवश्यक है : राजीव जैन**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन ने कहा है कि शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थी में सामान्य ज्ञान का भंडार जरूरी है सभी नौकरी पाने में सफल होंगे इसके साथ ही जीवन के लक्ष्य को पाने के लिए अनुशासन, समर्पण, लग्न एवं बार-बार प्रयास करने की भावना भी होनी चाहिए। राजीव जैन सोमवार को गढ़ी ब्राह्मण स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में साथी फाउंडेशन एवं नैतिक शिक्षा संस्कार सेवा समिति द्वारा आयोजित सामान्य ज्ञान





प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट प्रदान कर रहे थे। फाउंडेशन की तरफ से स्कूल के सभी छात्रों को सामान्य ज्ञान की पुस्तक भी निशुल्क वितरित की गई।
भाजपा नेता ने कहा कि बच्चों के व्यक्तित्व का बहुआयामी होना जरूरी है तभी जीवन में आगे बढ़ सकेंगे। उन्होंने कहा कि नैतिक शिक्षा संस्कार एवं संस्कृति का ज्ञान भी जीवन में आवश्यक है अन्यथा उनके बगैर सफलता के कोई मायने नहीं है। समिति के संयोजक सतवीर आर्य ने कहा कि जो बच्चे अपने मां-बाप व गुरु जनों का आदर करेंगे वही सफल इंसान बनेंगे।

# पानीपत पुलिस की नशा तस्करों पर कार्रवाई जारी



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**सीआईए** टू पुलिस टीम ने पानीपत मुजफ्फरनगर हाईवे पर सनौली के नजदीक नाकाबंदी कर एक नशा तस्कर को 11 किलो 200 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान जहांगीर निवासी कांधला शामली यूपी हाल विकास नगर के रूप में हुई। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा नशा तस्करी की वारदातों पर अंकुश लगा आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है। अभियान के तहत सीआईए टू पुलिस की एक टीम रविवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान सनौली टोल प्लाजा के पास मौजूद थी। टीम को इसी दौरान गुप्त सूचना मिली की जहांगीर निवासी कांधला शामली यूपी हाल विकास नगर मादक पदार्थ लेकर बेचने के लिए मूलचंद

**काबू**

**ज्ञानीराम पट्रोल पंप के पास खेतों के रास्ते से पैदल पानीपत मुजफ्फर नगर हाईवे पर आएगा**

ज्ञानीराम पट्रोल पंप के पास खेतों के रास्ते से पैदल पानीपत मुजफ्फर नगर हाईवे पर आएगा।
पुलिस टीम ने सूचना को पुख्ता मानते हुए पानीपत मुजफ्फर नगर हाईवे पर पुल के पास नाकाबंदी कर संदिग्धों पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ देर पश्चात खेतों की और से एक युवक सिर पर प्लास्टिक का कट्टा रखे हुए आते दिखाई दिया। पुलिस टीम ने पास आने पर युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान जहांगीर पुत्र इकराम निवासी कांधला शामली यूपी हाल विकास नगर के रूप में बताई।

# मांगे राम कश्यप कश्यप राजपूत सभा के प्रधान निर्वाचित

**जिम्मेवारी**


**दरियाव सिंह कश्यप ने समाज को एकजुट रहने व सामाजिक बुराईयों को दूर करने की अपील की**

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**हरियाणा** कश्यप राजपूत सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं रिटायर्ड बीडीपीओ दरियाव सिंह कश्यप ने समालखा स्थित कश्यप राजपूत धर्मशाला में आयोजित कश्यप समाज की हल्का स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की।
बैठक को संबोधित करते हुए



दरियाव सिंह कश्यप ने समाज को एकजुट रहने व सामाजिक बुराईयों को दूर करने की अपील की। इस मौके पर हरियाणा कश्यप राजपूत सभा के चेयरमैन एडवोकेट श्रीराम कश्यप की देखरेख में कश्यप समाज की समालखा ईकाई का सर्वसम्मति से गठन किया गया। जिसमे समालखा निवासी मांगे राम कश्यप को हल्का प्रधान मनोनित किया गया।
कृष्ण कश्यप खोजकीपुर , जोगिंद्र कश्यप जौरासी, सुल्तान कश्यप आट्टा,ओर अशोक कुमार सिम्बलगढ को उप प्रधान,टिक्कू कश्यप समालखा को महामंत्री, अनिल कश्यप समालखा कैशियर,मनीष कश्यप समालखा संयुक्त सचिव, महेंद्र कश्यप पावटी,अनिल कश्यप समालखा व जयभगवान जौरासी को प्रचार मंत्री तथा बारू राम कश्यप,राजू कश्यप, सुल्तान कश्यप, अमित कश्यप व प्रियांशु कश्यप को सदस्य बनाया गया।
बैठक में मुख्य रूप से रणधीर जोगिन्द्र, मांगे राम, राजेश,राममेहर, रोकी, मिन्टू, रोहताश, रिंकू, राजपाल, अर्जुन, गौतम, सोनू, अजय आशीष, सहिल, जतिन, मनदीप, रविन्दु, दीपक, अनिल, रामदिया, सागर , विनोद, संदीप, विकास व सतपाल आदि ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत किया।

# विजय दिवस पर शहीदों को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** भारत की वर्ष 1971 में पाकिस्तान पर ऐतिहासिक विजय की वर्षगांठ के अवसर विजय दिवस पर सोमवार को जिला प्रशासन, सोनीपत द्वारा वीर शहीदों को कृतज्ञता के भाव से याद किया गया। डीसी डॉ मनोज कुमार ने लघु सचिवालय परिसर युद्ध स्मारक पर पहुंच कर वीर शहीदों को पुष्पचक्र अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर जिला सैनिक एवं अर्ध-सैनिक कल्याण विभाग के कल्याण अधिकारी कर्नल कुलदीप सिंह दलाल, कैप्टन बलबीर सिंह सहित अनेक रिटायर्ड सैनिक मौजूद रहे।

# फिटनेस के लिए आऊटडोर गेम्स बेहद जरूरी : डा. बलबीर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** करनाल के जाने-माने हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. बलबीर सिंह विर्क, समाजसेवी प्रवेश गाबा ने करनाल का नाम कोलकाता में रोशन किया। यहां उन्होंने अपने साथियों के साथ 25 किलोमीटर मैराथन में हिस्सा लिया। टाटा स्टील वर्ल्ड कोलकता 25 किलोमीटर मैराथन दौड़ में देशभर से आए हजारों से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया था, जिसमें करनाल ही नहीं बल्कि हरियाणा का प्रतिनिधित्व डा. बलबीर सिंह विर्क और उनकी टीम ने किया।



इस टीम में सुरेन्द्र चौहान तथा राहुल कौशिक भी शामिल रहे। डा. बलबीर सिंह विर्क और प्रवेश गाबा इससे पहले भी देश-विदेश के विभिन्न भागों में होने वाली मैराथन दौड प्रतियोगिताओं में भाग ले चुके है। मेराथन प्रतियोगिता में भाग लेकर लौटे डा. बलबीर सिंह विर्क ओर प्रवेश गाबा ने बताया कि मैराथन दौड़ में भाग लेकर वह फिटनेस के मूल मंत्र को बढ़ावा दे रहे है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से आऊटडोर गेम्स बंद हो गए है, उससे लोग कई बीमारियों का शिकार हो रहे है।

# स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन में जल और जमीन के लिए निकला रास्ता

**संपन्न**

**पांच दिन लगातार दिन-रात चला स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन (एसआइएच) संपन्न हुआ**

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
पांच दिन लगातार दिन-रात चला स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन (एसआइएच) संपन्न हो गया। हरियाणा के नोडल सेंटर पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में देश के अलग-अलग राज्यों के कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने जल संरक्षण एवं भूमि की उत्पादकता बढ़ाने वाले प्रोजेक्ट बनाए। जलजनित बीमारियों से बचाव के लिए ऐसी किट बनाईं, जिसका शहरों से दूर स्थानों पर भी आसानी से प्रयोग किया जा सकता है। पर्यावरण, इंजीनियिरंग कॉलेजों से लेकर रिफाइनरी व सरकारी विभागों से पहुंचे जजों ने रोजाना टीमों के प्रोजेक्ट की प्रक्रिया देख परिणाम जारी किए। छह टीमों को एक-एक लाख रुपये का पुरस्कार दिया गया है। पुणे की टेक चार्जर्स, कर्नाटक की इनसाइट सिंडीकेट, तमिल नाडु की एजाइल एवेंजर्स



एवं एग्रोसेन्टरी, पुणे की फुडोमिक्स और गुजरात की टीम सेंस विजेता रही। पाइट के सचिव सुरेश तायल ने कहा कि एसआइएच का यह सातवां संस्करण था। जल शक्ति मंत्रालय की तरफ से टीमों को समस्याएं दी गई थीं, जिन पर युवाओं ने समाधान निकाले। पीएम नरेंद्र मोदी ने 11 दिसंबर को शुभारंभ के अवसर पर सभी नोडल सेंटर पर टीमों से बात की थी। एसआइएच के माध्यम से समस्याओं के रचनात्मक एवं कम बजट से समाधान निकल रहे हैं। देश में स्टार्टअप संस्कृति विकसित हो रही है। विजेताओं को नोडल सेंटर हेड डॉ.श्रुति, एआइसीटीई से अवनीश, पाइट चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, बोर्ड सदस्य राजीव तायल, शुभम तायल, निदेशक डॉ.शक्ति कुमार, डीन डॉ.बीबी शर्मा, एसआइएच ऑर्गेनाइजिंग चेयरपर्सन डॉ.सुमन मान, को ऑर्गेनाइजिंग चेयरपर्सन डॉ.शक्ति अरोड़ा, स्पॉक डॉ.पूनम जागलान, पाइट एनएफएल स्कूल की प्रिंसिपल रेखा बजाज ने सम्मानित किया।
***ग्रे वाटर सिस्टम ऐसे करता है काम***
डिफेंस इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड टेक्नोलॉजी (डीआइएटी) पुणे की टीम टेक चार्जर्स ने ने जल शक्ति मंत्रालय की समस्या के तहत एक उन्नत ग्रे वाटर ट्रीटमेंट सिस्टम विकसित किया है। यह प्रणाली पानी की कमी की समस्या का समाधान करते हुए ग्रे वाटर को प्रभावी रूप से पुनः उपयोग योग्य बनाने पर केंद्रित है। इस सिस्टम में यूवी लाइट का उपयोग ग्रे वाटर को उन्नत तरीके से शुद्ध करने के लिए किया गया है।
यह तकनीक टीम ने इन-हाउस विकसित की है। सोयाबीन वेस्ट से बने बायोचार का उपयोग पारंपरिक सक्रिय चारकोल की जगह किया गया है।

# सैनिकों के आदर्शों को अपने जीवन में उतारे आमजन: उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला सैनिक कल्याण बोर्ड द्वारा सोमवार को शहीद स्मारक पर विजय दिवस के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डीसी उत्तम सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी और युद्ध वीरांगनाओं को सम्मानित किया।
उत्तम सिंह सर्वप्रथम शहीद स्मारक पर पहुंचे। यहां उन्होंने वीर शहीदों को नमन किया और अपनी श्रद्धांजलि दी। वहां मौजूद पूर्व सैनिकों ने भी शहीदों के चरणों में अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके



उपरांत जिला सैनिक कल्याण बोर्ड में आयोजिक कायक्रम में उन्होंने युद्ध वीरांगनाओं को सम्मानित किया। डीसी उत्तम सिंह ने कहा कि आमजन को भी सैनिकों के आदर्शों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। विजय दिवस सन्-1971 में हुई लड़ाई की याद में

**कार्यक्रम**

**सैनिक कल्याण बोर्ड द्वारा सोमवार को शहीद स्मारक पर विजय दिवस के मौके पर कार्यक्रम आयोजित**

मनाया जाता है। यह युद्ध हमने शांति और न्याय के लिए लड़ा था। महज 13 दिन में हमने जीत हासिल कर ली थी। युद्ध 3 दिसंबर को शुरू हुआ था और 16 दिसंबर को विजय हासिल कर ली थी। उन्होंने भारत के सभी शहीदों को याद करते हुए उनके चरणों में नमन किया। उन्होंने सैनिक परिवारो की समस्याओं को सुना और आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन सैनिक परिवारों की हर समस्या को प्राथमिकता पर हल करेगा। टीम कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने देशभक्ति गीत सुनाए और शहदों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में मौजूद पूर्व सैनिकों ने भी विजय दिवस के अवसर पर अपने विचार रखे। इस मौके पर वैलफेयर आफिसर एवं सचिव कर्नल राजीव कुंडू, ब्रिगेडियर रणधीर सिंह, लेफ्टिनेंट कर्नल कुलदीप, अनिल कुमार कथूरिया, राजेश कुमार, मुकेश, प्रवीन, कुलदीप, बृजपाल, विजया देवी, कमलजीत व अन्य पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

# नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर 4 वाहन चालकों के खिलाफ केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**नेशनल** व स्टेट हाईवे पर घटित हो रहें सड़क हादसों पर अंकुश लगाने और नागरिकों की सुरक्षा व नियमों की पालना सुनिश्चित कराने के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस की और से गत दिनों जिला यातायात पुलिस के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए है। यातायात पुलिस ने रविवार को चेकिंग के दौरान थाना शहर, थाना औद्योगिक सेक्टर-29 व थाना सदर क्षेत्र के अंतर्गत नेशनल हाईवे-44 पर लापरवाही व गलत लेन में वाहन चलाते पाए जाने पर 2 ट्रक व 2 कैंटर चालकों के



खिलाफ केस दर्ज कर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई गई।
यातायात उप पुलिस अधीक्षक सुरेश कुमार सैनी ने बताया कि वाहन चालकों द्वारा लेन ड्राइविंग का उल्लंघन करने और सड़क पर बिना वजह खड़े वाहन दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। हाईवे पर ज्यादातर हादसें भारी वाहनों चालकों की लापरवाही की वजह से होते हैं। इन हादसों में काफी लोगों की जान चली जाती है और अनेक व्यक्ति अपाहिज भी हो जाते हैं। जिला में अब स्टेट व नेशनल हाइवें पर चलने वाले ट्रकों व अन्य भारी वाहनों को पूरी तरह बाईं ओर की तरफ निर्धारित लेन में चलना होगा। स्टेट हाईवे पर सड़क हादसों से होने वाले जानमाल के नुकसान को रोकने तथा यातायात नियमों की पालना करवाने को लेकर जिला यातायात पुलिस द्वारा यह कदम उठाया गया है।

# भारतीय शिक्षा में आचरण का विशेष महत्व : स्वामी ज्ञानानन्द

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक,**
**कुरुक्षेत्र।** जीओ गीता के प्रणेता व गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि भारतीय शिक्षा में आचरण का विशेष महत्व है। वेदों एवं उपनिषदों में श्रेष्ठ पुरुष के आचरण को ही अनुकरणीय बताया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में निहित मूल्यपरक शिक्षा ही व्यक्ति के व्यक्तित्व का श्रेष्ठतम निर्माण कर सकती है। वे सोमवार को डिपार्टमेंट ऑफ होलिस्टिक एजुकेशन, चंडीगढ़ तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में कुवि के डॉ. आरके सदन में ह्यवैश्विक विकास के लिए भारतीय शिक्षा प्रणालीह्न विषय पर आयोजित दो दिवसीय शिक्षा महाकुंभ के शुभारंभ अवसर




पर बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इससे पहले दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पूज्य स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि भारतीय शिक्षा व्यवस्था केवल मात्र बाह्य विकास तक ही सीमित नहीं रही है। सत्य यह है कि भारत ने कभी भी बाहर के विकास को समग्र विकास के रूप में स्वीकार भी नहीं किया। उन्होंने कहा कि मनुष्य के भीतर दिव्यताएं हैं, बस आवश्यकता है कि भीतर का अर्जुन ही प्रकट रहे, भीतर कहीं दुर्योधन प्रकट न हो वो कार्य शिक्षा कर सकती है। हमें भविष्य की चिंता किए बिना वर्तमान में अपनी ऊर्जा को फोकस कर अपना कार्य क्षमताओं को बढ़ाना है। इस दो दिवसीय शिक्षा महाकुंभ का अमृत मंथन भारतीय शिक्षा को वैश्विक मंच पर विशेष पहचान दिलाने में सहायक होगा।
स्वदेशी जागरण मंच के सह-संगठक व प्रसिद्ध आर्थिक विशेषज्ञ सतीश कुमार ने कहा कि भारत को विश्व के अग्रणी राष्ट्र बनाने में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अहम भूमिका होगी। इसलिए एनईपी 2020 को सही प्रावधानों के साथ क्रियान्वित करने के लिए शिक्षकों को इसे सात्विक भाव के साथ आत्मसात करना होगा। इसके साथ युवा पीढ़ी को यह बताने की भी जरूरत है कि रोजगार की परिभाषा केवल सरकारी नौकरी नहीं है बल्कि स्वरोजगार एवं उद्यमिता ही रोजगार है जो नव भारत निर्माण

**व्यक्तित्व**

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में निहित मूल्यपरक शिक्षा ही व्यक्ति के व्यक्तित्व का श्रेष्ठतम निर्माण कर सकती है**

एवं विकसित राष्ट्र का आधार है। उन्होंने कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा को पूरे भारत में एनईपी-2020 को लागू करने की बधाई दी।
कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए भारतीय मूल्यों के साथ शिक्षा प्रदान करना एनईपी का उद्देश्य है। केयू ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020

## संपादकीय

# प्रयागराज में संगम का तट पुन: ऊर्जा लिए प्रतीक्षा में

**प्रयागराज** में संगम का तट पुनः ऊर्जा लिए प्रतीक्षा में है। 12 वर्ष बीत चुके। पृथ्वी, पवन, पानी, आकाश, वायु और अग्नि अपनी अपनी गति से रचना और विलय की यात्रा कर रहे हैं। जो निर्मिति है उसका शोधन होना है। इसी निर्माति में समस्त चराचर जगत है। इस निर्मिति का एक लय है, आधार है, अध्यात्म है, दर्शन है जिसे सनातन मनीषा महाविज्ञान की संज्ञा देती है। यह अद्भुत है। अद्वितीय है। विश्व की किसी सभ्यता के पास इसको समझने की सामर्थ्य नहीं। सनातन भारत की मनीषा ने इसका गूढ़ जान लिया है और सृष्टि के साथ ही इसके संस्कारयुक्त आकार , प्रकार और आयोजनों को स्थापित भी कर लिया है। सृष्टि में पिंड की स्थापना का आधार प्रति बारहवें वर्ष संशोधित और परिमार्जित होता है। यही कुंभ है। सृष्टि के साथ साथ तीर्थ की यात्रा। अमृत घट का रहस्यमय स्वरूप। सृष्टि में तीन लोक। इन तीन में से एक लोक। इस एक लोक में तीर्थराज प्रयागराज । यहां गंगा, यमुना और सरस्वती की त्रिवेणी का पवित्र संगम। ऐसे संगम तट पर महाकुंभ का अलौकिक समागम । समुद्र मंथन के कुंभ घट से जुड़े इस तीर्थ क्रम में अब तक लाखों पड़ाव बीत चुके हैं। युगों और कल्पों की इस यात्रा में यह संगम स्वरूप भारत के तीन घाटों की यात्रा कर अपनी संपूर्णता में प्रत्येक 12 वर्ष पर प्रयागराज में अवतरित होता है। गंगा , यमुना और सरस्वती के पावन संगम को यह साक्षी मान कर मासोपरांत विदा होता है। पृथ्वी पर उपस्थित मानव जाति इसके मर्म को समझने का प्रयास करती है। सनातन की यह अवधारणा नित प्रति नई व्याख्याओं के साथ आगे बढ़ती जाती है। इस महाकुंभ के आयोजन का आधार सृष्टि के वे ही त्रिगुणात्मक अवयव हैं जिन्हें वेदों ने भी गाया है और गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने भी। तीन की इस आधार आंकिक योग से इतर इस सृष्टि और पूरे ब्रह्मांड में कुछ भी शेष है ही नहीं। इसी लिए सनातन संस्कृति और इसके समस्त शास्त्रों में सृष्टि और प्रकृति को त्रिगुणात्मक कहा गया है। इस त्रिगुणात्मक स्वरूप की व्याख्या आगे करेंगे लेकिन इसके तीन अंग कितने और किस रूप में व्यवस्थित हैं, उसको समझना जरूरी है। यह कुंभ क्या है? एक घट। यानी घड़ा। अमृत से भरा हुआ घट ही समुद्रंथन से प्राप्त हुआ था। उस घट में विद्यमान अमृत की प्राप्ति की इच्छा ने ही सुर और असुर संघर्ष को जन्म दिया। प्रत्येक 12 वें वर्ष, इस ब्रह्मांड की इस सृष्टि में पृथ्वी पर एक मात्र गंगा, यमुना और सरस्वती का यह संगम स्थल है जहां उस घट की अमृत की कुछ बूंदें यहां प्राप्त हो जाने की संभावना प्रबल रहती है। इन बारह वर्षों की अवधि के भीतर प्रत्येक तीन वर्ष पर यह आंशिक स्थिति हरिद्वार, नासिक और उज्जैन में बनती है। इसीलिए इन तीन स्थानों पर क्रम से प्रत्येक तीन वर्ष के अंतराल पर अर्ध कुंभ आयोजित होते हैं। कुंभ और इस ब्रह्मांड के संबंधों को भी समझने की जरूरत है। अंड शब्द का आशय एक कोष से है। ऐसा कोष जिसमें जगदनियंता परम ब्रह्म विराजमान हो। ब्रह्म जो अजन्मा है। अविनाशी है। उसी के कोष को ब्रह्मांड कहते हैं। अर्थात ब्रह्मांड में जो है वह ब्रह्म है, अविनाशी है, अमर है। इसीलिए सनातन शास्त्रों ने मनुष्य की व्याख्या करते समय इसे अमृतस्य पुत्राः की संज्ञा प्रदान की है। उस ब्रह्मांड का जो आकार है।

# जाकिर हुसैन के निधन से शून्य हुई तबले की थाप

ललित गर्ग

> "हर जगह यह बेजोड़ तबला वादक शास्त्रीयता की राह पर चलते हुए भक्ति का एक लोकपथ सृजित करता था, धरती से ब्रह्माण्ड तक, संगीतप्रेमियों से वैज्ञानिकों तक, राजनीतिज्ञों से साधकों तक सबकी नजरें इस अलौकिक एवं विलक्षण तबला वादक पर लगी रहती थी। आधुनिक संदर्भों में शास्त्रीय तबला के मूर्धन्य एवं सिद्ध उपासकों की कड़ी में जाकिर हुसैन का देवलोकगमन होना एक महान संगीत एवं तबला परंपरा में गहरी रिक्तता एवं एक बड़े खालीपन का सबब है। भले ही मृत्यु उन्हें छिपा ले और महत्तर मौन उन्हें घेर ले, फिर भी उनके स्वर, तबला वादन एवं संगीत का नाद इस धरती को सुकोमलता का अहसास कराता रहेगा"

**दुनियाभर** में शास्त्रीय संगीत में भारत को अलग पहचान दिलाने वाले उस्ताद और मशहूर तबला वादक जाकिर हुसैन अब हमारे बीच नहीं रहे। 73 साल की उम्र में हुसैन ने अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में आखिरी सांस ली। उनके निधन से आज भारतीय संगीत की लय थम गई, सुर मौन हो गए, भाव शून्य हो गए। मौसिकी की दुनिया में हुसैन के तबले की थाप एक अलहदा पहचान रखती है, वे दुनिया भर के अनगिनत संगीत प्रेमियों द्वारा संजोई गई एक असाधारण विरासत छोड़ गए हैं, जिसका प्रभाव आने वाली पीढ़ियों तक बना रहेगा। भारतीय तबले की गौरवशाली परंपरा की सुगंध विश्व भर में प्रसारित करने वाले हुसैन के अनंत में विलीन होने से गहन सन्नाटा छा गया है। हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत एवं तबला वादन का दुनिया में विशिष्ट स्थान है, क्योंकि यह सत्यं, शिवं और सौन्दर्य की युगपत उपासना की सिद्ध एवं चमत्कारी अभिव्यक्ति है। उन्होंने भारतीय शास्त्रीय संगीत में क्रांति का शंखनाद किया।

उस्ताद जाकिर हुसैन का जन्म 9 मार्च 1951 को हुआ, जाकिर हुसैन तबला वादक उस्ताद अल्ला रक्खा के बेटे थे। हुसैन का बचपन मुंबई में ही बीता। 12 साल की उम्र से ही जाकिर हुसैन ने संगीत की दुनिया में अपने तबले की आवाज को बिखेरना शुरू कर दिया था। प्रारंभिक शिक्षा और कॉलेज के बाद हुसैन ने कला के क्षेत्र में अपने आप को स्थापित करना शुरू कर दिया। 1973 में उनका पहला एलबम लिविंग इन द मैटेरियल वर्ल्ड आया था। उसके बाद तो जैसे जाकिर हुसैन ने ठान लिया कि अपने तबले की आवाज को दुनिया भर में बिखेरेंगे। 1979 से लेकर अब तक जाकिर हुसैन विभिन्न अंतरराष्ट्रीय समारोहों और एलबमों में अपने तबले का दम दिखाते रहे। जाकिर हुसैन भारत में तो बहुत ही प्रसिद्ध थे साथ ही साथ विश्व के विभिन्न हिस्सों में भी समान रूप से लोकप्रिय थे। वे भारतीय संगीत जगत का एक उज्ज्वल नक्षत्र थे। वे पारम्परिक कौशल, रचनात्मकता एवं संवेदनशीलता से युक्त तबला वादन में कल्पनाशील विस्तार, गहन अलौकिकता और अचूक कलात्मक संयम एवं वैभव के लिये विख्यात थे। वे अपनी कला के अकेले महारथि थे। उन्होंने शास्त्रीय संगीत एवं कला को लोकरंजन का साधन बनाने के लिये क्लिष्टता को दूर कर उसे सुगम बनाया।



ईश्वर को आलोकपुंज मानते हुए उससे एकाकार होकर अपनी कला को प्रस्तुति देते हुए हुसैन ऐसा प्रतीत कराते थे, मानो उनका ईश्वर से सीधा साक्षात्कार हो रहा है। यही कारण है कि उनके तबले वादन एवं संगीत साधना से रू-ब-रू होने वाले असंख्य लोग उनकी साधना में गौता लगाते हुए मंत्रमुग्ध हो जाते थे। उनका यह स्थान सर्वोपरि रहा है, जिसे अब कोई पूरा नहीं कर सकता। उनके निधन से तबला वादन संसार की एक पाठशाला आज वीरान हो गई। जाकिर हुसैन यूं तो सम्मान एवं पुरस्कारों से ऊपर थे। फिर भी उन्हें 1988 में जब पद्मश्री का पुरस्कार मिला था तब वह महज 37 वर्ष के थे और इस उम्र में यह पुरस्कार पाने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति भी थे। इसी तरह 2002 में संगीत के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें पद्म भूषण का पुरस्कार दिया गया था। 22 मार्च 2023 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। उस्ताद जाकिर हुसैन तबले को हमेशा आम लोगों से जोड़ने की कोशिश करते थे।

यही वजह थी कि शास्त्रीय विधा में प्रस्तुतियों के दौरान बीच-बीच में वे अपने तबले से कभी डमरू, कभी शंख तो कभी बारिश की बूंदों जैसी अलग-अलग तरह की ध्वनियां निकालकर सुनाते थे। वे कहते थे कि शिवजी के डमरू से कैलाश पर्वत से जो शब्द निकले थे, वही शब्द लेकर उन्हें ताल की जुबान में बांधा। हम सब तालवादक, तालयोगी या तालसेवक उन्हीं शब्दों को अपने वाद्य पर बजाते हैं। गणेशजी इन सबके कुलदेव हैं। उस्ताद जाकिर हुसैन की शख्सियत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने महज 11 साल की उम्र में अमेरिका में पहला कॉन्सर्ट किया। यानी तकरीबन 62 साल तक उनका और तबले का साथ नहीं छूटा। उन्हें उनकी पीढ़ी के सबसे महान तबला वादकों में माना जाता है। जब तबले का जिक्र आता है तो सबसे बड़े नामों में उस्ताद जाकिर हुसैन का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। उन्होंने न सिर्फ अपने पिता उस्ताद अल्ला रक्खा खां की पंजाब घराने (पंजाब बाज) की विरासत को आगे बढ़ाया, बल्कि तबले के शास्त्रीय वादन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी ले गए। उस्ताद को संगीत की दुनिया का सबसे बड़ा ग्रैमी अवॉर्ड 1992 में द प्लेनेट ड्रम और 2009 में ग्लोबल ड्रम प्रोजेक्ट के लिए मिला। इसके बाद 2024 में उन्हें तीन अलग-अलग संगीत एलबमों के लिए एकसाथ तीन ग्रैमी मिले। 1978 में जाकिर हुसैन ने कथक नृत्यांगना एंटोनिया मिनीकोला से शादी की थी। उनकी दो बेटियां हैं, अनीसा कुरैशी और इसाबेला कुरैशी। अनीसा ने यूसीएलए से स्नातक किया है और वह एक फिल्म निमार्ता हैं। 1983 में जाकिर हुसैन ने फिल्म हीट एंड डस्ट से अभिनय के क्षेत्र में कदम रखा। इसके बाद 1988 में द परफेक्ट मर्डर, 1992 में मिस बैटीज चिल्डर्स और 1998 में साज फिल्म में भी उन्होंने अभिनय किया।

हुसैन का तबला वादन का सृजन एवं संगीत मनोरंजन एवं व्यावसायिकता के साथ आध्यात्मिकता एवं सृजनात्मकता का आभामंडल निर्मित करने वाला है। उनके भारतीय शास्त्रीय संगीत की साधना एवं तबला वादन का उद्देश्य आत्माभिव्यक्ति, प्रशंसा या किसी को प्रभावित करना नहीं, अपितु स्वान्तः सुखाय, पर-कल्याण एवं ईश्वर भक्ति की भावना है। इसी कारण उनका शास्त्रीय संगीत, एवं तबला वादन स्वरों की साधना सीमा को लांघकर असीम की ओर गति करती हुई दृष्टिगोचर होती है। उनका उनका तबला वादन हृदयग्राही एवं प्रेरक है क्योंकि वह सहज एवं हर इंसान को आत्ममुग्ध करने, झकझोरने एवं आनन्द-विभोर करने में सक्षम है। भगवान शिव की जीवंतता को साकार करने वाला यह महान् कलाकार सदियों तक अपनी शास्त्रीय-संगीत साधना एवं तबला वादन के बल पर हिन्दुस्तान की जनता पर अपनी अमिट छाप कायम रखेगा। 90 के दशक में ताजमहल चाय के वाह ताज विज्ञापन ने उन्हें हर घर में पहचान दिलाई। इस विज्ञापन में चाय की चुस्की लेते हुए उनकी तबला जुगलबंदी के दौरान बोली गई वाह ताज ने ताजमहल चाय को आम लोगों में फेमस कर दिया था। जाकिर हुसैन के तबला वादन की तासीर ही है कि उन्हें सुनते एवं देखते हुए कोई शख्स तनावों की भीड़ में शांति महसूस करता तो किसी के अशांत मन के लिये वह समाधि का नाद होता है। उनका संगीत एवं तबला वादन चंचल चित्त के लिये एकाग्रता की प्रेरणा होता तो संघर्ष के क्षणों में संतुलन का उपदेश। वह एक दिव्य एवं विलक्षण चेतना थी जो स्वयं संगीत एवं तबला वादन में जागृत रहती और असंख्य श्रोताओं के भीतर ज्योति जलाने का प्रयास करती।

हर जगह यह बेजोड़ तबला वादक शास्त्रीयता की राह पर चलते हुए भक्ति का एक लोकपथ सृजित करता था, धरती से ब्रह्माण्ड तक, संगीतप्रेमियों से वैज्ञानिकों तक, राजनीतिज्ञों से साधकों तक सबकी नजरें इस अलौकिक एवं विलक्षण तबला वादक पर लगी रहती थी। आधुनिक संदर्भों में शास्त्रीय तबला के मूर्धन्य एवं सिद्ध उपासकों की कड़ी में जाकिर हुसैन का देवलोकगमन होना एक महान संगीत एवं तबला परंपरा में गहरी रिक्तता एवं एक बड़े खालीपन का सबब है। भले ही मृत्यु उन्हें छिपा ले और महत्तर मौन उन्हें घेर ले, फिर भी उनके स्वर, तबला वादन एवं संगीत का नाद इस धरती को सुकोमलता का अहसास कराता रहेगा।

## कविता

**नशा नाश करो विश्वास**

आओ बच्चों कथा सुनाएं
नशे के दुष्परिणाम की।

नशा नाश करता आघात
यह बात है बड़े ज्ञान की।

दुर्गति करे और मति हरे
यह बुद्धिमान इंसान की।

नशा नाश करो विश्वास
यह कहावत वेद-पुराण की।

हास परिहास में ढींगे हांके
व्यर्थ निरर्थक बखान की।

शौंक-शौंक में सुट्टे मारे
पहल करे धूम्रपान की।

देखा देखी जोड़ियां बन गई
नशाखोरी में इंसान की।

एक-एक कर जुड़े निठल्ले
टोलियां बनी शैतान की।

बच्चों कुसंग से भला एकाकी
मंडली रखियो अच्छे इंसान की।

डॉ अशोक कुमार

# "सांस्कृतिक और आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा देता अंतरराष्ट्रीय जौलजीबी मेला"

**पिछले** डेढ़ साल से मैं मिर्थी, पिथौरागढ़, उत्तराखंड में हूं। उस दिन15 नवंबर 2024 का दिन था। श्री गुरु नानक देव जी की जयंती होने के कारण राजपत्रित अवकाश भी था और इसलिए हमने मिर्थी से जौलजीबी मेले में घूमने का प्लान बनाया। लगभग 26 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है मिर्थी से जौलजीबी।

पिथौरागढ़ से इसकी दूरी 68 किलोमीटर के आसपास पड़ती है।सुबह नो बजे एक निजी वाहन से अस्कोट होते हुए तीस-पैतीस मिनट में ही हम जौलजीबी पहुंच गए। अवसर था- भारत नेपाल सीमा पर काली और गौरी नदी के संगम पर लगने वाले अंतरराष्ट्रीय जौलजीबी मेले का। यह टनकपुर-तवाघाट नेशनल हाइवे पर स्थित है। वैसे जौलजीबी कैलाश मानसरोवर के प्राचीन यात्रा मार्ग पर बसा है। जानकारी मिलती है कि स्व. गजेन्द्रबहादुर पाल अस्कोट के ताल्लुकदार थे। यहां भगवान शिव का प्राचीन मंदिर भी है। असकोट के पाल राजाओं ने ही यहाँ जैलेश्वर महादेव तथा अन्नपूर्णा देवी के मन्दिरों की स्थापना की।चीनी आक्रमण से पहले तक यह मेला उत्तरभारत का सबसे प्रसिद्ध व्यापारिक मेला था। इस मेले को राजकीय दर्जा प्राप्त है। पाठकों को बताता चलूं कि तिब्बत से आने वाला रेशम जौलजीबी मेले से ही कोलकाता और बनारस तक पहुंचता था। कभी नेपाल में तैयार होने वाले घी के लिए भी यह मेला एक व्यापारिक मंडी की तरह है। नजदीकी धारचूला, तल्लाबगड़, गोरीछाल, मुनस्यारी, गर्खा क्षेत्र के लोग इस मेले से गहरे जुड़े हुए हैं, क्यों कि ये नजदीकी क्षेत्र पड़ते हैं और स्थानीय लोगों की जरूरतें इसी से पूरी होती हैं। मेरे में स्थानीय उत्पाद खूब बिकते हैं। जौलजीबी के बायीं ओर से काली तो दाईं ओर से गोरी नदी बहती है। अनुमान है कि इन दोनों नदियों के नजदीक लगभग दो- ढाई सौ परिवार रहते होंगे। बुजुर्ग बताते हैं कि कभी अंग्रेजों ने भी यहां मेले का संचालन किया था?।वास्तव में,जौलजीबी भारत के उत्तराखण्ड राज्य के कुमाऊँ मण्डल के पिथौरागढ़ ज़िले में स्थित एक छोटी बस्ती और बाजार है।काली और गोरी नदियों के संगम तथा नेपाल की सीमा पर यह स्थित है। यहां एक हैंगिंग ब्रिज बना है जिससे दोनों (भारत-नेपाल) के बाजार जुड़े हैं। इस पुल की भार क्षमता 20-30 व्यक्तियों की है। हैंगिंग ब्रिज के नीचे से नदी बहती है और काली और गौरी नदियों का पानी अलग-अलग और बिल्कुल साफ दिखाई देता है। हैंगिंग पुल के दोनों ओर भारत-नेपाल के जवान सुरक्षा के लिए तैनात रहते हैं। भारतीय सीमा पर सीसीटीवी कैमरे भी सुरक्षा के लिए लगाए गए हैं, नेपाल की ओर जाने पर यहां एक रजिस्टर में इन-आउट एंट्री की जाती है।

## विचार

# घरेलू विवाद से दहेज के झूठे मामलों में उलझते पुरुष

**प्रियंका सौरभ**

**पुरुषों** के अधिकारों से तात्पर्य कानूनी और सामाजिक अधिकारों से है, जो खास तौर पर पुरुषों के सामने आने वाली समस्याओं को सम्बोधित करते हैं। भारत में, जबकि महिला सशक्तिकरण पर ध्यान देना जरूरी है, पुरुषों की चुनौतियों पर अक्सर ध्यान नहीं दिया जाता है, जैसे कि धारा 498ए आईपीसी के तहत घरेलू हिंसा के मामलों में झूठे आरोप, मानसिक स्वास्थ्य सहायता की कमी और सीमित पैतृक अधिकार। साझा पालन-पोषण कानूनों के इर्द-गिर्द हाल की बहसें लैंगिक न्याय के लिए एक संतुलित दृष्टिकोण की आवश्यकता को उजागर करती हैं। भारत में पुरुषों के अधिकारों को अक्सर लैंगिक समानता पर व्यापक चर्चा में कम ध्यान दिया जाता है। घरेलू दुर्व्यवहार के शिकार के रूप में पुरुषों को कानूनी मान्यता नहीं मिलती है, जिससे सुरक्षा की मांग करना या दुर्व्यवहार के मामलों की रिपोर्ट करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। जीवनसाथी द्वारा भावनात्मक, वित्तीय या शारीरिक शोषण के शिकार पुरुषों को सामाजिक कलंक का सामना करना पड़ता है और घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम, 2005 जैसे मौजूदा ढाँचों के तहत कानूनी सहारा नहीं मिलता है।

पुरुषों से भावनाओं को दबाने की सामाजिक अपेक्षाएँ उनके मानसिक स्वास्थ्य की उपेक्षा करती हैं, जिससे आत्महत्या की दर और अनुपचारित मनोवैज्ञानिक समस्याएँ बढ़ती हैं। 2022 के एनसीआरबी के आंकड़ों से पता चलता है कि आत्महत्या के 72.5% मामले पुरुषों के हैं, जो लिंग-संवेदनशील मानसिक स्वास्थ्य नीतियों की आवश्यकता पर बल देता है। तलाक या अलगाव कानून मातृ हिरासत का पक्ष लेते हैं, पिता की भूमिका को हाशिए पर डालते हैं और बच्चे के पालन-पोषण में उन्हें समान अधिकारों से वंचित करते हैं। अभिभावक और वार्ड अधिनियम, 1890, मातृ हिरासत को प्राथमिकता देता है जब तक कि माँ को अयोग्य नहीं माना जाता है, जिससे माता-पिता की भागीदारी के लिए पिता के अवसर सीमित हो जाते हैं। धारा 498ए (दहेज उत्पीड़न) जैसे लिंग-विशिष्ट कानूनों का कभी-कभी दुरुपयोग किया जाता है, जिससे निर्दोष पुरुषों को प्रतिष्ठा, वित्तीय और भावनात्मक नुकसान होता है। राजेश शर्मा बनाम यूपी राज्य (2017) में, सुप्रीम कोर्ट ने धारा 498ए के दुरुपयोग को नोट किया और झूठे आरोपों के खिलाफ सुरक्षा उपाय पेश किए। पुरुषों के पास शिकायतों को दूर करने के लिए समर्पित संस्थान या हेल्पलाइन का अभाव है सामाजिक रूढ़िवादिता पुरुषों को अपराधी के रूप में चित्रित करती है, संस्थागत दृष्टिकोण को प्रभावित करती है और कार्यस्थल पर दुर्व्यवहार या यौन उत्पीड़न जैसे मामलों में उचित उपचार को सीमित करती है। विशाखा दिशा-निर्देश केवल महिलाओं के लिए कार्यस्थल पर उत्पीड़न को कवर करते हैं, जिससे पुरुष पीड़ितों को भारतीय कानून के तहत समान सुरक्षा नहीं मिलती है। यौन शोषण के वयस्क पुरुष उत्तरजीवी कानूनी ढांचे में अपरिचित रहते हैं, जिससे उन्हें वैधानिक उपचार या संस्थागत सहायता से वंचित रखा जाता है। उदाहरण के लिए, आईपीसी की धारा 375 बलात्कार को केवल एक महिला के दृष्टिकोण से परिभाषित करती है, जिससे यौन उत्पीड़न के पुरुष उत्तरजीवी बिना किसी सहारे के रह जाते हैं। लिंग-तटस्थ कानूनों के लिए लिंग न्याय के लिए एक संतुलित दृष्टिकोण सुनिश्चित करने के लिए नीति सुधार।

घरेलू हिंसा अधिनियम और आईपीसी की धारा 498ए जैसे मौजूदा कानूनों को संशोधित कर-के उन्हें लिंग-तटस्थ बनाया जाए, जिससे घरेलू हिंसा और झूठे आरोपों के खिलाफ पुरुषों के लिए समान सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। कनाडा और यूके जैसे देशों में, घरेलू हिंसा कानून लिंग-तटस्थ हैं यह पैतृक शिकायतों को सम्बोधित करते हुए बच्चे के सर्वोत्तम हितों को बढ़ावा देता है। साझा पालन-पोषण की अवधारणा ऑस्ट्रेलिया में अच्छी तरह से स्थापित है, जो हिरासत के निर्णयों में दोनों माता-पिता के लिए समान विचार को अनिवार्य बनाती है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## व्यंग्य

# शोकसभा: कक्काजी जैसे ही परलोक सिधारे...

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

**गांव** के बाहरी छोर पर बस स्टॉप के पास का वह पुराना बरगद का पेड़ आज एक नए किस्म के तमाशे का गवाह बना। पुराने जमाने में यह पेड़ पंचायत और न्याय का केंद्र था। पर आज इसकी शाखाओं के नीचे जो हो रहा था, उसे देखकर खुद पेड़ भी शर्म से झुक गया होगा। दरअसल, यह पूरा मामला गांव के रसूखदार "कक्काजी" के निधन से शुरू हुआ। कक्काजी जैसे ही परलोक सिधारे, गांव में अफरा-तफरी मच गई। रोने-धोने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। लेकिन ध्यान देने वाली बात यह थी कि इस भीड़ में से आधे लोग ऐसे थे, जिन्हें कक्काजी के जीते-जी उनकी शक्ल तक पहचाननी मुश्किल होती।

शोक सभा में "ओवरएक्टिंग ब्रिगेड" का धमाकेदार आगमन हुआ। उनके लीडर, "मुनुआ मास्टर," जो खुद को "दूसरे दिलीप कुमार" मानते थे, ने आते ही ऐसा विलाप करना शुरू किया, मानो कक्काजी उनके परम मित्र थे। "हाय कक्काजी! अब मैं किसके सहारे जियूंगा?" उन्होंने इतनी करुणा से चिल्लाया कि बगल में खड़ी महिला हक्की-बक्की रह गई। वहीं, "रामखिलावन" ने मुनुआ मास्टर को पीछे छोड़ने की ठानी। उन्होंने अपने आंसू निकालने के लिए प्याज का सहारा लिया। आंखों से झर-झर बहते आंसुओं के बीच उन्होंने डायलॉग फेंका, "कक्काजी, आप बहुत याद आओगे। अब आपके बिना दुनिया सूनी हो गई!" इस बीच, "चंदन भाई" और उनकी मंडली, जिनका शोक से ज्यादा सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने का शौक था, अपनी सेल्फी मोड में व्यस्त हो गए। "भाई, जरा ऐसे पोज दो, जिससे लगे कि हम बहुत दुखी हैं," चंदन ने कहा। "कैप्शन क्या डालें?" उनके दोस्त ने पूछा। "लाइफ इज शॉर्ट, किप स्माइलिंग।" फोटो अपलोड हुई और तुरंत 200 लाइक्स आ गए। कोई कमेंट कर रहा था, "सच्चा शोक!" तो कोई पूछ रहा था, "कक्काजी कौन थे?"

शोक सभा के माहौल में एक और टीम एक्टिव थी—पेट-पूजा के कलाकार। "भूखलाल" और उनके साथी खाना खाने के बहाने शोक व्यक्त करने आए थे।

# मनुष्य जीवन में शौच-आशौच का दोषमार्जन!

**आत्माराम यादव पीव**

**हम** सबके पास सुंदर काया है जिसे देह या शरीर नाम भी मिला है ओर हम सभी अपने आप में इस देह में न जाने कितनी ज्ञात अज्ञात बातें समेटे हुये इन बातों से अनभिज्ञ रहकर जीते है। देखा जाये तो जन्म से लेकर मृत्यु तक अनेक अवसर आते है जब हम इस देह को उसी समय स्मरण रखते है जब हम कोई विशेष उपलब्धि पाते है शेष समय हम ओर आप शरीर के साथ असंख्य संभावनाओं को लिए एक खुमारी में होते है जिसका हमे पता तक नहीं होता है। योग भोग में लगी यह देह पंच तत्व से निर्मित ओर पंच इंद्रियों के वशीभूत होकर जीने के अवसर देती भी है ओर जीवन के अवसर छीनकर नैराश्य में गिराती भी है। इन्द्रियाँ फिर उस देह को, उसके मन और हृदय को किसी बहुरुपदर्शक ,की मानिंद मोह माया के अनंत, सुन्दर समीकरणों और प्रस्तावो में उलझा देती है जिसमें शरीर के प्रति अशौच ओर उसके दोषमार्जन से बचाव कर उसकी सुचिता ओर शुभ्रता के अवसर खोकर उसके दुष्परिणामों से देह को बचाना मुश्किल होता है। देह के प्रति आसक्ति सभी को है किन्तु शौच ओर अशौच के प्रभाव से यह देह मुक्त नहीं होती, इसकी मुक्ति का एकमात्र उपाय हमारे ऋषि मुनियों के द्वारा धर्मसूत्रों में प्रतिपादित नियमों का पालन करना है ताकि अशौच के इन गंभीर दोषों को वैदिक पद्धति से निराकृत कर इस देह को पवित्र पावन रख अपना जीवन सभी प्रकार से आनंद ओर उल्लास से जी सके। मनुष्य धर्म के साथ ही पैदा होता है, जीता है तथा उसके साथ ही मृत्यु को प्राप्त होता है। उसके बिना उसका जीवन अधूरा तथा संकटमस्त है। मनुष्यजीवन से यदि धर्म को पृथक कर दिया जाय तो मनुष्य में मनुष्यता ही नहीं बचेगी और उसका अन्य पशु आदि प्राणियोंसे भेद किस तरह किया जा सकेगा, यह उसके जन्म मृत्यु के अशौच संस्कारों से विचारणीय होगा। मनुष्य जब पैदा होता है उस समय अन्य प्राणियों की तरह प्राकृत व असंस्कृत स्थिति में ही पैदा होता है। फिर उस में संस्कार किये जाते हैं तब वह सस्कृत बनता है। तभी वह मनुष्य ब्राह्मण, क्षत्रिय आदि कहलाने का वास्तविक अधिकारी बनता है।

## न्यूज फ्लैश

### प्रो. ब्रजेश साहनी बने कुवि के डीन ऑफ कालेजिज

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार अंग्रेजी विभाग के प्रोफेसर ब्रजेश साहनी को तत्काल प्रभाव से आगामी आदेशों तक डीन ऑफ कालेजिज का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। यह जानकारी लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने दी। प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि प्रो. ब्रजेश साहनी ने सोमवार को कार्यभार संभालते हुए व इस महत्वपूर्ण जिम्मेवारी को सौंपने के लिए कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा का आभार प्रकट किया व कहा कि वे पूरी लगन व निष्ठा के साथ कार्य करेंगे। इस अवसर पर प्रो. अनिल वोहरा, प्रो. संजीव अरोड़ा, प्रो. संजीव अग्रवाल, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. भगवान सिंह चौधरी, प्रो. प्रेम सिंह, प्रो. राजेन्द्र नाथ, प्रो. नीरा राघव, प्रो. परमेश कुमार, डॉ. दीपक राय बब्बर, डॉ. गुरचरण सिंह, डॉ. पंकज गुप्ता, चन्द्रशेखर, सतपाल सहित कॉलेज ब्रांच के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

### डीएम कैपिटल एडवाइजर्स लिमिटेड की आईपीओ 19 दिसंबर, को खुलेगी

**नोएडा।** डीएम कैपिटल एडवाइजर्स लिमिटेड ("कंपनी"), गुरुवार, 19 दिसंबर, 2024 को अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम ("प्रस्ताव") खोलने का प्रस्ताव करती है। बोली/प्रस्ताव बंद होने की तिथि सोमवार, 23 दिसंबर, 2024 होगी। एंकर निवेशक बोली तिथि बोली/प्रस्ताव खुलने की तिथि से एक कार्य दिवस पहले है, अर्थात बुधवार, 18 दिसंबर, 2024 है। ऑफर का मूल्य बैंड रु 269/- प्रति इक्विटी शेयर से रु 283/- प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 53 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 53 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोलियां लगाई जा सकती हैं। कंपनी के रु 2 अंकित मूल्य वाले 29,690,900 इक्विटी शेयरों की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश ("इक्विटी शेयर")। इस ऑफर में मल्टीपल्स अल्टरनेट एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ("एमएएमपीएल") द्वारा रु2 अंकित मूल्य के 8,714,400 इक्विटी शेयरों की बिक्री का ऑफर शामिल है, जिसका कुल मूल्य रु [ ?] मिलियन है, नरोतम सत्यनारायण सेखसरिया ("एनएसएस") द्वारा रु2 अंकित मूल्य के 7,042,400 इक्विटी शेयरों की बिक्री का ऑफर शामिल है, जिसका कुल मूल्य रु [ ?] मिलियन है, आरबीएल बैंक लिमिटेड ("आरबीएल") द्वारा रु2 अंकित मूल्य के 5,771,000 इक्विटी शेयरों की बिक्री का ऑफर शामिल है, जिसका कुल मूल्य रु [ ?] मिलियन है, ईजीएसएस फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ("ईएफएसएल", एमएएमपीएल, एनएसएस के साथ) द्वारा ?2 अंकित मूल्य के 5,064,250 इक्विटी शेयरों की बिक्री का ऑफर शामिल है और आरबीएल, "निवेशक विक्रय शेयरधारक") और रु2 अंकित मूल्य के 3,098,850 इक्विटी शेयर तक कुल मिलाकर रु [ ?] मिलियन तक धर्मेश अनिल मेहता ("प्रवर्तक विक्रय शेयरधारक", निवेशक विक्रय शेयरधारकों के साथ, "विक्रय शेयरधारक" और विक्रय शेयरधारकों द्वारा इस तरह की पेशकश, "बिक्री के लिए प्रस्ताव")।




### जेके सीमेंट ने अपनी नई ग्राइंडिंग यूनिट का भूमि पूजन किया

**गुरुग्राम।** भारत में ग्रे सीमेंट के प्रमुख निर्माताओं में से एक और दुनिया में व्हाईट सीमेंट के अग्रणी निर्माताओं में से एक जेके सीमेंट ने आज बिहार के बक्सर में नई ग्रे सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट का भूमि पूजन किया। कंपनी ने पूर्वी भारत में अपने फुटप्रिंट को मजबूत बनाने के प्रयासों को जारी रखते हुए यह विस्तार किया है, जो क्षेत्र में इन्फ्रास्ट्रक्चर और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगा। जेके सीमेंट के वाइस चेयरमैन डॉ निधिपति सिंघानिया तथा जेके सीमेंट के जॉइन्ट मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ श्री माधवकृष्ण सिंघानिया ने नई ग्राइंडिंग यूनिट का भूमि पूजन किया। कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी भूमि पूजन समारोह के दौरान मौजूद रहे। इस उपलब्धि के साथ कंपनी ने बिहार के मार्केट में विश्वसनीय सीमेंट उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने की दिशा में एक और नए अध्याय की शुरूआत की है। नई ग्राइंडिंग यूनिट पर बात करते हुए डॉ राघवपत सिंघानिया, मैनेजिंग डायरेक्टर, जेके सीमेंट ने कहा, ह्ह्आज आयोजित यह समारोह बिहार में जेके सीमेंट के लिए ऐतिहासिक कदम है। हमें खुशी है कि हम अपने उच्च गुणवत्ता के उत्पादों को इस वाइब्रेंट एवं तेजी से विकसित होते क्षेत्र में ला रहे हैं।

# पानीपत में रोजगार मेले का आयोजन, पंचायत मंत्री पंवार ने की शिरकत

लगभग 60 औद्योगिक संस्थाओं व 25 प्रशिक्षण संस्थाओं को आमंत्रित किया गया

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, (कमाल हुसैन)

प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को उनके कौशल के अनुसार रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए सोमवार को पानीपत में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें हरियाणा के विकास एवं पंचायत व खनन एवं भू-विज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने बतौर मुख्यातिथि सम्बोधित करते हुए कहा कि मेले में इस योजना के अंतर्गत हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत लगभग 60 औद्योगिक संस्थाओं




व 25 प्रशिक्षण संस्थाओं को आमंत्रित किया गया ताकि जो युवा व युवतियां कौशल प्रशिक्षण लेना चाहते हैं वे अपना पंजीकरण करवा सकें। इस योजना के अंतर्गत मिशन द्वारा नई पहल की जा रही है जिसके तहत माईग्रेशन स्पोर्ट सैन्टर की गुरुग्राम में स्थापना की जाएगी ताकि दिल्ली एनसीआर में काम कर रहे हरियाणा के युवा-युवतियों सभी सुविधाएं जैसे- रहने-खाने की व्यवस्था, आधार रजिस्ट्रेशन, सरकारी कल्याणकारी योजनाएं, बैंकिंग सर्विस संबंधित जानकारी दी जाएगी। पंवार ने कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा बनाए गए उत्पादों के लिए उन्हें हर जिले में सांझा बाजार उपलब्ध करवाया जाएगा जिसमें महिलाएं अपने उत्पादों को बेच सकें और उनका जीवन स्तर

**सांझा बाजार**

**समूह की महिलाओं के द्वारा बनाए गए उत्पादों के लिए उन्हें हर जिले में सांझा बाजार उपलब्ध करवाया**

बेहतर बन सके। इसके लिए करनाल जिला से शुरूआत की जा चुकी है और शीघ्र ही फतेहाबाद में सांझा बाजार शुरू किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशा-निर्देशों के अनुसार विकसित भारत के चार स्तम्भ युवा, किसान, महिलाएं व पिछड़ा वर्ग के विकास के लिए प्रदेश सरकार निरंतर कार्य कर रही है।

## समाधान शिविरों में लोगों का मौके पर किया जा रहा समाधान




टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार व उपायुक्त पार्थ गुप्ता के मार्गदर्शन मे उपायुक्त कार्यालय के सभागार मे समाधान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लोगों द्वारा अपनी समस्याओं को रखा गया और उन पर तत्काल कार्रवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा उनका मौके पर समाधान किया गया।

बता दें कि इस सोमवार को जिला स्तरीय समाधान शिविर में लोगों द्वारा कुल 5 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनको गंभीरता से लेते हुए सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उनका मौके पर समाधान किया गया। इस दौरान अधिकतर शिकायतें परिवार पहचान पत्र से सम्बन्धित थी। गौरतलब है कि हरियाणा सरकार द्वारा निर्देशित आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से जिला स्तर व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। समाधान शिविर में विभिन्न विभाग के अधिकारी प्रत्येक कार्य दिवस में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक एक छत के नीचे बैठकर लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान करते हैं।

## सैल्फी अपलोड प्रतियोगिता में ख्वाहिश गर्ग रही प्रथम

**सोनीपतः** लोकसभा आम चुनाव के दौरान स्वीप गतिविधि के तहत आयोजित मतदान के दिन सैल्फी अपलोड प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान हासिल करने वाले स्कूली बच्चों को उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने अपने कार्यालय बुलाकर सम्मानित किया। उपायुक्त ने बताया कि इस प्रतियोगिता के तहत बच्चों का चयन डिजिटल ड्रा के माध्यम से किया गया है। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ब्राईट स्कोलर सीनियर सैकेण्डरी स्कूल की छात्रा ख्वाहिश गर्ग ने प्राप्त किया है, जिसे उपायुक्त ने दस हजार रुपए की नकद राशि देकर सम्मानित किया।

## लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की हुई बैठक

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** हरियाणा के जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी व लोक निर्माण (भवन व सड़कें) विभाग मंत्री रणबीर गंगवा ने जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक ली और एजेंडे के तहत 12 शिकायतों को सुना, जिनमें से 7 का समाधान किया गया और 5 शिकायतों के समाधान से सम्बन्धित सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देकर अगली मीटिंग में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर मुलाना की विधायक पूजा चौधरी, उपायुक्त पार्थ गुप्ता, भाजपा जिला प्रधान मनदीप राणा, पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र भौरिया, नगर निगम कमीशनर सचिन गुप्ता, पूर्व भाजपा जिला प्रधान राजेश बतौरा सहित



कष्ट निवारण समिति के गैर सरकारी सदस्य व प्रशासनिक अधिकारीगण मौजूद रहे। निर्मला देवी पत्नी जगमाल सिंह गांव रतनहेड़ी की शिकायत थी कि उसने एक प्लाट 4 लाख 80 हजार रूपए में खरीदा था। जिस व्यक्ति से प्लाट खरीदा था उसने प्लाट किया और को बेच दिया है। उसे न तो प्लाट दिया गया और न ही पैमेंट दी गई है। इस शिकायत पर मंत्री रणबीर गंगवा ने पुलिस अधिकारी को निर्देश दिए कि एक सप्ताह के अंदर निशानदेही आदि करवाकर शिकायतकर्ता को या तो उसकी पैमेंट दिलवाई जाए या आरोपित व्यक्ति की प्रोपर्टी से रिकवरी करवाकर कानूनी कार्रवाई की जाए। सर्वजीत सिंह व अन्य निवासी दशमेश कालोनी अम्बाला शहर द्वारा शिकायत की गई थी कि उनकी कालोनी के पास एक नाला जोकि जडौत रोड के बाईं तरफ

**समाधान**

**एजेंडे के तहत 12 शिकायतों को सुना, जिनमें से 7 का समाधान किया गया**

गीता नगरी और एक नाला दाईं तरफ काकरू की तरफ जाता है बाईं तरफ वाला नाला बंद कर दिया गया है जिस कारण बरसात में पानी इक्ठा हो जाता है और मकानों की नींव बैठने का खतरा है। इस शिकायत पर नगर निगम के कार्यकारी अभियंता ने मंत्री महोदय को बताया कि पक्का नाला बनाने के लिए टैंडर प्रोसेस में है और इसी माह में वर्क आर्डर हो जाएगा।

## डी-प्लान के तहत चल रहे सभी विकास कार्यों को समय पर पूरा करें

**सोनीपत।** उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला में डीप्लान के तहत करवाएं जा रहे विकास कार्यों को समय सीमा में पूरा करवाने के तुरंत बाद उस कार्य से संबंधित बिल एडीसी कार्यालय में जमा करवाएं ताकि उसकी राशि जारी की जा सके। उन्होंने कहा कि इस कार्य में ढिलाई न बरतें। उन्होंने कहा कि संबंधित कार्यों के बिल अधिकारी 31 दिसंबर तक जमा करवाएं अन्यथा उसके लिए संबंधित अधिकारी स्वयं जिम्मेवार होगा। उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने सोमवार को लघु सचिवालय में जिला विकास एवं निगरानी समिति (डीडीएमसी) बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी एजेंसियां समय पर विकास कार्यों का प्रस्ताव उपलब्ध करवाएं और कार्यों की प्रगति के अनुसार भुगतान भी समय पर हो ताकि जिला विकास योजना के तहत मिलने वाला बजट सही तरीके से उपयोग किया जा सके। पेयमेंट करने के लिए साल के अंत तक इंतजार ना करें और विकास कार्यों से संबंधित पेयमेंट लंबित ना रहे। उन्होंने कहा कि जो भी विकास कार्य चले हुए है उसमें क्वालिटी पर विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि कार्यों की प्रगति से संबंधित बिलों को भी समय पर उपलब्ध करवाएं और विकास कार्य की प्रगति की रिपोर्ट देते रहें।

## महिला हत्याकांड मामला-महिला के सिर का करवाया पोस्टमार्टम

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपतः सेक्टर-27** शहर थाना क्षेत्र में ऑटो मार्केट में महिला की निर्मम हत्या के मामले में सिर को बरामद करने के बाद अब पुलिस आरोपित की तलाश में दबिश दे रही है। वहीं पुलिस ने महिला के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने डीएनए के लिए सैंपल भी लिया है। आवश्यकता होने पर डीएनए भी कराया जा सकता है। पुलिस पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सक से सिर व धड़ की रिपोर्ट की जांच करवा रही है। वहीं मौनाचार होने का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट में होगा। हत्यारोपित की तलाश के लिए पुलिस की चार टीमें लगी हुई है, लेकिन अब तक पुलिस टीमों के हाथ खाली है। सेक्टर-3 स्थित ऑटो मार्केट की खाली जमीन पर 12 दिसंबर को सुबह महिला का सिर कटा शव मिला था। पुलिस को घटनास्थल पर करीब 50 वर्षीय महिला का धड़ ही बरामद हुआ था। पुलिस की तलाश के बाद भी सिर भी नहीं मिल सका था। पुलिस की पूछताछ में एक व्यक्ति ने शव को अपनी पत्नी चव्वनी देवी का बताया था।

**जांच जारी**

**महिला की निर्मम हत्या के मामले में सिर को बरामद करने के बाद अब पुलिस आरोपित की तलाश में दबिश दे रही**

मूलरूप से बिहार के जिला पूर्णिया निवासी जयनारायण ने बताया था कि उनकी पत्नी की हत्या बेटी के पहले पति नानूराम ने की है। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। बाद में चव्वनी देवी के दामाद सुधीर को अपने कमरे में कपड़ों के नीचे सास का सिर मिला था। उसे कपड़ों का थैला उनकी पत्नी के पहले पति नानूराम ने यह कहते हुए दिया था कि इसमें उनकी पहली पत्नी के कपड़े हैं जो उनके घर रखे थे। शनिवार देर शाम थैला देखा तो कपड़ों के नीचे सास का सिर था। पुलिस ने रविवार को धड़ व सिर का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले में विसरा के साथ ही डीएनए को भी सैंपल लिए हैं। आवश्यकता होने पर डीएनए भी कराया जा सकता है।

**आरोपित की साइको होने की शंका**– पुलिस अधिकारियों से बातचीत में सामने आ रहा है कि आरोपित साइको हो सकता है। उसने जिस निर्दयता से हत्या कर गर्दन काटी है और उसे थैले में लेकर घूमता रहा है। उससे पुलिस भी आरोपि के साइको होने की शंका जता रही है। हालांकि पुलिस का कहना है कि आरोपित की गिरफ्तारी की बाद ही पूरी कहानी सामने आ पाएगी। फिलहाल चार टीम आरोपित की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

## डा अर्चना बनी भाजपा की सक्रिय सदस्य

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, (कमाल हुसैन)

**भाजपा** का सदस्यता पर्व पूरी गति से चल रहा है। अभी तक पार्टी केवल प्राथमिक सदस्य बना रही थी परन्तु पार्टी ने अब सक्रीय सदस्य भी बनाने आरंभ कर दिए है इसी कड़ी में दक्षिण शहरी मंडल के अध्यक्ष तरसेम गर्ग ने भाजपा की प्रदेश महामंत्री डा अर्चना गुप्ता को उनके निवास स्थान पर जाकर सक्रिय सदस्य बनाया उन्होंने विधिवत रूप से फार्म भरा तथा डा अर्चना गुप्ता की अपेक्षित जानकारियां फार्म में भरी। इस अवसर पर उनके साथ उत्तर शहरी मंडल के अध्यक्ष विजय सहगल,तहसील मंडल अध्यक्ष हरीश कटारिया तथा



कृष्णपुरा मंडल अध्यक्ष राजेश भारद्वाज , जिला भाजपा मंत्री सुनील कंसल तथा तहसील मंडल महामंत्री सतीश मेहता साथ रहे। सक्रिय सदस्य बनने के बाद डा अर्चना गुप्ता ने कहा की सक्रीय सदस्य बनने के लिए कम से कम पचास प्राथमिक सदस्य बनाने आवश्यक है। डा अर्चना गुप्ता ने कहा कि भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनैतिक दल है जो इन सभी कार्यकर्ता से बना है। उन्होंने कहा कि हम सभी कार्यकर्ता मिल कर प्रत्येक बूथ पर कम से कम तीन सक्रिय सदस्य अवश्य बनाए।

## कौशल विकास एवं उद्यमिता वर्तमान समय की मांग: सतीश कुमार

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डॉ. आरके सदन के प्रांगण में सोमवार को दो दिवसीय शिक्षा महाकुंभ के शुभारम्भ अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय संगठक एवं आर्थिक मामलों के विशेषज्ञ सतीश कुमार ने प्रदेश के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों द्वारा उद्यमिता एवं कौशल विकास को लेकर लगाए गए स्टॉल का उद्घाटन एवं निरीक्षण करते हुए कहा कि कौशल विकास एवं उद्यमिता वर्तमान समय की मांग है।

## हर विद्यार्थी को खेलों में आगे आना चाहिए: जायदीप

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र/ शाहाबाद:** श्री गुरु नानक प्रीतम गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल शाहाबाद में आयोजित तीसरे वार्षिक खेल दिवस में विद्यार्थियों ने खूब दमखम दिखाया। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी जायदीप कौर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि स्कूल सोसायटी के प्रधान कुलवंत सिंह रफीक, स्कूल प्रधान रमनदीप सिंह, अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार न्याय परिषद रजि. के राष्ट्रीय अध्यक्ष जसबीर सिंह दुग्गल और भारतीय पत्रकार कल्याण मंच रजि. के राष्ट्रीय सचिव सतनाम सिंह ने विशेष मेहमान के रूप में



शिरकत की। स्कूल प्रबंधक कमेटी की पैटर्न तविंदर कौर, गुरपाशना संधु, ऑडिटर इंद्रजीत सिंह और प्रिंसिपल दीपशा कौर ने सभी मेहमानों का स्वागत किया। उसके बाद खेल कार्यक्रम शुरू हुआ। स्कूल की अलग-अलग हाउस टीमों ने स्कूल बैंड की धुन पर शानदार मार्च पास्ट किया। तत्पश्चात बच्चों ने स्कूल गीत की प्रस्तुति, पीटी ड्रिल, योगा, रस्सा-कस्सी व एथलेटिक्स इवेंट्स में बच्चों की प्रतिभागी रही। स्कूल द्वारा आयोजित अभिभावक वर्ग की दौड़ में विद्यार्थियों और मेहमानों ने खूब आनंद लिया। यह सभी खेल कोच जसदीप सिंह और ऑनरेरी कोच एवं एडवाइजर गुरप्रीत सिंह की देखरेख में खेले गए। बच्चों ने अपने शानदार प्रदर्शन के द्वारा दर्शकों को दांतों तले उंगली देने पर मजबूर कर दिया। सोसायटी प्रधान कुलवंत सिंह रफीक ने बताया कि मुख्य अतिथि जायदीप कौर भीम अवॉर्डी है और इन दिनों भारतीय महिला हॉकी टीम की सेलेक्टर है। उन्होंने बताया कि जायदीप कौर एसजीएनपी स्कूल की छात्रा रही है और इसी स्कूल के हॉकी ग्राउंड से वह ऊंचाइयों तक पहुंची है। मुख्यातिथि जायदीप कौर ने भावुक होकर कहा कि उन्हें गर्व महसूस हो रहा है क्योंकि उन्होंने स्कूल के इसी ग्राउंड से हॉकी की बारीकियां सीख कर आज ऊंचा मुकाम हासिल किया है।

## समस्या का समाधान निश्चित अवधि में तय करना सुनिश्चित करें अधिकारी:डॉ. पंकज

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, (कमाल हुसैन)

हरियाणा सरकार के दिशानिर्देश पर प्रदेश भर में आयोजित किये जा रहे जनता समाधान शिविर की कड़ी में सोमवार को जिला सचिवालय के प्रथम तल पर स्थित सभागार में आयोजित किये गए समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त डॉ.पंकज यादव ने कहा कि अधिकारी निर्धारित समय में ज्यादा से ज्यादा समस्याओं का समाधान करें व शिकायतकर्ताओं को संतुष्ट करके घर भेंजे।

अतिरिक्त उपायुक्त ने समाधान शिविर में अधिकारियों के साथ शिविर में अब तक पहुंची समस्याओं को लेकर समीक्षा की व अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे




90 प्रतिशत तक समस्याओं का समाधान करना सुनिश्चित करें। समीक्षा करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त ने 16 विभागों को 50 प्रतिशत से कम समस्याओं का समाधान की स्थिति में पाया।

अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सप्ताह भर में समस्याओं का समाधान करना सुनिश्चित करें। अतिरिक्त उपायुक्त ने 50 प्रतिशत से कम समाधान करने वाले विभागों को कारण बताओं के नोटिस जारी करने के भी निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों को चेताया कि वे समाधान शिविर लोगों की समस्याओं का निदान करने के लिए मुख्यमंत्री के दिशानिर्देश पर लगाये जा रहे है। अगर इन पर

**दिशा-निर्देश**

**अतिरिक्त उपायुक्त ने 16 विभागों को 50 प्रतिशत से कम समस्याओं का समाधान की स्थिति में पाया**

ठोस कार्यवाही नहीं होती तो वे इसके खुद जिम्मेदार होंगे। अतिरिक्त उपायुक्त ने अगली समीक्षा बैठक से पूर्व शेष बची सभी समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए।

समाधान शिविर में शिकायत लेकर पहुंचे संदीप वासी वार्ड 12 ने प्रशासन से राशन कार्ड में नाम दर्ज करवाने की अपील की। अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। प्रार्थी राजेन्द्र वासी सींक ने प्रशासन से गुहार लगाई की जब वह मेरी फसल मेरा ब्यौरा में पंजीकरण करवाते है तो खेवट किसी दूसरे के नाम दिखता है। उन्होंने प्रशासन से समस्या के समाधान की अपील की। अतिरिक्त उपायुक्त ने कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के एसडीओ राजेश भारद्वाज को उपरोक्त समस्या पर संज्ञान लेने के निर्देश दिए। समालखा उपमंडल की आढ़ती एशोसियेशन ने प्रशासन से शिकायत की कि नेशनल हाईवे के नीचे अवैध सब्जी मंडी चल रही है जिससे वैध मंडी का कार्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने इस अवैध मंडी को वैध मंडी में शिफ्ट करने की गुहार लगाई।

## सर्दी में स्कूल के बच्चों को जब स्वेटर मिले तो खिले चेहरे

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, (कमाल हुसैन)

**ज्ञानदीप** शिक्षा सदन स्कूल, सैनी कॉलोनी में सोमवार को स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल में पढ़ने वाले करीब 11 बच्चों को बाल कल्याण शिक्षा समिति (पंजीकृत) के नेतृत्व में सर्दी के मौसम में गरीब बच्चों की सहायता के उद्देश्य से स्वेटर का वितरण किया गया।संस्था से विकास सिंगला और बिजेंदर जैन ने बताया कि संस्था के माध्यम से हर साल सर्दियों में बच्चों को गर्म कपड़े वितरित किए जाते हैं। स्वेटर मिलने से बच्चों को सर्दियों के



मौसम में काफी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि सामाजिक संस्थाओं को आगे आकर बच्चों की मदद करनी चाहिए, जिससे बच्चों को भी लाभ मिले। उन्होंने अध्यापकों का आह्वान किया कि वे बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें और विद्यालय की साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें। विकास सिंगला ने बताया कि उन्हें यह कार्य करने की प्रेरणा उनके माता पिता से मिली है। उन्होंने कहा कि संगठन हर साल गरीब बच्चों को गर्म कपड़े प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि स्वेटर वितरण का यह कार्य एक प्रेरणादायक पहल है।

## न्यूज फ्लैश

### डॉ. हिम्मत सिंह सिन्हा के अवतरण दिवस पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : लोटस ब्लूम पब्लिकेशन और अंतर प्रांतीय कुमार साहित्य की ओर से आज शनिवार 14 दिसंबर 2024 को मनीषी डा. हिम्मत सिंह सिन्हा के जन्मदिवस 1 दिसंबर के अवसर पर उनके द्वारा शिक्षा क्षेत्र में योगदान विषय पर संगोष्ठी डागा स्मृति भवन, नेहरू पार्क में सुबह 11 बजे आयोजित हुआ। श्री के बी व्यास जी ने उदबोधन करते हुए सर्वप्रथम डा ऋषि गोयल को मंच पर बुलाया। उन्होंने गीता का उद्धरण देते हुए बताया कि किस तरह डा सिन्हा में 26 गुण थे जो दैवीय गुण थे ।उसके बाद यू ट्यूब जिस में करीब 1500 एपिसोड्स हैं और करीब पाँच लाख व्यूअर्स है, उसके प्रस्तोता श्री विकास शर्मा ने बताया कि डा सिन्हा के ब्रह्मलीन होने के करीब चार वर्ष पहले से उन्होंने उनका इंटरव्यू रिकार्ड करना शुरू किया और प्रतिदिन वे चार बजे डा सिन्हा जी से मिलने के लिए पहुंच जाते और इस तरह कुल 1500 सौ से अधिक कार्यक्रम हो चुके हैं। सभी ने उनका आभार प्रकट किया कि इतनी प्रतिभा के धनी की एकमात्र पूंजी उन्होंने सहेज कर रख दी। इसके पश्चात श्री प्रेम नारायण शुक्ला ने भी अपनी यादों के पन्ने खोले और कई उदाहरण डा सिन्हा के दिए । अंत में डा हर्षवर्धन कुमार ने ये बताया कि किस तरह ह्लसहज अभिव्यक्ति - भाग 3द्ब जिसके लेखक के बी व्यास है का रिव्यू डा हिम्मत सिंह सिन्हा ने लिखा था। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हम सभी ने चार अंधों की कहानी पढ़ी है उसी तरह से कोई कहता है वे पांव की तरह हैं, कोई कहता है वे पेट की तरह है इत्यादि , तो उसी तरह डा हिम्मत सिंह सिन्हा जी का बहुआयामी व्यक्तित्व है जो किसी एक तरह से अभिव्यक्त नहीं हो सकता। कुल मिला के 70 प्रबुद्ध लोगों की संगोष्ठी रही। के बी व्यास ने बाद में यह भी बताया कि जोधपुर उनके दर्शन और धर्म की विश्व यात्रा का पहला पड़ाव बना है जिसके लिए सभी उपस्थित ज्ञानी गुणीजनों का आभार व्यक्त किया और यह बताया कि अब आगे डा हिम्मत सिह सिन्हा के 100 वर्ष पूरे होने पर यह यात्रा मिडिल ईस्ट, यूरोप, अमेरिका, सिंगापुर और ऑस्ट्रेलिया को मिलाकर १२ देशों में भी जाएगी।

### घर में घुसकर चोरी प्रयास की वारदात का आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत: मुरथल** थाना सोनीपत पुलिस ने घर के अंदर घुसकर चोरी प्रयास की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सत्यवान निवासी मुरथल का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मुरथल निवासी सन्नी ने गत 13 दिसंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह सब खाना-खाकर सोने की तैयारी कर रहे थे। उसी दौरान किसी के घर के अंदर घुसने की जानकारी मिली। उसके बाद बाहर आकर देखा तो एक लड़का घर के अंदर घुसा हुआ था। उसे पकड़कर मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी सिपाही रोहित की टीम ने मामले में आरोपित शंकर को पहले गिरफ्तार कर लिया था।

# धार्मिक नगरी वाराणसी में शैक्षणिक भ्रमण का किया आयोजन

## वाराणसी में अध्यापकों एवं मेंटर के शैक्षिक भ्रमण से नये आयाम स्थापित करने में मदद मिलेगी

**नवाचार**

▶▶ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत प्राथमिक स्तर पर बच्चों में बुनियादी साक्षरता को समझना है



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : निपुण हरियाणा के क्षेत्र में नई तकनीकों और नवाचारों को समझने के उद्देश्य से हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना की ओर से हरियाणा के शिक्षा विभाग नें धार्मिक नगरी वाराणसी में शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया जिसमें जिले के प्राथमिक शिक्षकों,ए.बी.आर. सी. एवं बी.आर.पी.और एल.एल.एफ. के रीजनल कोऑर्डिनेटर नें भ्रमण किया ' इसके अंतर्गत भ्रमण पर गए दल नें उत्तर प्रदेश की शिक्षा प्रणाली को बारीकी से समझा और साथ ही साथ प्राथमिक अध्यापक एवं एस.आर.जी. सदस्यों नें अपने हरियाणा प्रदेश की कक्षा पहली से तीसरी तक की पाठ्य पुस्तकों की समीक्षा भी की। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक नें बताया कि शैक्षिक भ्रमण में 3 प्राथमिक अध्यापकों व 2 ब्लॉक रिसोर्स पर्सन व 1 एल.एल.एफ. के रीजनल कोऑर्डिनेटर नें भाग लिया ' मौलिक शिक्षा अधिकारी कुरूक्षेत्र विनोद कौशिक नें बताया कि इस शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत प्राथमिक स्तर पर बच्चों में बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान को मजबूत करने की दिशा में किये जा रहे प्रयासों को समझना रहा ' एफ.एल. एन. के जिला कोऑर्डिनेटर गौतम दत्त नें बताया एफ.एल. एन. कार्यक्रम के तहत कक्षा पहली से तीसरी तक के सभी बच्चों को पढ़ने,लिखने व बुनियादी गणित को समझने की दिशा में किये जा रहे विभागीय प्रयासों में उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल वाराणसी में अध्यापकों एवं मेंटर के शैक्षिक भ्रमण से नये आयाम स्थापित करने में मदद मिलेगी ' इस शैक्षिक भ्रमण में जिला कुरूक्षेत्र से प्राथमिक अध्यापक श्री राकेश कुमार,श्री प्रदीप कुमार, अध्यापिका कुमारी रजनी शर्मा तथा बी.आर.पी. श्रीमती निशा रानी व कुमारी कोमल रानी को विभाग की तरफ से भेजा गया ' इसके अलावा एल.एल.एफ. के रीजनल कोऑर्डिनेटर श्री ओमपाल नें इस कार्यक्रम में सम्बंधित अध्यापकों के साथ कार्यक्रम को संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शैक्षिक भ्रमण में गए सभी अध्यापकों नें वाराणसी के विभिन्न विद्यालयों में जाकर एफ.एल. एन. की कार्यप्रणाली एवं शिक्षण तकनीकों का गहन अवलोकन किया ' शिक्षकों नें वाराणसी के विद्यालयों में वहाँ के शिक्षा विभाग के प्रयासों को भी बारीकी से अवलोकन किया तथा वहाँ की शिक्षण पद्धतियों व नवाचारों को भी देखा व समझा ताकि हरियाणा के विद्यालयों में भी नवीन सुधारों को जोड़कर शिक्षा के स्तर में नए आयामों को जोड़ा जा सकें ' एफ.एल. एन. के जिला कोऑर्डिनेटर गौतम दत्त नें बताया कि हरियाणा के शिक्षा विभाग की यह बहुत ही महत्वपूर्ण पहल और इससे जिला कुरूक्षेत्र के विद्यालयों में भी प्राप्त अनुभवों से शिक्षा के गुणात्मक पक्ष को और मजबूत किया जाएगा तथा विभिन्न प्रशिक्षणों के माध्यम से इन अनुभवों को साँझा भी किया।

# तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर कार पर पलटा

**एक की मौत**

▶▶ कार के अंदर बैठे युवक फंस गए। राहगीरों की मदद से कार के अंदर फंसे युवकों को बाहर निकाला गया

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: राष्ट्रीय** राजमार्ग संख्या-44 पर तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर कार पर पलट गया। हादसे में कार के अंदर बैठे युवक फंस गए। राहगीरों की मदद से कार के अंदर फंसे युवकों को बाहर निकाला गया। जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे को उपचार के बाद छुट्टी दे दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव सेवली निवासी कवित ने बताया कि गत 14 दिसंबर को वह अपनी गाड़ी में अपने दोस्त बिट्टू (29) सुनील, रिंकू व सचिन के साथ गांव खेड़ी दमकन में शादी समारोह में गया हुआ था। उसके बाद खेड़ी दमकन से वापिस लौट रहे थे। बढ़मलिक में अपने दोस्त को छोड़ने के लिए जा रहे थे। उसी दौरान बीसवां मील के ओवर ब्रिज को क्रास कने लगा। रात करीब एक बजे एक तेज रफ्तार ट्रक-ट्राला पानीपत रोड पर ओवर ब्रिज क्रास करने लगा। उसी दौरान चालक ने एकदम साइड मारकर गाड़ी को पलटा दिया। उसकी गाड़ी ट्राले के नीचे दब गई। राहगीरों की मदद से गाड़ी में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। हादसे में बिट्टू गंभीर रूप से घायल हो गया। वही घायल अवस्था में रिंकू व बिट्टू को नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने बिट्टू को मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया। जांच अधिकारी एसआई अजमेर ने बताया कि कार चालक के बयान पर ट्रक चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। जल्द से जल्द ट्रक चालक को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# मीडिया, समाजसेवी संस्थाओं, शहर वासियों व अधिकारियों का किया आभार व्यक्त



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** उपायुक्त नेहा सिंह ने अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2024 के सफल आयोजन पर सभी पत्रकार व छायाकारों, समाजसेवी व धार्मिक संस्थाओं, शहर वासियों और अधिकारियों, कर्मचारियों तथा कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि तमाम लोगों के संयुक्त प्रयास से ही 28 नवंबर से 15 दिसंबर 2024 तक चला यह महोत्सव सफल रहा और इस महोत्सव की गूंज देश-विदेश के कोने-कोने तक सुनाई दी।

# गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा काव्य गोष्ठी आयोजित

**रचना**

▶▶ मंच संचालक ओम बनमाली ने रविन्द्र ऋषि के कई रोचक संस्मरणों को भी सांझा किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** सोशल ऑर्गेनाईजेशन गुदगुदी जंक्शन समूह,अम्बाला शाखा द्वारा शिक्षाविद् एवं प्रख्यात कवि स्वर्गीय प्रोफेसर रविंद्र ऋषि की जयंती पर प्रेम नगर में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए सदस्य मंदीप शर्मा ने बताया कि समूह अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़ के मार्गदर्शन में केंद्रीय कार्यकारिणी के मार्गदर्शक मंडल सदस्य डॉ. संजय गौतम के निवास पर कवियों ने उनके पिता शिक्षाविद् एवं कवि स्वर्गीय प्रोफेसर रविंद्र ऋषि को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सरस्वती वंदना के उपरांत जाने माने साहित्यकार सरदार गुरचरण सिंह योगी की अध्यक्षता में अम्बाला के स्थानीय कवियों ने क्षीण होते मानवीय संबंध, संवेदनहीनता,समाज में व्याप्त विषमता, विद्रूपता एवं भ्रष्टाचार आदि विषयों पर अपनी अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। इस बीच मंच संचालक ओम बनमाली ने रविन्द्र ऋषि के कई रोचक संस्मरणों को भी सांझा किया। काव्य गोष्ठी में कवि गुलजार की रचना "क्या मालूम है तुम्हें,कहां है तुम्हारी चाचियां, मामियां,बुआएं और भाभियां"....कवयित्री गौरी वंदना की रचना "जिस घर में होता नहीं मात पिता का मान,छत दीवारों से बना है वो सिर्फ एक मकान"...,कवयित्री अंजलि सिफर की रचना "प्रश्न जिनके गूढ़ गहरे क्या सभी ही यक्ष होते,जो स्वयं उत्तर न जाने सच वही क्या दक्ष होते"..., कवयित्री सुषमा दीया शर्मा की रचना "कालचक्र चिरन्तन धावक,यही तो है दिशा निर्धारक"...,कवि नीरजा रजनीश जायसवाल की रचना "मैं शुक्र करां परमात्मा दा कि वक्त किसे लइ रुकदा नईं".... कवि प्रवीण वर्मा खिप्पल की रचना "रात भर कांटों पर अब सोता हूं मैं दर्द की किस हद पर आ ठहरा हूं मैं"....,कवि जगमाल सिंह की रचना "तेरी मुस्कान विचले दर्द नू पछाणदा हां मैं तेरे बारे तेरे तों वी बेहतर जाणदा हां"....।

# गीता के उपदेश से मिलता है निष्काम कर्म करने का संदेश

**उपदेश**

▶▶ पवित्र ग्रंथ गीता विश्व के सभी धर्मों की सबसे प्रसिद्ध पुस्तकों में शामिल है : पंकज सेतिया



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंकज सेतिया ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के उपदेश पवित्र ग्रंथ गीता में है, जो मनुष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, जिसे हर मनुष्य को जानना बहुत जरूरी है। श्रीमद्भगवद्गीता वर्तमान में धर्म से ज्यादा जीवन के प्रति अपने दार्शनिक दृष्टिकोण को लेकर भारत में ही नहीं विदेशों में भी लोगों का ध्यान अपनी और आकर्षित कर रही है। निष्काम कर्म का गीता का संदेश विश्व के सभी गीता प्रेमियों को भी लुभा रहा है। पवित्र ग्रंथ गीता विश्व के सभी धर्मों की सबसे प्रसिद्ध पुस्तकों में शामिल है। रविवार को देर सायं केडीबी सीईओ पंकज सेतिया, केडीबी मानद सचिव उपेंद्र सिंघल, कुरुक्षेत्र 48 कोस तीर्थ निगरानी कमेटी के चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा, केडीबी सदस्य अशोक रोशा, डा. ऋषिपाल मथाना, युद्धिष्ठद्दर बहल, कैप्टन परमजीत सिंह, एमके मोदगिल, विजय नरुला, प्राधिकरण के सदस्य सौरभ चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोगों ने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव पर ब्रह्मसरोवर की आरती और पूजा-अर्चना की तथा दीपशिखा प्रज्वलित कर विधिवत रूप से आरती का शुभारम्भ भी किया। इस आरती का गुणगान पंडित बलराम गौतम, पंडित सोमनाथ शर्मा, गोपाल कृष्ण गौतम, अनिल व रुद्र ने किया।

# थाना पड़ाव में दर्ज चोरी के मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए विशेष अभियान के दौरान थाना पड़ाव में दर्ज चोरी के मामले में 15 दिसम्बर 2024 को सीआईए-2 अम्बाला के पुलिस दल ने निरीक्षक महिन्द्र सिहँ के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए आरोपी सुखचैन व विक्रम सिहँ निवासी गाँव केसरी थाना साहा जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता श्री मुबारिक निवासी गाँव मतियारी जिला अररिया बिहार ने 14 दिसम्बर 2024 को थाना पड़ाव में शिकायत दर्ज करवाई थी कि किसी अज्ञात आरोपी ने गाँव दुखेड़ी टयूबवैल से इन्वर्टर व बैटरा चोरी कर लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जिम्मेवारी सीआईए-2 के पुलिस दल को सौंप दी थी।

### जबरन मोबाइल व नकदी छीनी

**सोनीपतः राई** थाना क्षेत्र में केएमपी जीरो प्वाइंट पर कंपनी के एक्जीक्यूटिव से जबरन मोबाइल फोन व नकदी छीनने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को देकर तीन युवकों पर वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस युवकों की पहचान के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव मडौरी निवासी मनोज ने बताया कि वह कंपनी में बतौर एक्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत है। गत 11 दिसंबर को वह कंपनी के काम से मडौली दिल्ली जाकर प्रदीप चालक के साथ वापिस आ रहा था।

# पुलिस लाइन में हुई दंगा नियंत्रण बल की मॉक ड्रिल

**अभ्यास**

▶▶ पुलिस लाइन कुरूक्षेत्र में पुलिस कंपनियों की ओर से दंगा नियंत्रण का व्यापक अभ्यास आयोजित किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : जरनल परेड के दौरान पुलिस लाइन में हुई दंगा नियंत्रण बल की मॉक ड्रिल का अभ्यास किया गया। यह अभ्यास किसी भी आकस्मिक परिस्थितियों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लाइन कुरूक्षेत्र में पुलिस कंपनियों की ओर से दंगा नियंत्रण का व्यापक अभ्यास आयोजित किया गया। दंगा-नियंत्रण बल की मौक ड्रिल का अभ्यास पुलिस अधीक्षक वरूण सिंगला के निर्देश पर किया। जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक श्री वरूण सिंगला के नेतृत्व में पुलिस लाईन कुरूक्षेत्र में जिले के विभिन्न थानों/चौकियों से आए पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व सीडीआई रविन्द्र सिह ने पुलिसकर्मियों को अभ्यास के दौरान आकस्मिक परिस्थितियों का सामना करने के लिए पुलिसकर्मियों को पूरी तरह से तैयार रहने बारें विस्तृत जानकारी दी गई । इस अभ्यास में पुलिसकर्मियों को विधि विरुद्ध भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विभिन्न उपकरणों और तकनीकों, कैन शील्ड, आंसू गैस के गोले, एंटी राइट गन, टियर गैस गन जैसे उपकरणों के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही दंगा नियंत्रण का भी अभ्यास किया गया, जिसमें वास्तविक समय की परिस्थितियों में दंगा नियंत्रण की तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान एल.ओ नगेन्द्रर सिह, सीडीआई रविन्द्र कुमार, सेना लिपिक एएसआई कुलदीप, रीडर पुलिस अधीक्षक विशाल कुमार भी मौजूद रहे।

# शहीद सैनिकों की चिताओं पर लगेंगे हर वर्ष मेले

**विजय दिवस**

▶▶ शहीद स्मारक पर एकत्रित होकर पूर्व सैनिकों ने शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित कर विजय दिवस मनाया



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : आज विजय दिवस के अवसर पर पूर्व सैनिक वेलफेयर संगठन के जिला प्रधान कर्नल राजकुमार मलिक के नेतृत्व में शहीद स्मारक पर एकत्रित होकर पूर्व सैनिकों ने शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित कर विजय दिवस मनाया। कर्नल राजकुमार मलिक ने कहा कि विजय दिवस के अवसर पर भारत और बांग्लादेश की अहम पहल, 1971 युद्ध के नायक एक-दूसरे के यहां गए ।1971 में भारत के सामने पाकिस्तान के आत्मसमर्पण और बांग्लादेश के जन्म की याद में मनाए जा रहे विजय दिवस समारोह में भारत और बांग्लादेश के मुक्ति योद्धा भाग लेने पहुंचे। भारत-बांग्लादेश के संबंध इन दिनों कुछ ठीक नहीं चल रहे हैं इस बीच भारत के आठ वरिष्ठ पूर्व सैनिक विजय दिवस समारोह में भाग लेने ढाका गए हैं। जबकि बांग्लादेश के आठ मुक्ति योद्धा कोलकाता आए हैं। कर्नल मलिक ने बताया कि विजय दिवस समारोह में युद्ध के दौरान शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि दी गई। बांग्लादेश के अधिकारियों और ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत-बांग्लादेश के दो सेवारत अधिकारी भी आए हैं। हर साल 16 दिसंबर को भारत और बांग्लादेश में विजय दिवस मनाया जाता है क्योंकि इसी दिन वर्ष 1971 में भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध में ऐतिहासिक जीत हासिल की थी। इस जीत की वजह से बांग्लादेश को अपना खुद का बजूद मिला था। उन्होंने बताया कि विजय दिवस समारोह में हर साल भारत-बांग्लादेश के मुक्ति योद्धा भी भाग लेते हैं। ये वह योद्धा हैं जिन्होंने 1971 में पूर्वी पाकिस्तान में आजादी के लिए लड़ाई लड़ी थी। इन्होंने पाकिस्तानी शासन का विरोध किया था। बांग्लादेश में पूर्व पीएम शेख हसीना के पद छोड़ने और वहां हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों को लेकर दोनों देशों के नाजुक संबंध के बीच सैनिकों की यह पहली यात्रा है। ढाका के एक राजनीतिक विश्लेषक ने कहा कि पूर्व सैनिकों की यात्राएं 1971 में बनी मित्रता की याद दिलाती हैं। उन्होंने कहा कि नौ दिसंबर को भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्री के अपने समकक्ष जशीम उद्दीन के साथ मुलाकात के लिए ढाका आने के बाद से द्विपक्षीय संबंधों में तनाव कम हुआ है। अब पूर्व सैनिकों के दौरों से दोनों देशों की एक-दूसरे के प्रति सद्भावना प्रकट होने की उम्मीद है। उच्चायोग ने कहा कि यह द्विपक्षीय यात्राएं मुक्ति योद्धाओं और मुक्ति संग्राम के दिग्गजों को दोनों देशों की अद्वितीय मित्रता का जश्न मनाने का मंच प्रदान करती हैं। यह अवसर मुक्ति संग्राम की यादों

# भविष्य ने 50 मीटर हर्डल रेस में पहला स्थान पाकर स्वर्ण पदक हासिल किया

**सम्मान**

▶▶ बच्चे की कामयाबी पर स्कूल प्रबंधक राधेश्याम जांगडा ने बच्चे को सम्मानित किया



**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखाः गीता** सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, जौरासी रोड समालखा के कक्षा चार के छात्र भविष्य ने 50 मीटर हर्डल रेस में पहला स्थान पाकर स्वर्ण पदक हासिल किया। ये हर्डल रेस हरियाणा ओपन किड्स ऐथलेटिक्स चैम्पियनशिप द्वारा आयोजित की गई थी। बच्चे की कामयाबी पर स्कूल प्रबंधक राधेश्याम जांगडा ने बच्चे को सम्मानित किया तथा स्कूल मुख्याध्यापिका डॉ. अभिलाषा कादियान ने सभी बच्चों को भविष्य से प्रेरणा लेने को कहा। स्कूल प्राध्यापक जितेन्द्र उत्तम ने बच्चों के जीवन में खेलकूद के महत्व को बताया। मौके पर शारीरिक एजूकेशन शिक्षक अजय व राहुल मौजूद रहे।

# आदिकाल से ही भारतीय संस्कृति मे मातृशक्ति एक सनातन शक्ति है - डा. श्रीप्रकाश मिश्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** भारतीय जनजीवन की मूल धुरी मातृशक्ति है। यदि यह कहा जाय कि संस्कृति, परम्परा या धरोहर नारी के कारण ही पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तान्तरित होती रही है, तो यह अतिशयोक्ति नहीं होगी। जब जब समाज में जड़ता आयी है, मातृशक्ति ने ही उसे जगाने के लिए, उससे जूझने के लिए अपनी सन्तति को तैयार करके, आगे बढ़ने का संकल्प दिया है। यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने सियाराम पब्लिक स्कूल मथुरा द्वारा नवीन भारत के निर्माण में



मातृशक्ति का योगदान विषय पर आयोजित विचार गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन, माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन से हुआ। सियाराम पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का आरम्भ किया। विद्यालय परिसर पहुंचने पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. श्रीप्रकाश मिश्र का विद्यालय के बच्चों एवं विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों ने

**मातृशक्ति**

**यदि यह कहा जाय कि संस्कृति, परम्परा या धरोहर नारी के कारण ही पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तान्तरित होती रही है**

जोरदार स्वागत एवं अभिनन्दन किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहाजब भारतीय ऋषियों ने अथर्ववेद में माता भूमिः पुत्रो अहं पृथिव्याः की प्रतिष्ठा की तभी सम्पूर्ण विश्व में मातृशक्ति की महिमा का उद्घोष हो गया था। नेपोलियन बोनापार्ट ने मातृशक्ति की महत्ता को बताते हुए कहा था कि मुझे एक योग्य माता दे दो, मैं देश को एक योग्य राष्ट्र दूंगा।परिवार के केन्द्र में नारी है। परिवार के सारे घटक उसी के चतुर्दिक घूमते हैं, वहीं पोषण पाते हैं और विश्राम। वही सबको एक माला में पिरोये रखने का प्रयास करती है। किसी भी समाज का स्वरूप वहां की मातृशक्ति की स्थिति पर निर्भर करता है। यदि उसकी स्थिति सुदृढ़ एवं सम्मानजनक है तो समाज भी सुदृढ़ एवं मजबूत होगा। भारतीय महिला सृष्टि के आरंभ से अनन्त गुणों की आगार रही है।

# विज ने सीवरेज साफ करने वाली हाईड्रोलिक मशीन का किया उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने जनता की सुविधा को देखते हुए सीवरेज साफ करने वाली कम्बाईन हाई प्रैशर जैटिंग-कम-सक्शन हाईड्रोलिक मशीन का पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस, अंबाला छावनी में उद्घाटन कर अंबाला छावनी की जनता को समर्पित की। लगभग 46.50 लाख रूपए की कीमत की इस मशीन में जैटिंग टेंक की क्षमता 6500 लीटर तथा सक्शन टैंक की 3500 लीटर की क्षमता है।

इस अवसर पर मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि ये नई तकनीक की मशीन जेटिंग और सक्शन दोनों काम करेगी। उन्होंने बताया कि इसके छोटे




आकार की वजह से छोटी गलियों में भी जाकर आसानी से सफाई कर सकती है।

इस बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि ये गाड़ी अंबाला छावनी के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर सीवरेज से जुड़ी समस्या का जड़ से निवारण करेगी। अनिल विज ने कहा कि पहले जेटिंग और सक्शन दोनों मशीनें अलग-अलग हुआ करती थीं लेकिन इस बार इन दोनों का कॉम्बिनेशन अंबाला छावनी के सीवरेज को साफ करेगा और ये छोटी गलियों में भी जाकर सीवरेज को साफ करने में सक्षम रहेगी। उन्होंने बताया कि इस मशीन से अंबाला सदर के क्षेत्र में सीवरेज सफाई की जाएगी।

## न्यूज फ्लैश

### अन्तरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में मध्य प्रदेश ने बनाया गिनीज विश्व रेकॉर्ड

**भोपाल:** अध्यात्मिकता और संस्कृति को मनाने के एक अनुठे अवसर पर मध्य प्रदेश के संस्कृति विभाग के द्वारा भोपाल में आयोजित अन्तरराष्ट्रीय गीता महोत्सव ने बुधवार को एक ही समय पर सबसे बड़े हिंदु ग्रन्थ पठन के लिए गिनीज विश्व कीर्तिमान स्थापित कियो इस पहल का आयोजन भगवद्गीता की अजरामर शिक्षा के प्रसार को तथा मध्य प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने हेतु किया गया। बड़े कार्यक्रमों और कीर्तिमान स्थापन करने की पहलों के के मशहूर सलाहकार निश्चल बरोट की अगुवाई में इस गिनीज विश्व कीर्तिमान का आयोजन किया गया तथा उस पर क्रियान्वयन किया गयो उनके परिपूर्ण समन्वयन से यह महत्त्वाकांक्षी पहल आसानी से क्रियान्वित की जा सकी और मध्य प्रदेश को वैश्विक मान्यता मिली।इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अध्यक्ष थे और इस कार्यक्रम में एक भगवद्गीता के वचनों का एक ही समय पर अविश्वसनीय पैमाने पर 3,721 सहभागियों ने साथ मिल कर पठन कियो इस समारोह में सभी क्षेत्रों से जुड़े विभिन्न लोग भारत की अध्यात्मिकता की परंपरा पर होनेवाली अपनी श्रद्धा के साथ सम्मीलित हुए । यह उल्लेखनीय उपलब्धी मध्य प्रदेश के लिए सम्मान की बात है तथा जागतिक स्तर पर भगवद्गीता की सीखावन के प्रसार और उसे बनाए रखने के प्रति राज्य की प्रतिबद्धता इससे स्पष्ट होती है। इस उपलब्धी पर बोलते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी ने कहा, "इस ऐतिहासिक उपलब्धी हमारे लोगों की सांस्कृतिक और अध्यात्मिक गहराई दशार्ती है भगवद्गीता मनुष्य जाति के लिए एक शाश्वत मार्गदर्शिका है और इस समारोह द्वारा हमने ना सिर्फ उसकी शिक्षा का पर्व ही नही मनाया है, बल्की एकता, स्वयं- अनुशासन और वैश्विक सौहार्द के उसके मूल्यों से और जुड़ने के लिए भी प्रेरणा दी है।

### मोहाली से देवीलाल पार्क में घूमने आए किशोर को कार ने चपेट में लिया, मौत

**सोनीपत: राष्ट्रीय** राजमार्ग संख्या-44 पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रहे किशोर को चपेट में ले लिया। हादसे में किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके दोस्त एंबुलेंस की मदद से लेकर अस्पताल में पहुंचे। जहां चिकित्सक ने किशोर को मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया। पुलिस ने मृतक के दोस्त के बयान पर कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। किशोर अपने दोस्त के साथ ट्रक में बैठकर मोहाली से घूमने बहालगढ़ आया था। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव मोरा खास भगवानपुर बिहार हाल में मोहाली पंजाब निवासी अभिषेक ने बताया कि वह वेल्डिंग का काम करता है। अपने दोस्त दिवाकर व विशाल (16) निवासी मोहाली पंजाब के साथ मिलकर देवीलाल पार्क में घूमने के लिए आए थे। वह अपने जानकार के साथ ट्रक में बैठकर पहुंचे थे। उसके बाद ट्रक चालक ने उन्हें देवीलाल पार्क के पास उतार दिया। वह सड़क पार करने लगे। उसी दौरान सर्विस रोड पर तेज रफ्तार कार ने विशाल को चपेट में ले लिया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले को लेकर डायल-112 पर कॉल की। उसके बाद से घायल अवस्था में उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची बहालगढ़ थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शवगृह में रखवाया है। जांच अधिकारी एसआई समुंद्र सिंह ने बताया कि इस संबंध में कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मृतक के परिजनों को जानकारी दे दी है। परिजनों के आने के बाद आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। तीनों दोस्त मोहाली से घुमने के लिए देवीलाल पार्क आए थे। जहां विशाल सड़क हादसे का शिकार हो गया। जल्द से जल्द कार चालक के खिलाफ आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### मेडिकल स्टोर संचालक व बेटे को पीटा, नकदी छीनने की कोशिश का आरोप

**सोनीपत: सिविल** लाइन थाना क्षेत्र के कामी रोड पर मेडिकल स्टोर संचालक व उसके बेटा का रास्ता रोककर बेरहमी से पीट-पीटकर घायल करने व 80 हजार रुपये की राशि लूटने के प्रयास सहित दस लाख नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर डीसीपी कार्यालय में शिकायत दर्ज करवाई। उसके बाद संबंधित थाना पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# पिहोवा सरस्वती तीर्थ पर मनाया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि पिहोवा सरस्वती तीर्थ पर इस वर्ष बड़े स्तर पर 7 दिन के लिए अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव का आयोजन 29 जनवरी से लेकर 4 फरवरी तक होगा। इस महोत्सव का शुभारंभ 29 जनवरी को आदिबद्री से होगा और 29 जनवरी से ही पिहोवा सरस्वती तीर्थ पर सरस मेले का उद्घाटन होगा।

उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच और उपायुक्त नेहा सिंह सोमवार को उपायुक्त कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव के आयोजन को लेकर अधिकारियों से चर्चा कर रहे थे। उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के विशेष प्रयासों से इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव का आयोजन बड़े स्तर पर किया जा रहा है। इस वर्ष पिहोवा में 7 दिन के लिए सरस्वती तीर्थ पर सरस मेला लगाया जाएगा। इस सरस मेले में देश के सभी राज्यों से डीआरडीए के माध्यम से शिल्पकारों को आमंत्रित किया जाएगा। इस मेले में लगभग 100 स्टॉल लगाए जाएंगे। इसमें 75 शिल्पकारों के, 15 पुस्तक मेले के, 15 खाद्य पदार्थों के तथा स्थानीय शिल्पकारों को भी स्टॉल दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि महोत्सव में सुबह और सायं के समय सांस्कृतिक



कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालय व जाने माने कलाकारों को आमंत्रित करने की योजना है। इस महोत्सव के कार्यक्रम कुरुक्षेत्र में पिहोवा, ज्योतिसर, ब्रह्मसरोवर पर भी किए जाएंगे और आदिबद्री पर उद्घाटन समारोह होगा। इसके अलावा सरस्वती नदी के किनारे सभी तीर्थों पर स्थानीय समितियों के माध्यम से धार्मिक कार्यक्रम और भंडारों का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव में केन्द्रीय और प्रदेश के मंत्रियों को आमंत्रित किया जाएगा। इस बार अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव की तर्ज पर सरस्वती महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस

**रूपरेखा**

**शुभारंभ 29 जनवरी को आदिबद्री से होगा और पिहोवा सरस्वती तीर्थ पर सरस मेले का उद्घाटन होगा**

महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर कमेटियों का गठन कर दिया गया है।

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि प्रशासन के स्तर पर सभी तैयारियां की जाएगी। इसके लिए बकायदा कमेटियों का गठन किया जाएगा। इस महोत्सव में नगरपालिका, जनस्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, मार्किट कमेटी पिहोवा के साथ-साथ अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को तैयारियां पूरी करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है। इस मौके पर सरस्वती बोर्ड के सीईओ सुप्रवीण कुमार, केडीबी सीईओ पंकज सेतिया, जिला परिषद सीईओ अशोक मुंजाल, डीएसपी ओमप्रकाश, सरस्वती बोर्ड के अधीक्षण अभियंता अरविंद कौशिक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**सरस्वती सेवा समितियों के सदस्यों का होगा सम्मेलन**

उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव 2025 में सरस्वती नदी के किनारे 100 गांव में सरस्वती सेवा समितियां बनी है। इन सरस्वती सेवा समितियों के सदस्यों का एक सम्मेलन किया जाएगा।

# महिला आयोग की उपाध्यक्ष व चालक अदालत में पेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत : पति-पत्नी** के विवाद में रिश्वत लेने की वारदात में विजिलेंस द्वारा गिरफ्तार हरियाणा महिला आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल व उसके निजी चालक को एसीबी टीम ने अदालत में पेश किया। अदालत ने उपाध्यक्ष को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। जबकि उसके चालक को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। ताकि मामले से जुड़े सबूत जुटाए जा सके। जुलाना जींद निवासी जेबीटी अध्यापक अनिल ने एसीबी जींद में शिकायत देकर बताया कि उसका उसकी सब इंस्पेक्टर पत्नी के साथ विवाद चल रहा है। उनकी पत्नी ने उनके खिलाफ महिला आयोग में शिकायत दी थी। जिसमें वह 12 दिसंबर को सोनीपत में महिला आयोग की उपाध्यक्ष के सामने सुनवाई को पहुंचे थे। विवाद को निपटाने के नाम पर सोनिया अग्रवाल के निजी सहायक/चालक कुलबीर ने एक लाख रुपये रिश्वत की मांग की थी। शनिवार को उन्हें एक लाख रुपये देने के लिए हिसार के जिंदल पार्क के पास बुलाया गया था। जहां पर एसीबी जींद के डीएसपी कमलजीत सिंह की टीम ने कुलबीर को रिश्वत की राशि सहित रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया था।

# ब्रह्मलीन प्रोफेसर राम रतन शर्मा की स्मृति में जर्सी वितरण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** मानव मित्र मंडल( रजि) कुरुक्षेत्र शाखा करनाल द्वारा राजकीय प्राथमिक पाठशाला घीड़, करनाल में ब्रह्मलीन प्रोफेसर राम रतन शर्मा जी की स्मृति में छात्र प्रोत्साहन एवं सेवा सम्मान समारोह के अंतर्गत 51 बच्चों को जर्सी वितरित की गई। इस दौरान रेनू मलिक (खंड संसाधन समन्वयक, करनाल) मुख्य अतिथि रहे, जबकि गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल घीड़ के प्रधानाचार्या सुरजीत कौर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मानव मित्र मंडल के संस्थापक



ब्रह्मलीन प्रोफेसर रामरतन शर्मा जी को नमन करने के उपरांत 51 बच्चों को जर्सी वितरित की गई। मानव मित्र मंडल से जुड़े समाजसेवी महानुभावों को जन सेवा-सम्मान प्रदान किया गया तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में छात्रों को प्रेरित करते हुए शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। जिससे हम अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर एक अच्छा इंसान बन सकते हैं।

# रोहतक में युवक की हत्या कर शव को फेंका

**रोहतक।** कलानौर थाना के अंतर्गत आते गांव काहनौर में एक युवक की बेरहमी से हत्या करने का मामला सामने आया है। हमलावर शव को गांव काहनौर स्थित पटवारखाना के पास फेंक कर फरार हो गए। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एफएसएल व सीन ऑफ क्राईम की टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और इस बारे में जांच पड़ताल की। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। इस बारे में पुलिस ने कुछ ग्रामीणों से भी पूछताछ की है, लेकिन अभी तक पुलिस को इस संबंध में कोई सुराग नहीं मिला।

# गेल गैस कंपनी के कर्मी बनकर 5.80 लाख हड़पा

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: जिले में** साइबर ठगों को आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है। ठगों ने गेल गैस कंपनी का कर्मी बनकर महिला व युवक के खातों से लाखों रुपयों की राशि को ऐंठ लिया। पीड़ितों ने मामलों को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमें दर्ज कर लिए है। पुलिस मामलों की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द ठगों को गिरफ्तार करने की बात कह रही है।

**पहला मामला-युवक को झांसे में लेकर चार लाख से ज्यादा राशि ऐंठी-** विकास नगर मुरथल रोड निवासी सुकरमपाल ने बताया

**जांच जारी**

**पुलिस मामलों की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द ठगों को गिरफ्तार करने की बात कह रही है**

कि गत सात दिसंबर को उसके मोबाइल पर कॉल आई। कॉलर ने गेल गैस का नया कनेक्शन लगवाने के बारे में कहा। उसके बाद उसे चालू करने की बात कही। उसके मोबाइल पर एक लिंक भेजा। कॉलर ने कहा कि उस लिंक को एक्टिवेट करना है। उसे खोलकर पांच रुपये जमा करवाने की सूचना मिली। उसने राशि जमा करने का प्रयास किया तो पांच रुपये पेमेंट नहीं कटी। उसके बाद कॉलर ने क्रेडिट कार्ड से पेमेंट करने की फीस कटने की बात कही। क्रेडिट कार्ड से पैमेंट करना चाही तो वह फेल हो गई। कॉलर कहने लगा कि वह उसका बिल बनाकर भेज रहा है। उसकी पेमेंट कर देना। उसके पास कोई बिल नहीं आया और न ही उसके पास कोई कॉल आई। करीब दस मिनट बाद ही उसके खाते से रुपये कटने शुरू हो गए। उसके खाते से अलग-अलग क्रेडिट कार्ड व डेबिट कार्ड से चार लाख 87 हजार रुपये की राशि निकल गई। कॉलर ने फर्जी गेल गैस कर्मचारी बनकर उसके मोबाइल नंबर व फर्जी कागजात के आधार पर खाते खुलवाकर खातों से राशि को निकाल लिया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। साइबर थाना पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई नवीन कुमार की टीम ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द ठगों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

**दूसरा मामला-महिला को झांसे में लेकर 92 हजार की राशि ऐंठी-** शहर निवासी पूनम ने बताया कि उसके पास गत 14 दिसंबर को कॉल आई कॉलर ने खुद को गैल कंपनी का कर्मचारी बताया।

# शहर भर में चलाया जा रहा सफाई अभियान: अतिरिक्त उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत, (कमाल हुसैन )** शहर को स्वच्छ बनाने को लेकर प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को कारगर बनाने के लिए 78 के करीब गाडिया शहर भर में उन स्थानों पर कचरे का संग्रह करके पर्यावरण सरंक्षण करने का कार्य कर रही है।

अतिरिक्त उपायुक्त डॉ.पंकज ने कहा कि इस अभियान का एक ही उददेश्य है। शहर की साफ सफाई व शहर का प्रदूषण कम करना और वातावरण को स्वच्छ करना। उन्होंने कहा कि दैनिक जीवन में नियमित रूप से साफ सफाई के अनेको लाभ है। जिनका हमें पालन करना चाहिए व आस पास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए।

अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि शीघ्र ही प्रशासन द्वारा टोल फ्री नम्बर दिया जाएगा व सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फैलाने वालों के खिलाफ इस अभियान के तहत उनके चालान भी होंगे। उन्होंने लोगों से आहवा किया कि वे इस अभियान का हिस्सा बने व इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि दैनिक जीवन में स्वच्छता की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। स्वच्छता से शरीर को कीटाणु, बैक्टीरिया और वायरस से बचाया जा सकता है। स्वच्छ रहने से संक्रमण का खतरा कम होता है।

# आयुष विश्वविद्यालय का मास्टर प्लान तैयार: करतार धीमान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** वैश्विक स्तर पर आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति की स्वीकार्यता बढ़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह से योग के साथ पूरे विश्व को जोड़ा है, उसी तरह आयुर्वेद को भी वैश्विक मान्यता दिलान का विजन है। इसी विजन को पूरा करने के लिए देश का पहला श्रीकृष्णा आयुष विश्वविद्यालय सार्थक भूमिका निभाएगा। विश्वविद्यालय में आयुष के क्षेत्र में अत्याधुनिक अनुसंधान किए जाएंगे, जिन्हें विश्व स्तर पर मान्यता दिलाई जाएगी। श्रीकृष्णा आयुष विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के कुलपति प्रोफेसर वैद्य करतार सिंह धीमान ने बातचीत के दौरान बताया कि आयुष विश्वविद्यालय का मास्टर प्लान तैयार हो चुका है। तीन चरणों में विवि परिसर तैयार होगा। पहले चरण में 500 करोड़ की लागत से प्रशासनिक ब्लाक, कुलपति व रजिस्ट्रार आवास के साथ अत्याधुनिक रिसर्च केंद्र बनाया जाएगा। कुलपति प्रोफेसर वैद्य करतार धीमान के साथ बातचीत के प्रमुख अंश :-

**सवाल : आयुष विवि के निर्माण की क्या स्थिति है?**

**जवाब :** श्रीकृष्णा आयुष विश्वविद्यालय का मास्टर प्लान तैयार हो चुका है। राज्य सरकार की ओर से एचएसआईआईडीसी को इसका जिम्मा सौंपा गया है। निर्माण पर 1300 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। तीन चरणों में विवि



का निर्माण होगा। पहले चरण में बनने वाले कैंपस की ड्राइंग भी तैयार हो चुकी है। पहले चरण में प्रशासनिक ब्लाक, कुलपति-रजिस्ट्रार के साथ आयुष पर अत्याधुनिक रिसर्च केंद्र, आयुर्वेद अस्पताल, स्टाफ आवास कैंपस के साथ आयुर्वेदिक पीजी कालेज भवन तैयार होगा।

**सवाल : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आयुष के साथ आमजन को जोड़ने का विजन है, विवि की इस दिशा में क्या भूमिका निभा रहा है?**

**जवाब :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है कि हर व्यक्ति आरोग्य रहे। आमजन को आरोग्य रखने के लिए आयुष विश्वविद्यालय की ओर से जागरूकता कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही आयुर्वेदिक अस्पताल में लोगों को खाना-पान के लिए आहार-पोषण का पूरा चार्ट तैयार करके दिया जा रहा है। यही नहीं, विश्वविद्यालय कैलेंडर में ऋतुओं के अनुसार आहार-पोषण का पूरा ब्योरा दिया जाता है।

**सवाल : आयुष विश्वविद्यालय में दाखिले और नए कोर्सों की क्या स्थिति है?**

**जवाब :** आयुष विश्वविद्यालय में पीजी कोर्सों के साथ पीएचडी और आयुर्वेद से जुड़े विषयों में डिप्लोमा कराए जा रहे हैं। इनमें डिप्लोमा फामेर्सी, पंचकर्मा व योग शामिल हैं।

**सवाल : दैनिक दिनचर्या में योग की भूमिका लगातार बढ़ रही है, विवि की ओर से इस दिशा में क्या कदम उठाए गए हैं?**

**जवाब :** जी हां, दैनिक दिनचर्या में योग की भूमिका लगातार बढ़ रही है। योग के जरिये न केवल व्यक्ति आरोग्य हो रहा है, बल्कि कई असाधरण बीमारियों को भी योग हरा रहा है।

# किसानों व मत्स्य को भी सहकारिता समितियों के साथ जोड़ा जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत, (कमाल हुसैन )** केंद्र सरकार द्वारा संचालित की जा रही सहकारिता समृद्धि स्कीम को लेकर सोमवार को जिला सचिवालय में ज्वाइंट वर्किंग कमेटी की बैठक अतिरिक्त उपायुक्त डॉ.पंकज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ने सहकारिता समृद्धि स्कीम के तहत कुछ आवश्यक दिशानिर्देश भी अधिकारियों को दिए। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि सहकारिता समृद्धि स्कीम केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी स्कीमों में से एक है। इसमें समितियों को



बहुउदेशीय बनाना और समितियों के आधार ढांचे को मजबूत करना प्रमुख है। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में संचालित की जा रही समितियों के कारोबार को बढ़ाना आधुनिकीकरण और कम्प्यूटरीकरण करना व प्रति स्पृद्धि सहकारी समिति बनना सहकारिता समृद्धि स्कीम का उददेश्य है।

अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि राज्य सरकार की एसओपी आने के पश्चात नई सोसाइटियों का गठन होगा।

# आधुनिक जियो ट्यूब तकनीक से ट्रीट होंगे प्रयागराज के सभी 22 अनटैप्ड नाले



**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रयागराज: प्रयाग** में 13 जनवरी से लेकर 26 फरवरी तक दुनिया के सबसे बड़े समागम महाकुम्भ का आयोजन होने जा रहा है। इसे लेकर तैयारियां अपने अंतिम दौर में हैं। सीएम योगी की प्रेरणा से इस बार महाकुम्भ को दिव्य-भव्य के साथ स्वस्थ और सुरक्षित महाकुम्भ बनाने में कोई कसर बाकी नहीं रखी जा रही है। यूपी जल निगम, नगरीय ने प्रयागराज के सलोरी में जियो ट्यूब तकनीक आधारित ट्रीटमेंट प्लांट लगाया है, जो शहर के सभी अनटैप्ड 22 नालों के अपशिष्ट जल का शोधन करेगा। इससे गंगा के जल को स्वच्छता के मानकों के अनुरूप निर्मल व अविरल बनाने में मदद मिलेगी। सलोरी में 55 करोड़ रुपये की लागत से लगा ट्रीटमेंट प्लांट महाकुम्भ में करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु गंगा-यमुना-सरस्वती के संगम में पवित्र स्नान करने आते हैं। लेकिन, 2019 के पहले के माघ और कुम्भ मेलों में संगम के दूषित जल में स्नान करने के लिए उन्हें बाध्य होना पड़ता था। सीएम योगी के निर्देशानुसार इस बार महाकुम्भ में किसी भी नाले या सीवेज से अनट्रीटेड अपशिष्ट जल का दूषित पानी पवित्र नदियों में नहीं गिराया जाएगा। उनके निर्देशों के मुताबिक जल निगम, नगरीय ने प्रयागराज के सभी अनटैप्ड 22 नालों के ट्रीटमेंट के लिए जियो ट्यूब तकनीकी आधारित ट्रीटमेंट प्लान, सलोरी में लगाया है। इस बारे में अधिशासी अभियंता सौरभ कुमार ने बताया कि 55 करोड़ रुपये की लागत से बने इस ट्रीटमेंट प्लांट का अभी ट्रायल रन चल रहा है जो कि 01 जनवरी से अपनी पूरी क्षमता से कार्य करने लगेगा।

जियो ट्यूब तकनीक जलीय जीवन के संरक्षण में भी मददगारजल निगम, नगरीय के अधिशासी अभियंता सौरभ कुमार ने बताया कि जियो ट्यूब तकनीकि सीवेज वाटर ट्रीटमेंट की आधुनिक तकनीक है। इसमें सीवेज वाटर की 40 से 50 फीसदी बीओडी लेवल और लगभग 80 प्रतिशत टीएसएस जियो ट्यूब्स में ही ट्रीट कर लिया जाता है। इसके बाद इस ट्रीटेड पानी को हाइड्रोजन पैरॉक्साइड से शोधित कर उसका ओजोनाइजेशन किया जाता है।

उन्होंने बताया कि इस ट्रीटमेंट प्लांट में क्लोरीनाइजेशन की जगह ओजोनाइजेशन किया जाता है। क्योंकि ट्रीटेड पानी में अधिक मात्रा में घुला क्लोरीन जलीय जीवों के लिए नुकसानदेह होता है। ओजोनाइजेशन से सभी तरह के फीकल बैक्टीरिया मर जाते हैं, फिर इस ट्रीटेड वॉटर को नदियों में छोड़ा जा सकता है। इसकी चौबीसों घंटे ओसीईएमएस तकनीकी से आनलाईन मॉनिटरिंग होती रहती है। सीएम योगी ने 12 दिसम्बर के अपने प्रयागराज दौरे पर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया था और महाकुम्भ के दौरान किसी भी तरह की समस्या उत्पन्न न होने के निर्देश भी दिये थे।

# बेटे ने प्रेमिका संग मिलकर कर दी पिता की हत्या

## जायदाद में हिस्सा देने से मना करने पर बेटे ने दिया वारदात को अंजाम



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ: निगोहां** थाना क्षेत्र में कुएं में मिले वृद्ध के शव के मामले का पुलिस ने सोमवार को खुलासा कर दिया है। सम्पत्ति में हिस्सा न मिलने पर बेटे ने प्रेमिका के साथ मिलकर वृद्ध पिता की हत्या कर दी थी। डीसीपी केशव कुमार ने पत्रकारों को बताया कि 12 दिसम्बर को गांव रामपुर गढ़ी में ट्यूबवेल के कुएं में गांव निवासी रामू रावत का शव मिला था। बेटी रमावती ने पुलिस को दी तहरीर में पिता की हत्या का शक जताते हुए अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस की तीन टीमें मामले की जांच कर रही थीं। इस दौरान पुलिस ने रामपुर गढ़ी गांव निवासी धर्मेश और मुहारी खुर्द नवीखेड़ा निवासी संगीता को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपित धर्मेश ने बताया कि कई सालों से वह पिता से अलग मां के साथ अपने ननिहाल में रह रहा था। रामू अपने बेटे को अपनी जमीन में हिस्सा नहीं देना चाहता था। धर्मेश के संगीता से प्रेम सम्बंध थे। उसने योजना बनाई कि वह संगीता को अपने पिता से करीब करवाकर सारी जमीन उसके नाम दर्ज करवा लेगा। इसके लिए उसने संगीता को दस बिस्वा जमीन उसे देने का लालच भी दिया। एक माह पूर्व उसने संगीता की फोन पर रामू से बात भी कराई। 12 दिसम्बर को वह संगीता को अपने पिता रामू से मिलवाने के लिए ट्यूबवेल पर ले गया। कुछ समय बाद जमीन अपने नाम करवाने को लेकर धर्मेश का अपने पिता से विवाद हो गया। दोनों में मारपीट होने लगी। इस दौरान संगीता और धर्मेश ने मिलकर रामू को कुएं में धकेल दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### विकास नगर में अचानक धंस गयी सड़क, नगर निगम ने आरम्भ कराया मरम्मत कार्य

**लखनऊ**
**लखनऊ** में विकास नगर क्षेत्र में लेबर अड्डा के पास अचानक से छह मीटर गहराई में सड़क धंस गयी। जिसके बाद आनन फानन में जलकल विभाग एवं नगर निगम ने मौके पर पहुंच कर गड्ढा भरने और सड़क मरम्मत का कार्य आरम्भ कराया है। सड़क धंसने की घटना के सम्बंध में प्रशासनिक जांच में सामने आया है कि नगर निगम और जलकल विभागों की क्षतिग्रस्त हुई सीवर लाइन से निरन्तर हुये रिसाव और मार्ग की लेपित सतह के नीचे के ?विटी बन जाने व मिट्टी की कटान के कारण अचानक छह मीटर गहराई तक मार्ग धंस गया। नगर निगम के आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने कहा कि सड़क धंसने वाली जगह पर जलकल विभाग द्वारा सीवर लाइन मरम्मत का कार्य करा के सड़क बनवायी जा रही है। इस मार्ग पर लगभग 1750 मीटर लम्बाई में अमृत योजना के अन्तर्गत लगभग चौदह वर्ष पूर्व सीवर लाइन डालने का कार्य कराया गया था। इसी मार्ग पर माह जुलाई में पावर हाउस के पास क्षतिग्रस्त सीवर लाइन के कारण मार्ग धंस गया था। वहीं प्रमुख सड़क धंसने के बाद लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को लोगों ने घेरा, लेकिन उनकी ओर से स्पष्टीकरण में बताया गया कि इस सीवर लाइन का रोबोट सर्वे जलकल की कार्यदायी संस्था में सुएज इण्डिया लिमिटेड ने किया था। सीवर लाइन अत्यन्त ही जर्जर होने के बाद सड़क दुर्घटना हुई सामने आयी है।

### बहु प्रतिक्षित बीएससी लैब का कुलपति ने किया उद्घाटन

**अयोध्या**
**डॉ.** राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने परिसर में संचालित बीएससी पाठ्यक्रम के छात्रों की प्रयोगात्मक लैब की बहु प्रतीक्षित मुराद पूरी की। सोमवार को परिसर के दीक्षा भवन में संचालित बीएससी पाठ्यक्रम के प्रयोगात्मक लैब का उद्घाटन कुलपति प्रो. गोयल द्वारा फीता काटकर व नारियल फोड़कर किया गया। मौके पर बीएससी पाठ्यक्रम के समन्वयक प्रो. चयन कुमार मिश्र, विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. संत शरण मिश्र व सहायक अभियंता आरके सिंह मौजूद रहे। मालूम हो कि परिसर में बीएससी पाठ्यक्रम संचालित है। इन पाठ्यक्रम के छात्रों को प्रायोगिक कार्य के लिए एमएससी पाठ्यक्रम के लैब पर अवतक निर्भरता थी। कुलपति प्रो. गोयल ने छात्रों व शिक्षकों की मांग को दृष्टिगत रखते हुए पूरी की। उन्होंने बताया कि यह लैब मानकों को परिपूर्ण करते हुए शीघ्र ही बनकर तैयार हो जायेगी। परिसर के छात्र सैद्धांतिक के साथ व्यावहारिक ज्ञान भी अर्जित करने में सक्षम हो पायेंगे। कुलपति ने शिक्षकों से कहा कि इस लैब को उत्कृष्ट स्तर का लैब बनायें, जिससे आधुनिक वैज्ञानिक शोध गतिविधियों में छात्र-छात्राओं को मदद मिल सके।

### मिलावटी खाद्य पदार्थ बनाने व बेचने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

**बागपत**
**बागपत** कलेक्ट्रेट सभागार में मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ कड़ी कारवाई को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में टीम गठित की गई है। यह टीम भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के मानकों को लेकर कारवाई करेगी। दिल्ली एनसीआर क्षेत्र के बागपत जनपद से लाखों करोड़ों का खाद्य व्यापार दिल्ली से होता है। बागपत से तैयार माल दिल्ली जाता है और दिल्ली से माल बागपत भी आता है। लेकिन खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर स्थिति बेहद खराब है। जिसकी चिंताओं को देखते हुए सोमवार को बागपत कलेक्ट्रेट सभागार में एक बैठक आयोजित की गई है। भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण, नई दिल्ली की जरूरतों को देखते हुए यह बैठक हुई है। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मिलावटी खाद्य सामग्री विक्रय करने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। गठित टीम लगातार जनपद में छापामारी का काम करेगी। खाद्य पदार्थ बेचने वालों को साफ-सफाई का ध्यान भी रखना होगा।

### संभल के मंदिर परिसर में खुदाई, कुएं से मिलीं तीन खंडित मूर्तियां

**संभल: उत्तर प्रदेश** के संभल जिले में मिले प्राचीन शिव मंदिर परिसर में मौजूद कुएं की करीब 20 फुट तक खुदाई की गयी। इस दौरान तीन खंडित मूर्तियां मिली हैं। ये मूर्तियां मां पार्वती, भगवान गणेश और कार्तिकेय की हैं। जिला प्रशासन अब कुएं की खुदाई की जिम्मेदारी भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को देने की तैयारी में है। फिलहाल कुएं को जाल से ढक दिया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीश चंद्र ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि शिव मंदिर के बगल में एक कुआं मिला है, जिसकी करीब 20 फुट तक खुदाई की जा चुकी है।

# पंचायत में की गौ भक्तों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा। मथुरा** वृंदावन रोड स्थित पीएमश्री के जंगलों में मिले मिले गोवंश के अवशेषों को लेकर विरोध कर रहे गौ भक्तों पर हुई कार्यवाही के मामले में हिन्दूवादी संगठनों ने एकजुटता दिखाई है। सोमवार को संगठन अनेक गौभक्त एक के नारे के साथ वृंदावन स्थित परशुराम पार्क पर एक मंच एक पर एकजुट हुए सैकड़ों गौ भक्तों ने प्रशासन की कार्यवाही पर नाराजगी जाहिर कर गौ भक्तों की रिहाई और मुकदमे को खत्म करने की मांग की। इस दौरान मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। नगर के परशुराम पार्क में हुई बैठक में सहभागिता करने आए गौ भक्त विद्व बजरंगी ने कहा कि गौ माता की दुर्दशा को लेकर गौ भक्त जब चार घंटे तक प्रशासनिक अधिकारियों का इंतजार कर रहे थे तो प्रशासनिक अधिकारियों को आने के बाद लाठीचार्ज करने की आवश्यकता नहीं थी। गौ भक्त तो खुद ही अधिकारियों के आने की मांग कर रहे थे। उनके आने के बाद तो मामला स्वयं ही शांत हो जाता। वहीं गौभक्त विकास पंडित ने कहा कि गौभक्त कभी भी जाम नहीं लगाते है। उस दौरान कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा माहौल बिगाड़ने का काम किया गया था। जिसके चलते मजबूरन प्रशासन को लाठी चार्ज करना पड़ा। अगर प्रशासन द्वारा उनकी मांगों को पुरा नहीं किया गया तो सन्त, महंत व धमार्चायों का जो आदेश मिलेगा उसी के आदेश पर गौ भक्त कार्य करेंगे। इस दौरान बैठक में सहभागिता करने आए गौ भक्त विद्व बजरंगी ने सड़क पर आकर जय श्रीराम व जय गौमाता के जयकारे भी लगाए। इस दौरान एहतियात के तौर पर सुरक्षा के दृष्टिगत थाना जैंत और वृंदावन मौके पर भारी पुलिस बल मौजूद रहा। इस दौरान भागवत प्रवक्ता मनोज मोहन शास्त्री, मृदुल कांत शास्त्री, संजय पाराशर, मनीष पांडेय, आचार्य बद्रीश,पंकज शास्त्री, सुमंत कृष्ण शास्त्री,नीरज गौड़, श्याम सुंदर गौतम, रामबाबू शर्मा,पंकज दुबे ब्रजदत्त, चंद्रलाल शर्मा आदि के अलावा आसपास के इलाकों से आए सैकड़ों गौ भक्त मौजूद रहे।




> यहां पंचायत की गई है। हम लोग शांति व्यवस्था के लिए यहां हैं। शांति व्यवस्था बन कर रखी जा रही है और बाकी उनकी जो मांग हैं उनके सम्बंध में उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया जाएगा। सब को अधिकार है वह अपनी बात रख सकते हैं। आयोजन की अनुमति है या नहीं इसकी जांच की जाएगी।
> **-संदीप सिंह, सीओ सदर**

# यातायात नियमों के उल्लंघन पर एक लाख 58 हजार 989 चालानों का जुर्माना

## जुर्माना जमा न करने वालों वाहनों के चालान कोर्ट भेजे जा रहे हैं : पुलिस अधीक्षक यातायात

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुरादाबाद: यातायात** नियमों का उल्लंघन करने पर इस साल एक लाख 58 हजार 989 चालानों का 42 करोड़ 11 लाख नौ हजार दो सौ रुपये वाहन चालकों पर बकाया हैं। पुलिस अधीक्षक यातायात सुभाष चंद्र गंगवार ने सोमवार को बताया कि जुर्माना जमा न करने वाले वाहनों के चालान कोर्ट भेजे जा रहे हैं। कोर्ट के माध्यम से पहुंचते ही आरोपित जुर्माना जमा कराना प्रारम्भ कर देंगे। जनपद में इस साल के ग्यारह माह में यातायात नियम तोड़ने वालों ने पिछले पांच साल के रिकार्ड तोड़ दिए। पिछले साल इन 11 माह में डेढ़ लाख वाहनों के चालान किए गए। लेकिन इस बार एक जनवरी से 30 नवम्बर तक एक लाख 82 हजार 487 चालान किए गए। इनमें 23,932 चालानों के दो करोड़ 38 लाख 35 हजार 100 रुपये जमा किए गए हैं। जबकि एक लाख 58 हजार 989 चालान पेंडिंग है। इन चालानों पर 42 करोड़ 11 लाख 23 हजार 932 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। कई बार नोटिस भेजे जाने के बाद भी वाहन चालक जुर्माना जमा नहीं कर रहे हैं। यातायात पुलिस की ओर से इन्हें नोटिस भी गए हैं, लेकिन जुर्माना जमा नहीं किया गया। अब इनके चलान कोर्ट भेजे गए हैं।

### बीजेपी होली गेट मंडल अध्यक्ष चुनाव संपन्न

**मथुरा। भारतीय** जनता पार्टी महानगर होली गेट मंडल अध्यक्ष चुनाव का भाजपा कार्यालय जुबली पार्क में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। इस चुनाव में कुल 15 लोगों ने मंडल अध्यक्ष के पद के लिए नामांकन किया। जिम्मेदारी मंडल चुनाव अधिकारी हरेंद्र चौधरी ने संभाली, जो वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा में महानगर उपाध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं।उनके साथ महानगर से सह चुनाव अधिकारी कुंज बिहारी चतुर्वेदी व महानगर मंत्री राजेंद्र पटेल मौजूद थे। सह चुनाव प्रभारी कुंज बिहारी चतुर्वेदी ने बताया भारतीय जनता पार्टी संगठनात्मक चुनावों में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए पूरी तरह से सक्रिय है।

# गढ़सौली में हुई भाकियू अराजनैतिक की बैठक

## 18 से 30 दिसंबर के बीच दोनों मंडलों के जिलों में होगा जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन-राजकुमार तोमर



**लोकेश चौधरी**
**मथुरा। किसानों की** समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के मंडल कैंप कार्यालय गढ़सौली मथुरा में अलीगढ़ आगरा मंडल के समस्त जिला अध्यक्षों व वरिष्ठ पदाधिकारी की एक आवश्यक मीटिंग मंडल अध्यक्ष आगरा अलीगढ़ राजकुमार तौमर की अध्यक्षता में बुलाई गई। जिसमें किसानों की समस्याओं को लेकर जिलाधिकारियों को अब तक दिए गए ज्ञापनों में समस्या के समाधान न होने को लेकर सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि आगरा और अलीगढ़ मंडल के सभी जिलों में 18 से 30 दिसंबर के बीच सभी जिलों के जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन कर जिलाधिकारीयों का घेराव किया जाएगा और संबंधित जिलाधिकारी से पूर्व में दिए गए ज्ञापनों द्वारा समस्याओं के बारे में अवगत कराया गया था उनके समाधान के लिए वार्ता की जाएगी। मीटिंग में पदाधिकारियों को अनुशासित रखने के लिए मंडल स्तरीय अनुशासन कमेटी का गठन किया गया। जिलाध्यक्ष मथुरा सोनवीर चौधरी जिलाध्यक्ष आगरा दीपक तौमर जिलाध्यक्ष फिरोजाबाद पुष्पेन्द्र यादव जिलाध्यक्ष मैनपुरी नवनीत जिलाध्यक्ष कासगंज संजय प्रजापति जिलाध्यक्ष हाथरस निधिराज जिलाध्यक्ष इटावा मदनलाल यादव युवा मंडल अध्यक्ष आगरा मोहित यादव युवा जिलाध्यक्ष अलीगढ़ योगेश तौमर राष्ट्रीय सचिव जीतकमल सिंह सोलंकी प्रदेश सचिव सोवरन सिंह आदि मौजूद रहे।

### चार अंतरराज्यीय मोटरसाइकिल चोर दबोचे

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा। थाना** गोविन्दनगर पुलिस ने चार शातिर मोटर साइकिल चोरों को चोरी की मोटरसाइकिल, एक पिस्टल व अन्य उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया है। समीर कुरैशी पुत्र अफजाल कुरैशी निवासी नई मस्जिद के पास राधेश्याम कालौनी थाना गोविन्दनगर, नसीम खान पुत्र निम्मे खान निवासी सदर बाजार मुकेरियान मौहल्ला मस्जिद वाली गली थाना सदर बाजार जनपद मथुरा हाल पता गणेश टीला जयसिंहपुरा थाना गोविन्दनगर, फैजान कुरैशी पुत्र जान मोहम्मद निवासी नई बस्ती बद्रीनगर डीग गेट थाना गोविन्दनगर जनपद मथुरा हाल पता कन्कोर टीला के पास राधेश्याम कॉलोनी किराये का मकान चुन्ना थाना गोविंद नगर को गिरफ्तार किया।

# केशव धाम नवीन चिकित्सालय का हुआ उद्घाटन


**मथुरा। केशव** नगर स्थित केशव प्राकृतिक एवं योग संस्थान परिसर में यज्ञ एवं भूमि पूजन कार्यक्रम वेद मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। कार्यक्रम के संबोधित से पहले भारत माता के चित्रपट पर दीप प्रज्वलित एव पुष्पार्चन कर शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि सह सरकार्यवाह आलोक जी ने कहा केशव प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग संस्थान का केशव नगर में भूमि पूजन किया गया जिससे रोग बनने पर शरीर को भोजन देना बंद करना चाहिए अर्थात उपवास चिकित्सा करनी चाहिए रोग को पोषण देना बंद करेंगे तो शरीर स्वयं अपने आपको रोग मुक्त कर लेगा। रोगों से बचना है सफेद चीजें जैसे नमक, चीनी,मैदा, आदि बंद कर देना चाहिए यह सफेद जहर है आशीर्वचन पू.अनन्तवीर दास महाराज ने कहा कभी भी चेतन वस्तु जड़ में नही रहती है यह चेतन वस्तु हमारी दिनचर्या को आजीवन रिकार्ड करती है मृत्यु के समय व्यक्ति की जैसी भावना है अगला जन्म उसी के अनुरूप प्राप्त होता है शरीर के रोगो का मूल कारण है हमारा आहार, प्राकृतिक चिकित्सा में इसी बात पर ज्यादा जोर दिया जाता है कि हमारा आहार कैसा हो ।यदि आहार शुध्द कर लिया तो रोग स्वतरूसमाप्त होने शुरु हो जायेगे। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉक्टर सचिन गुप्ता ने कहा यह बहुत गर्व और आवश्यकता का विषय है कि केशव धाम नवीन चिकित्सालय का निर्माण कर रहा है स्प्रिचुयल टूरिज्म के क्षेत्र मैं केशवधाम का यह प्राकृतिक चिकित्सालय मील का पत्थर साबित होगा । केशव धाम के मंत्री सतीश अग्रवाल ने बताया कि केशवधाम निरन्तर सेवा प्रकल्प का संचालन करता आ रहा है उसी क्रम में आज प्राकृतिक चिकित्सालय का भूमि पुजन है। यह चिकित्सालय भविष्य में प्राकृतिक चिकित्सा की विश्व स्तरीय स्तरीय सुविधाएं प्रदान करेगा केशवधाम निदेशक ललित कुमार ने कहा ने कहा इस प्राकृतिक चिकित्सालय के आधुनिक भवन बनने से ऐसे सभी रोगी जो इलाज हेतु बैंगलोर जाते है । अब उन्हे बैंगलोर जाने कि आवश्यकता नही पडेगी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 259204 वादों का निस्तारण

**मथुरा। जनपद** न्यायालय मथुरा में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस राष्ट्रीय लोक अदालत की अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मथुरा आशीष गर्ग द्वारा की गई। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय आशीष जैन, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना प्रतिकर न्यायाधिकरण राकेश कुमार त्रिपाठी, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत अभिषेक पाण्डेय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मथुरा सुरेन्द्र प्रसाद, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उत्सव गौरव राज, अध्यक्ष बार एसोसिएशन प्रदीप कुमार शर्मा, सचिव बार एसोसिएशन शिवकुमार लवानिया सहित समस्त न्यायिक अधिकारी, कर्मचारी, अधिवक्ता, बैंक, मोबाइल, फाइनेंस कंपनियों के अधिकारी, वादकारी, पराविधिक स्वयंसेवक, लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल आदि उपस्थित रहे। राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश आशीष गर्ग द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में जिला मुख्यालय, कलेक्ट्रेट, तहसील स्तर पर कुल 326074 वाद निस्तारण के लिए नियत किये गये, जिनमें से 259204 वादों का निस्तारण किया गया। आशीष गर्ग जनपद न्यायाधीश, मथुरा द्वारा पांच फौजदारी वाद, एक आर्बिटेशन वाद तथा 42 सिविल वादों का निस्तारण किया गया।

# वर्षों से सूखी पड़ी माइनर में आया पानी तो डूब गई फसल

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा। वर्षों** से सूखी पड़ी माइनर में अचानक पानी आने से टेल के खेत जलमग्न हो गये। सदर तहसील की ग्राम पंचायत ऊंचा गांव के किसानों की खेती ऊंचा माइनर के पास है रविवार की रात्रि में आगरा कैनाल में अत्यधिक पानी आने से 20 बीघा खेती जल मग्न हो गयी। ग्रामीणों का कहना है कि लगभग 30 वर्षों से माइनर की सफाई नहीं हुई है। आगरा केनाल और ऊंचा माइनर में पुलिया तो बना दी गयी है परन्तु पानी की रोक के लिए लख्ता एवं गेट नहीं लगाया गया है। किसान हरिया, अनीता योगेश, ज्ञानी,



रामजीलाल, सोदान सिंह, अमर सिंह, धर्मपाल, आदि ने प्रशासन से गुहारलगायी है कि आगरा कैनाल में पानी कम छोड़ा जाये। जिन किसानो की फसल जल मग्न हुई है सर्वे कराकर मुआवजा दिया जाये। किसानों को यह डर हमेशां बना रहता है कि माइनर में ठीक से पानी आया तो उनके खेत जलमग्न हो जाएंगे।

# विवेक एकेडमी ने पेनाल्टी शूटआउट में एलबीएस को हराकर जीता खिताब

**टीम एक्शन इंडिया**
**वाराणसी: जनपदीय** जूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता के खिताबी मुकाबले में विवेक एके-डमी ने पेनाल्टी शूटआउट में एलबीएस को 4-3 से हरा दिया। उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय एवं क्षेत्रीय खेल कार्यालय के तत्वावधान में लालपुर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर क्रीड़ा संकुल में आयोजित फाइनल प्रतियोगिता में शुरूआती दौर से ही दोनों टीमों ने आक्रामक रणनीति अपनाई। और एक दूसरे पर गोल करने के कई अवसर मिले , लेकिन दोनों टीमों की मजबूत रक्षापंक्ति में आड़े आई। खेल के 20वें मिनट में एलबीएस की रोशनी पटेल , जानवी मौर्या और अनु पाल की आपसी तालमेल से टीम ने विवेक एकेडमी के गोलपोस्ट पर आक्रमणों की झड़ी लगा दी, लेकिन गोलकीपर दीपांजलि ने शानदार बचाव कर अपनी टीम पर आए खतरे को टाल दिया । एलबीएस की लेफ्ट इन मोनिका गुप्ता ने खेल के 35वें मिनट में विपक्षी गोलकीपर को चकमा देने में सफल रही, मगर खाली गोलपोस्ट में गेंद न डाल कर शूट बाहर मार दिया । एलबीएस को बढ़त दिलाने में नाकाम रहीं । निर्धारित समय तक दोनों टीमें गोल रहित बराबरी पर रहीं । निर्णय के लिए पेनाल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया । जिसमें विवेक एकेडमी ने एलबीएस को 4-3 से हराकर खिताब अपने नाम किया । विवेक एकेडमी की ओर से सोनाली , शालू , यशस्वी पाण्डेय , अंशिका तथा एलबीएस की ओर से जानवी मौर्या , अनु पाल व कोमल मौर्या ने गोल किया । मैच में आस्था यादव, लक्ष्मी , अनु पाल, प्राची , तंशु , कोमल और आंचल ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया ।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 17 दिसंबर 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP
Rakesh Bharadwaj Group




# दंगों में 97 से 99 फीसदी तक आई कमी: सीएम

## 1947 से अब तक संभल में 209 हिंदुओं की हुई हत्या: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**सरकार का पक्ष**

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शीतकालीन सत्र में रखा सरकार का पक्ष**

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र में अपनी बातें रखते हुए विपक्ष को आईना दिखाया। मुख्यमंत्री ने एनसीआरबी डेटा के आंकड़ों के मुताबिक बताया कि 2017 से लेकर अब तक प्रदेश में सांप्रदायिक दंगों में 97 से 99 फीसदी तक की कमी आई है। 2017 से अब तक यूपी में दंगे नहीं हुए हैं, जबकि 2012 से 2017 (सपा कार्यकाल) तक प्रदेश में 815 सांप्रदायिक दंगे और 192 लोगों की मौत हुई। 2007 से 2011 के बीच 616 सांप्रदायिक घटनाएं हुईं, इसमें



121 लोगों की मौत हुई।
सीएम योगी ने कहाकि आखिर तथ्यों को छिपाकर कब तक जनता को गुमराह करेंगे। संभल में माननीय न्यायालय के आदेश पर सर्वे हो रहा था। जयश्रीराम सांप्रदायिक संबोधन नहीं है। राम के बिना हमारा कोई काम ही नहीं है। यदि जयश्रीराम बोलने पर उत्तेजना से नीयत सभी लोग समझ सकते हैं।

**कुंदरकी की जीत को वोट की लूट कहना सदस्य का अपमान**

सीएम ने कहा कि कुंदरकी की जीत वोट की लूट कहना सदस्य का अपमान है। वहां सपा के प्रत्याशी की जमानत जब्त हो गई। आज डिजिटल मीडिया का समय है। वहां का पठान और शेख कह रहा है कि हमारे पूर्वज हिंदू थे। आपके पूर्वज भी हिंदू थे। यह देशी-विदेशी मुसलमानों की आपसी भिड़ंत है, जो वर्चस्व की लड़ाई को लेकर चल रही है। सपा पर हमलावर योगी ने कहा कि सच पर पर्दा डालने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन सूर्य, चांद और सत्य को बहुत देर तक कोई छिपा नहीं सकता, सत्य जल्द सामने आएगा। सीएम ने नेता प्रतिपश्र के बयान पर कहा कि बाबर नामा भी कहता है कि हरिहर मंदिर को तोड़कर ढांचा खड़ा किया गया।

### संभल में 1947 से लगातार माहौल खराब किया

19 नवंबर, 21 नवंबर व 24 नवंबर को सर्वे कार्य चल रहा था। सर्वे के दौरान पहले दो दिन शांतिभंग नहीं हुई। 23 नवंबर को जुमे की नमाज के पहले और दौरान जिस प्रकार की तकरीरें दी गईं, उसके बाद माहौल खराब हुआ, उसके बाद की स्थितियां सबके सामने हैं। हमारी सरकार ने पहले ही कहा है कि हम ज्यूडिशियल एक्ट बनाएंगे, जो एक्ट के अंदर बना है। सदन में उसकी रिपोर्ट आएगी, तब दूध का दूध, पानी का पानी होगा। सीएम ने कहाकि संभल में माहौल खराब किया गया। 1947 से अनवरत दंगे प्रारंभ हुए। 1947 में एक मौत और 1948 में छह लोग मारे जाते हैं। 1958-1962 में दंगा, 1976 में पांच लोगों की मौत हुई थी। 1978 में 184 हिंदुओं को सामूहिक रूप से जला दिया गया था। अनवरत कई महीनों तक कर्फ्यू लगा। 1980-1982 में दंगा और एक-एक की मौत हुई। 1986 में चार लोग मारे गए।1990-1992 में पांच, 1996 में दो मौत हुई। लगातार यह सिलसिला चलता रहा।

**निर्दोष हिंदुओं के लिए दो शब्द तक इनके मुंह से नहीं निकले**


सीएम ने कहा कि 1947 से अब तक संभल में 209 हिंदुओं की हत्या हुई और एक भी बार निर्दोष हिंदुओं के लिए दो शब्द नहीं कहे। घड़ियाली आंसू बहाने वाले लोग निर्दोष हिंदुओं केबारे में दो शब्द नहीं कहे। 1978 में जो दंगा हुआ, एक वैश्य ने सबको पैसा उधार दे रखा था।

पुराण भी कहता है कि श्रीहरि विष्णु का दसवां अवतार संभल में होगा। माननीय न्यायालय के निर्देश पर डीएम व एसपी शांतिपूर्ण तरीके से सर्वे को संपन्न कराते हैं।

# मेक इन इंडिया' अभियान का नया अध्याय: ग्लोबल स्किल्स पार्क ने रचा इतिहास

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मेक इन इंडिया अभियान में मध्य प्रदेश ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क ने वंदे भारत ट्रेन के लिए बीएचईएल द्वारा सौंपे गए उच्च गुणवत्ता वाले बियरिंग पार्ट्स का सफलतापूर्वक निर्माण कर यह साबित कर दिया है कि राज्य देश का तकनीकी केंद्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। जनसम्पर्क अधिकारी बबीता मिश्रा ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व और कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल के मार्गदर्शन में भोपाल स्थित ग्लोबल स्किल्स पार्क ने बियरिंग पार्टस निर्माण के प्रोजेक्ट को समय पर पूरा करने में सफलता हासिल की है, साथ ही अपनी तकनीकी क्षमता को भी सिद्ध किया है। बियरिंग पार्टस निर्माण की इस




**मानक**

**हमारे युवा औद्योगिक मानकों को पूरा करने और वैश्विक प्रतिस्पर्धा का सामना करने में पूरी तरह सक्षम**

परियोजना में अत्याधुनिक 3-एक्सिस और 5-एक्सिस सीएनसी मिलिंग और टर्निंग तकनीकों का उपयोग किया गया है। ग्लोबल स्किल्स पार्क के प्रशिक्षित विशेषज्ञों और युवाओं ने पूरी दक्षता के साथ बियरिंग पाट्र्स का निर्माण उच्च गुणवत्ता के साथ किया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम भी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस उपलब्धि पर गर्व जताते हुए कहा कि यह मध्य प्रदेश के तकनीकी नवाचार और कौशल विकास के बढ़ते कदमों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल स्किल्स पार्क ने यह साबित कर दिया है कि मध्य प्रदेश न केवल तकनीकी हब बनने की ओर अग्रसर है, बल्कि यह मेक इन इंडिया अभियान को मजबूती देने वाला एक मजबूत स्तंभ भी बन रहा है। कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) टेटवाल ने कहा कि यह सफलता दशार्ती है कि हमारे युवा विश्वस्तरीय औद्योगिक मानकों को पूरा करने और वैश्विक प्रतिस्पर्धा का सामना करने में पूरी तरह सक्षम हैं।

**फास्ट न्यूज**

## रुपये में हालिया गिरावट सबसे तीव्र गिरावट नहीं है: केंद्र

नई दिल्ली: केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया कि देश के विदेशी मुद्रा भंडार (एफईआर) में हालिया गिरावट देश के इतिहास में सबसे बड़ी गिरावट नहीं है। भारतीय रुपये और विदेशी मुद्रा भंडार पर हाल में आए दबाव के लिए विभिन्न बाहरी और घरेलू कारक जिम्मेदार हैं। केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को लोकसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी। वित्त राज्यमंत्री चौधरी ने सदन को बताया कि 15 नवंबर, 2024 को समाप्त हफ्ते के दौरान इससे पिछले हफ्ते की तुलना में विदेशी मुद्रा भंडार में 2.63 फीसदी की गिरावट आई है। हालांकि, मंत्री ने कहा कि यह पिछले दो दशकों में फीसदी के लिहाज से सबसे बड़ी गिरावट नहीं है। सबसे बड़ी गिरावट 24 अक्टूबर, 2008 को समाप्त हफ्ते में दर्ज की गई थी, जब वैश्विक वित्तीय संकट के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार में 5.65 फीसदी की गिरावट आई थी। चौधरी ने कहा कि 15 नवंबर, 2024 को समाप्त हफ्ते के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार में पिछले हफ्ते की तुलना में 2.63 फीसदी की कमी आई। हालांकि, फीसदी के लिहाज से पिछले 20 वर्षों में अब तक की सबसे ज्यादा गिरावट 24 अक्टूबर, 2008 को समाप्त हफ्ते में देखी गई थी। भारत के विदेशी मुद्रा भंडार और भारतीय रुपये पर हाल ही में आए दबाव के लिए विभिन्न बाहरी और घरेलू कारक जिम्मेदार हैं। इनमें पूंजी का बहिर्वाह, डॉलर इंडेक्स में उतार-चढ़ाव, वैश्विक ब्याज दरों में वृद्धि और कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि शामिल है। वित्त राज्यमंत्री ने कहा कि इन सभी कारकों ने मिलकर भारतीय मुद्रा के लिए चुनौतीपूर्ण माहौल तैयार किया है।

# श्रमिकों को सहयोग करना सरकार की प्राथमिकता: श्रम मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना: राज्य** के श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने सोमवार को पटना में बिहार शताब्दी असंगठित कार्यक्षेत्र कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा (संशोधित) योजनाझ2024 के अंतर्गत छात्रवृति अनुदान वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि श्रम ही पूजा है। श्रमिकों के सपनों को पूरा करने में सहयोग करना सरकार की प्राथमिकता है। मंत्री ने कहा कि प्रोत्साहन राशि के वितरण से बच्चों का मनोबल बढ़ेगा और वे अपने सपनों को पूरा करने में सक्षम होंगे। साथ ही विभाग के जरिए अन्य वित्तीय सहायता का लाभ उठाएंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में राशि में वृद्धि की जायेगी, जिसके लिए मंत्री परिषद् से प्रस्ताव पर अनुमती प्राप्त करने की प्रक्रिया अपनायी जाये। मंत्री ने श्रमिक कल्याण योजना के लिए मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। के रूप में असंगठित क्षेत्र के कामगार एवं शिल्पकार के अधिकतम दो बच्चों को विभिन्न प्रकार के छात्रवृति अनुदान राशि भुगतान का प्रावधान है।



शीतकालीन सत्र के दौरान संसद भवन परिसर के मकर द्वार पर भाजपा सांसद कंगना रनौत।

# सुन्नी समुदाय की मस्जिद विवाद मामले में सुनवाई 24 को



**टीम एक्शन इंडिया**

**नैनीताल: हाईकोर्ट ने** उत्तरकाशी के भटवारी रोड स्थित सुन्नी समुदाय की मस्जिद विवाद के मामले में मस्जिद की सुरक्षा को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई के बाद मामले की अगली सुनवाई के लिए 24 दिसम्बर की तिथि नियत की है। राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि वहां पर कानून व्यवस्था बनाई गई है। जबकि याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कोर्ट को अवगत कराया कि अभी भी वहां मुस्लिम समुदाय के खिलाफ नफरत भरे भाषण दिए जा रहे हैं। एसपी व जिलाधिकारी भाषण देने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने में असफल हो रहे हैं। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी एवं न्यायमूर्ति पंकज

**सुनवाई**

**कोर्ट को अवगत कराया कि अभी भी वहां मुस्लिम समुदाय के खिलाफ नफरत भरे भाषण दिए जा रहे हैं**

पुरोहित की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। मामले के अनुसार उत्तरकाशी के अल्पसंख्यक सेवा समिति ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि बीते 24 सितंबर से कुछ संगठनों की ओर से भटवारी रोड स्थित सुन्नी सुमदाय की मस्जिद को अवैध बताकर उसे ध्वस्त करने की धमकी दी जा रही है। जिसकी वजह से वहां दोनों समुदाय में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

# आईसीजी के जहाज 'वैभव' और 'अभिराज' मालदीव पहुंचे, होगी पेशेवर बातचीत

## दोनों जहाजों की यात्रा भारत और मालदीव के बीच समुद्री सहयोग को मजबूत करने का प्रयास

**सहयोग**

**मालदीव के बीच समुद्री सहयोग को मजबूत करने और क्षेत्र में द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण प्रयास है**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी)** के अपतटीय गश्ती पोत 'वैभव' और तीव्र गश्ती पोत 'अभिराज' सोमवार को मालदीव के माले में बंदरगाह का दौरा किया, जो हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में उनकी चल रही विदेशी तैनाती का हिस्सा है। दोनों जहाजों की यह यात्रा भारत और मालदीव के बीच समुद्री सहयोग को मजबूत करने और क्षेत्र में द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण प्रयास है। भारतीय तटरक्षक बल के कमांडर अमित उनियाल के मुताबिक मालदीव में चार दिवसीय प्रवास के दौरान आईसीजीएस वैभव और आईसीजीएस अभिराज के चालक दल मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल तटरक्षक बल (एमएनडीएफ सीजी) के साथ कई पेशेवर बातचीत में शामिल होंगे। फोकस क्षेत्रों में समुद्री प्रदूषण प्रतिक्रिया (एमपीआर), समुद्री खोज और बचाव (एम-एसएआर) और समुद्री कानून प्रवर्तन शामिल होंगे। निर्धारित गतिविधियों में क्रॉस डेक प्रशिक्षण, सहयोगी चचाएं और मैत्रीपूर्ण खेल कार्यक्रम होंगे, जो समुद्री सुरक्षा और सुरक्षा में सौहार्द और साझा उद्देश्यों की भावना को दशार्ते हैं। इसके अतिरिक्त आईसीजीएस वैभव पर सवार राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के जवान स्थानीय युवा संगठनों के सहयोग से पर्यावरण संरक्षण जागरुकता कार्यक्रम में भाग लेंगे। यह पहल भारत सरकार के 'पुनीत सागर अभियान' का हिस्सा है।

# शासन गांव की ओर 2024 अभियान, सुशासन सप्ताह में होंगे कई कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत मंत्रालय के तहत 19 से 25 दिसंबर तक 'प्रशासन गांव की ओर 2024' अभियान मनाया जाएगा।



मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने ऋषिपर्णा सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें अभियान के संचालन के लिए दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान बहुउद्देशीय शिविर, जनता दरबार, सीएम हेल्पलाइन से शिकायतों का समाधान, तहसील दिवस और सेवा का अधिकार कार्यशाला सहित कई कार्यक्रम आयोजित

# आईजीआईए से अब 150 गंतव्यों के लिए उड़ान सेवाएं उपलब्ध

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली का इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (आईजीआईए) 150 गंतव्यों के लिए उड़ान सेवाएं संचालित करने वाला देश का पहला एयरपोर्ट बन गया है। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) ने सोमवार को यह जानकारी दी। डायल ने एक बयान में बताया कि दिल्ली एयरपोर्ट 150 गंतव्यों तक संपर्क मुहैया कराने वाला देश का पहला हवाई अड्डा बन गया है। रविवार को थाई एयरएशिया एक्स ने दिल्ली और बैंकॉक-डॉन मुआंग (डीएमके) के बीच सीधी उड़ानें शुरू कीं, जो दिल्ली हवाई अड्डे से जुड़ा 150वां गंतव्य है। नए मार्ग पर हफ्ते में दो बार एयरबस अ330 विमानों के साथ संचालित होगा, जनवरी 2025 के मध्य तक आवृत्ति को सप्ताह में चार बार बढ़ाने की योजना है। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में दिल्ली एयरपोर्ट ने 20 से ज्यादा एक्सक्लूसिव इंटरनेशनल डेस्टिनेशन जोड़े हैं। इन गंतव्यों में नोम पेन्ह, बाली डेनपसार, कैलगरी, मॉन्ट्रियल, वैंकूवर, वाशिंगटन डलेस, शिकागो ओ'हारे और टोक्यो हनेडा शामिल हैं। लउल्लेखनीय है कि भारत से सभी लंबी दूरी के गंतव्यों के लिए उड़ानों में 88 फीसदी गंतव्य राजधानी दिल्ली से जुड़े हुए हैं। भारत से प्रस्थान करने वाली सभी लंबी दूरी की साप्ताहिक उड़ानों में से 56 फीसदी दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से संचालित होती हैं।

